RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 324
नई दिल्ली, बुधवार, 30 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




पालोमा फेथ पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर
विविध-12

# देश का हर 15 में से एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित

**दूसरा सीरो सर्वे**

- शहरी स्लम व गैर स्लम आबादी में तेजी से फैली महामारी, गांवों में कम असर
- हालात पर काबू पाने को 5-टी स्ट्रैटेजी-टेस्ट, ट्रैक, ट्रेस, ट्रीट और टेक्नॉलजी अपनानी होगी: केंद्र



सूरत में मंगलवार को कोविड-19 की जांच के लिए पंक्ति में लगे स्थानीय लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में 10 साल से ऊपर का हर 15वां शख्स या 8 से 9 करोड़ आबादी कोरोना की चपेट में आ चुकी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के दूसरे सीरो सर्वे में यह बात सामने आई है।

देश में कोरोना को लेकर पैदा हुए हालात और वर्तमान स्थिति की जानकारी देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर और नीति आयोग ने मंगलवार को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आईसीएमआर के डीजी बलराम भार्गव ने कहा कि सीरो रिपोर्ट में एक बड़ी आबादी के कोरोना की चपेट में आने की आशंका जताई गई है। हालात पर काबू पाने के लिए उन्होंने 5–टी स्ट्रैटिजी यानी टेस्ट, ट्रैक, ट्रेस, ट्रीट और टेक्नॉलजी को अपनाने की सलाह दी है। दूसरे सीरो सर्वे में लगभग सात प्रतिशत आबादी के कोरोना संक्रमण की चपेट में आने की बात कही गई है। यह आंकड़ा 11 सितंबर को जारी पहले सर्वे से दस गुना अधिक है। इससे पता चलता है दो सर्वे के बीच में संक्रमण बहुत तेजी से फैला है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश के 21 राज्यों के 70 जिलों के 700 गांव/वार्डों में 17 अगस्त से 22 सितंबर के बीच यह सर्वे किया गया है, जिसमें 29,082 लोगों के सैंपल लिए गए। इस सीरो सर्वे का अनुमान है कि देश में 7.1 प्रतिशत वयस्क (18 साल से ऊपर) कोरोना वायरस के संपर्क में आ चुके हैं, जबकि 10 साल से ऊपर के 6.6 प्रतिशत आबादी में वायरस फैल चुका है।

देश की आबादी लगभग 1.40 अरब है और सर्वे में दस वर्ष से कम आयु वर्ग को छोड़ दें तो दस साल या उससे ऊपर के हर 15 में से एक शख्स को अगस्त तक वायरस अपनी चपेट में ले चुका है। सबसे ज्यादा खतरा शहरी स्लम इलाकों में है। उसके बाद शहरी गैर स्लम एरिया और फिर ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण फैलने की संभावना सबसे अधिक है। सर्वे के नतीजों से पता चलता है कि शहरी मलिन बस्तियों (15.6 प्रतिशत), गैर–मलिन बस्तियों (8.2 प्रतिशत) में ग्रामीण क्षेत्रों (4.4 प्रतिशत) की तुलना में सार्स–सीओवी2 का प्रसार अधिक है। सर्वे के अनुसार पिछले एक हफ्ते से ज्यादा वक्त से महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में नए मामलों में गिरावट दिख रही है। सबसे बुरी तरह प्रभावित 5 राज्यों में सुधार के स्पष्ट संकेत के बाद कुछ अन्य राज्य भी हैं जहां कोरोना के नए मामलों में गिरावट देखी जा रही है।

ये राज्य हैं बिहार, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़ और झारखंड। सबसे ज्यादा प्रभावित 20 राज्यों में से 6 राज्य ऐसे भी हैं जहां कोरोना के नए मामले अभी भी बढ़ रहे हैं। ये राज्य हैं– पश्चिम बंगाल, ओडिशा, केरल, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश।

## नए मामलों में लगातार गिरावट से जगी उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में 31 जुलाई को कोरोना के 50 हजार से ज्यादा मामले आए। फिर 12 अगस्त को यह आंकड़ा 60 हजार को पार कर गया। वहां से बढ़ते–बढ़ते 12 सितंबर को 90,972 तक पहुंच गया और 22 सितंबर तक लगातार हर दिन 90 हजार से ज्यादा मामले सामने आते रहे। इसके बाद 23 सितंबर से नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है।

पहली बार कोरोना के मामलों में इतने लंबे समय तक लगातार गिरावट देखने को मिली है। खास यह कि इस दौरान प्रतिदिन औसत टेस्ट भी बढ़े हैं, फिर भी नए मामलों में लगातार गिरावट से उम्मीद जगी है। इसी तरह टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी 8.7 प्रतिशत से गिरकर 7.7 प्रतिशत पर आ चुका है। दूसरी तरफ केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि सितंबर महीने में देशभर में करीब तीन करोड़ कोरोना टेस्ट हुए हैं। बीते 28 सितंबर तक कुल 7.31 करोड़ से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं।

देश में प्रति 10 लाख आबादी पर टेस्ट की संख्या 50 हजार के आंकड़े को पार कर गई है। राजेश भूषण ने कहा कि प्रति 10 लाख आबादी पर मृतकों की संख्या भारत में पूरी दुनिया में सबसे कम है। मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे में देश में कोरोना के नए मामले 71 हजार से भी कम आए, वहीं मृतकों की संख्या भी 776 रही जो पिछले कई दिनों से काफी कम है। साथ ही देश में अब मरीजों के ठीक होने की दर 83.01 प्रतिशत हो चुकी है। संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की कुल संख्या 51,01,397 हो गई है। देश में अभी 9,47,576 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 15.42 प्रतिशत है।

# हाथरस गैंगरेप पीड़िता ने तोड़ा दम, उग्र विरोध-प्रदर्शन



मौत का समाचार सुनने के बाद हाथरस में विलाप करते पीड़िता के परिजन

- चौदह दिन तक जूझने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुई मौत, चारों आरोपी गिरफ्तार
- भड़के लोग और राजनीतिक दल उतरे सड़कों पर, प्रियंका-मायावती व केजरीवाल ने कहा शर्मनाक


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव में दो सप्ताह पहले सामूहिक बलात्कार की शिकार 19 वर्षीय महिला की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। बीते 14 सितंबर को अपनी मां के साथ खेतों में गई युवती लापता हो गई थी। बाद में वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली।

आरोपियों ने उसका गला घोंटने की कोशिश की थी। आरोप है कि अपराधियों ने उसकी जीभ भी काट दी थी। गंभीर हालत में उसे रविवार की रात दिल्ली इलाज के लिए लाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हाथरस के एसपी के मुताबिक अपराध में शामिल सभी चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और सभी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और एससी/एसटी एक्ट के ( शेष पेज 9 )

# हरियाणा दूसरे राज्यों से नहीं खरीदेगा मक्का और बाजरा

- मुख्यमंत्री खट्टर बोले-नहीं होने देंगे प्रदेश के किसानों का नुकसान



**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश के किसानों को हितों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है कि मक्का व बाजरे की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि यदि पंजाब समेत अन्य किसी राज्य का किसान अपनी मक्का व बाजरे की फसल बेचने के लिए हरियाणा आएगा तो उसकी फसल नहीं खरीदी जाएगी, क्योंकि पहल हरियाणा के किसानों की होगी।

जब तक उनकी फसल का एक–एक दाना नहीं खरीद लिया जाता, तब तक पंजाब के किसानों की मक्का व बाजरे की फसल खरीदने का सवाल ही पैदा नहीं होता। इस बीच आज हरियाणा में फसल बेचने जा रहे यूपी के किसानों को करनाल के बॉर्डर पर रोक दिया गया।

बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोशल मीडिया पर किसानों के प्रति चिंता जाहिर की थी, जिसमें उन्होंने मक्के व बाजरे की फसल को एमएसपी पर खरीदने का ऐलान किया था जब कि पड़ोसी सूबे पंजाब में किसानों को मक्का और बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिलता। मुख्यमंत्री ने पंजाब के किसानों के हरियाणा में अपनी फसल बेचने आने की संभावना पर कहा था कि सरकार को पहले अपने प्रदेश के किसानों के हित देखने हैं। लिहाजा उनके ब्यान को गलत तरीके से प्रचारित किया ( शेष पेज 9 )

# एम्स का खुलासा सुशांत को नहीं दिया गया जहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कहा है कि अभिनेता को जहर नहीं दिया गया था। हालांकि एम्स ने मुम्बई के कपूर अस्पताल द्वारा की गई ऑटोप्सी रिपोर्ट पर कुछ सवाल उठाए हैं। डॉ. सुधीर गुप्ता की अगुवाई में एम्स के डॉक्टरों के पांच सदस्यीय बोर्ड ने अभिनेता राजपूत के पोस्टमार्टम और विसरा रिपोर्ट का पुनर्मूल्यांकन किया और इसकी रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी। अभी तक दावा किया जा रहा था कि पहले सुशांत को जहर दिया गया और फिर फांसी साबित करने के लिए फंदे पर लटका दिया गया, लेकिन एम्स की रिपोर्ट ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। सीबीआई जांच में भी अभी तक हत्या का मामला साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला है। एम्स टीम ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जांच एजेंसी के मुख्यालय में सीबीआई ( शेष पेज 9 )

# काली कमाई बंद हुई इसलिए कर रहे कृषि बिल का विरोध

**विपक्ष पर बरसे मोदी**

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



**विपक्ष** पर किसानों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और किसानों को अपनी उपज कहीं भी बेचने की आजादी, दोनों रहेगी। विपक्षी दलों का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने कहा, एमएसपी लागू करने का काम स्वामीनाथन आयोग की इच्छा के अनुसार हमारी सरकार ने किया।

वे एमएसपी पर ही किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। देश में एमएसपी भी रहेगी और किसानों को अपनी उपज कहीं भी बेचने की आजादी भी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह आजादी कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इनकी काली कमाई का एक और जरिया समाप्त हो गया है और इसलिए इन्हें परेशानी है। कृषि विधेयक पर केवल विरोध के लिए विरोध करने का विपक्ष पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से देश के किसानों को अनेक बंधनों से मुक्त किया गया है और अब देश का किसान कहीं पर भी किसी को भी अपनी उपज बेच सकता है। मोदी ने कहा कि आज जब केंद्र सरकार किसानों को उनके अधिकार दे रही है तो भी वे विरोध पर उतर आए हैं।

ये लोग चाहते हैं कि देश का किसान खुले बाजार में अपनी उपज नहीं बेच सके। ये चाहते हैं कि किसानों की गाड़ियां जब्त होती रहें, उनसे वसूली होती रहे, उनसे कम कीमत पर अनाज खरीदकर बिचौलिए मुनाफा कमाते रहें। महत्त्वाकांक्षी परियोजना नमामि गंगे के तहत उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश, मुनि की रेती ( शेष पेज 9 )

# अयोध्या विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में आज आएगा फैसला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत (अयोध्या प्रकरण) बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी। हाईकोर्ट के पुराने परिसर में सीबीआई की यह विशेष अदालत स्थित है। सीबीआई के विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव अपना फैसला सुनाएंगे। विशेष जज ने लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व कल्याण सिंह समेत इस मामले के सभी 32 मुल्जिमों को अदालत में उपस्थित होने को कहा है। हालांकि कोरोना के चलते कुछ मुल्जिमों के उपस्थित होने की संभावना नहीं है। इधर, सेंट्रल बार एसोसिएशन ने सुरक्षा के मद्देनजर वकीलों से गुजारिश की है कि हाईकोर्ट के पुराने परिसर में जाने से बचें। साथ ही पुराने परिसर में वाहन की पार्किंग से भी मना किया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पार्किंग दूरसंचार भवन के सामने होगी। बीते एक सितंबर को इस मामले में बचाव व अभियोजन ( शेष पेज 9 )

# भाजपा को लोजपा का अल्टीमेटम कुशवाहा ने छोड़ा महा-गठबंधन

**बिहार विस चुनाव**

- चिराग ने मांगी 42 सीटें, भाजपा दे रही 27, बात न बनी तो 24 घंटे में लोजपा लेगी अंतिम फैसला
- रालोसपा नेता कुशवाहा का बसपा और जसोपा के साथ नए मोर्चे का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सिर** पर आ चुके बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच सत्ताधारी राजग में खींचतान और विपक्षी महागठबंधन में भागमभाग तेज हो गई है। मंगलवार को भाजपा को जहां उसकी प्रमुख सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने सीटों के बंटवारे के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है वहीं, उपेंद्र कुशवाहा की रालोसपा ने महागठबंधन (राजद, कांग्रेस व अन्य) से नाता तोड़ लिया।

महागठबंधन से अलग होने के बाद कुशवाहा ने बसपा और जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के साथ नया मोर्चा बनाने का ऐलान भी कर दिया। इससे पहले, लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राजग सहयोगियों में सीटों का बंटवारा जल्द करने पर जोर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चिराग 42 सीटें मांग रहे हैं जबकि भाजपा ने उन्हें 27 सीटों पर लड़ने का प्रस्ताव दिया है जो कि लोजपा नेता को मंजूर नहीं है। दूसरी ओर भाजपा भी लोजपा को 42 सीटें देने पर राजी नहीं हो रही।

ऐसे में यह माना जा रहा है कि चिराग अगले 24 घंटों मेंचुनाव लड़ने के बारे में अंतिम फैसला कर लेंगे। भाजपा के साथ बात नहीं बनने की स्थिति में राजग से अलग होकर वे 243 सदस्यीय विधानसभा की 143 सीटों पर ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,973 | ↓ 8 | |
| निफ्टी | 11,222 | ↓ 5 | |
| सोना | 51,367 | ↑ 663 | /10g |
| चांदी | 61,919 | ↑ 1321 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शेखर कपूर एफटीआईआई के अध्यक्ष बनाए गए

**पुणे।** मशहूर फिल्मकार शेखर कपूर को मंगलवार को पुणे के भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) सोसायटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कपूर को संस्थान की शासकीय परिषद (गवर्निंग काउंसिल) का चेयरमैन भी बनाया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संस्थान के निदेशक भूपेंद्र कैंथौला ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कपूर को इन पदों पर नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। अधिकारी ने कहा कि उनका कार्यकाल तीन मार्च,2023 तक का होगा। पाकिस्तान के लाहौर में छह दिसंबर 1945 को जन्म लेने वाले कपूर को उनकी फिल्म एलिजाबेथ (1998), बैंडिट क्वीन (1994) और द फोर फैदर्स (2002) के बेहतरीन निर्देशन के लिए खासतौर पर पहचाना जाता है।

# भारत ने ठुकराया लद्दाख में एलएसी पर ड्रैगन का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत–चीन** गतिरोध को लेकर तनाव और बढ़ गया है। भारत सरकार ने चीन के भड़काने वाले उस बयान को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें उसने कहा है कि बीजिंग लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश नहीं मानता और सीमाई इलाकों में भारत द्वारा सैन्य सुविधाओं के निर्माण का वह विरोध करता है।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 1959 में 'एकतरफा रूप से' परिभाषित तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को कभी स्वीकार नहीं किया है और चीनी पक्ष सहित सभी इस बारे में जानते हैं। विदेश मंत्रालय ने उम्मीद व्यक्त की कि पड़ोसी देश तथाकथित सीमा की 'अपुष्ट एकतरफा' व्याख्या करने से बचेगा। चीन के इस दृष्टिकोण को नई दिल्ली ने खारिज किया कि बीजिंग एलएसी की अवधारणा पर 1959 के अपने रुख को मानता है। पूर्वी लद्दाख में लगभग पांच महीने से चले आ रहे गतिरोध के बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग एलएसी की अवधारणा के बारे में 1959 के अपने रुख को मानता है। चीन के बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने मुद्दे पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत ने कभी भी 1959 में एकतरफा रूप से परिभाषित तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा को स्वीकार नहीं किया है। यही स्थिति बरकरार रही है और चीनी पक्ष सहित सभी इस बारे में जानते हैं।'

श्रीवास्तव की यह टिप्पणी तब आई जब चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने हिन्दुस्तान टाइम्स से कहा कि चीन सात नवंबर 1959 को अपने तत्कालीन प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ( शेष पेज 9 )

# बढ़े तनाव के बीच हथियारों की घटिया गुणवत्ता पर सेना ने जताई चिंता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वर्ष** 2014 और 2019 के बीच घटिया कारतूसों और गोला बारूद के कारण 27 सैनिकों को जान गंवानी पड़ी, जबकि 146 जख्मी हो गए। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय तक तैनाती के मद्देनजर सेना ने कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाले गोला बारूद के चलते सैनिकों की मौतों पर गहरी चिंता जताई है। सेना के मुताबिक 960 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की राशि खराब गोला बारूद खरीदने में व्यर्थ हुई और इस पैसे से 100 से अधिक होवित्जर तोपें खरीदी जा सकती थीं। ये तोपें पर्वतीय युद्ध में बेहद उपयोगी होती हैं और चीन से लगी सीमाओं पर इनकी बेहद जरूरत है। इन कमियों की ओर ध्यान दिलाते हुए सेना ने कहा कि 2014–2019 के बीच खराब कारतूसों और गोला बारूद के ( शेष पेज 9 )

# हंसमुख अटल की 9 फुट ऊंची प्रतिमा गढ़ रहे सुतार

- बेमिसाल मूर्तिकार राम वनजी सुतार ने ही बनाई है पटेल की अद्भुत स्टेच्यू ऑफ यूनिटी

**रिंकू यादव।** नोएडा



फाइल फोटो

**लौह** पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल–भव्य प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) बनाने वाले नोएडा के बेजोड़ शिल्पी राम वनजी सुतार इन दिनों पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति गढ़ रहे हैं।

कांसे (ब्रांज) धातु से निर्मित 9 फुट ऊंची अटल की प्रतिमा उनके पसंदीदा राज्य रहे हिमाचल प्रदेश के शिमला में लगाई जाएगी। मूर्तिकार के बेटे अनिल राम सुतार ने पायनियर संवाददाता को यह जानकारी दी। अनिल स्वयं भी शिल्पकार हैं और उन्हें यह हुनर अपने पिता से विरासत में मिला है। अनिल सुतार ने बताया कि अटल बिहारी वाजयेपी की इस खूबसूरत मूर्ति को अगले महीने के आखिर तक तैयार कर हिमाचल सरकार के सुपुर्द कर दिया जाएगा। हिमाचल सरकार ही अटल की प्रतिमा तैयार करवा रही है। इसके निर्माण में कांसे का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि, यह ऐसी धातु है जिसमें हजारों साल तक जंग नहीं लगती। सिंधु सभ्यता से लेकर दुनिया भर की प्राचीन सभ्यताओं में कांसे की प्रतिमा बनाई जाती थी जिनके प्रमाण भी मिले हैं। अटल की प्रतिमा की खासियतें गिनाते अनिल राम सुतार ने बताया कि इसमें पूर्व प्रधानमंत्री के हंसमुख स्वभाव की झलक मिलेगी।

मूर्ति को तैयार करते समय वाजपेयी जी की वेशभूषा यानी धोती पहनने के तरीके से लेकर कुर्ते की स्टाइल और खादी की जैकेट में पड़ी सिलवटों तक का बारीकी से ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा अभिवादन करने के अटल के अंदाज, चेहरे पर बिखरी रहने वाली मधुर स्मित, उनके हाथ की खास मुद्रा को भी जस का तस छेनी–हथौड़ी से गढ़ने की कोशिश होगी ताकि यह जीवंत लगे। अपने पिता के साथ वाजपेयी के मधुर संबंधों का उल्लेख करते अनिल सुतार ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अपने काम के प्रति पिताजी की लगन और निष्ठा का सम्मान करते थे और उन्हें बेहद मानते थे। ऐसी ही एक घटना के बारे में उन्होंने बताया कि वाजपेयी जी दिल्ली के शहीद पार्क का उद्घाटन करने गए थे। पार्क में लगीं मूर्तियां पिताजी ने ही बनाई थीं लेकिन उनके पास कार्यक्रम के लिए कोई निमंत्रण पत्र नहीं था। इस कारण, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें प्रवेश द्वार के बाहर ही रोक दिया। पूर्व प्रधानमंत्री जब मंच पर पहुंचे तो उन्होंने पिताजी का नाम पुकारा जिसे सुनते ही सुरक्षा कर्मी तत्काल उन्हें साथ लेकर वहां हाजिर हो गए। इसके बाद, अटल जी ने पिताजी को अपने हाथों से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पिताजी की कोशिश है कि यह प्रतिमा उनके इसी उदारमना व्यक्तित्व को दर्शाए।

# तीन कृषि अध्यादेशों से होगा किसानों का भला : दुष्यंत चौटाला

### विपक्षी दलों कर रहे किसानों को गुमराह फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार

पीएल वर्मा। कैथल



**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गुहला क्षेत्र को विकास के प्रगति पथ पर ले जाकर समूचे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराया जाएगा। आगामी एक वर्ष में बाईपास निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। क्षेत्र के छोटे गांव में 15 लाख और बड़े गांव में 30 लाख रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है, जिसके लिए प्रशासन जल्द प्रस्ताव भिजवाएं, ताकि जल्द सभी गांवों में विकास कार्य किए जा सकें। नई उद्योग नीति में गुहला व सीवन खंड का नाम डाला गया है, जिससे भविष्य में इस क्षेत्र में उद्योग स्थापित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के लिए अवसर पैदा होंगे।

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चीका में बीडीपीओ कार्यालय के नवनिर्मित भवन व फोर-लेन का उद्घाटन और डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रतिमा का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

पांच जिलों में खरीद कार्य शुरू हुआ है और एक अक्टूबर से प्रदेश भर में खरीद कार्य होगा, जिसके लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। मंडियों की व्यवस्था कुछ इस तरह रखते हुए खरीद कार्य होगा और किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि देवीलाल की विचारधारा को यूहीं आगे बढ़ाते हुए किसान के हित में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी दल किसानों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं, जोकि किसी भी तरह से उचित नहीं है। डिप्टी सीएम चौटाला ने कहा कि नए अध्यादेश से किसानों का भला होगा और पूरी तरह किसानों के हित में है। नए अध्यादेश से किसान अपनी फसल को वहां बेच सकता है, जहां पर उसे दाम अधिक मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षा के दृष्टिगत पिछले दिनों जिला कैथल को दो कॉलेज की सौगात दी गई, जिसमें से एक इस हलके के गांव चक्कू लदाना में बनाया गया। उन्होंने हलके की 26 सड़कों को एक साल में दुरुस्त करने की बात भी कही। इस अवसर पर विधायक ईश्वर सिंह, रामफल मलिक, प्रो. रणधीर सिंह चीका, अवतार चीका, ज्ञान गोयल, अमनदीप शर्मा, राजेश पिंटू, बच्चन सिंह माजरी, जगतार माजरी, रणदीप कौल, रोशन ढांडा, राजू ढुल, चंद्रभान दयौरा, रणधीर सिंह, संदीप गढ़ी, संपूर्ण कोयल, बलराज नौच, शमशेर भागल, हरदीप एडवोकेट, मांगे राम ढुल, सुरेश राणा, बलवान कोटड़ा, जयप्रकाश, विरेंद्र ढांडा, भरत हरिगढ़, आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## दुष्यंत चौटाला को काले झंडे दिखाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कैथल।** कस्बा गुहला में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को काले झंडे दिखाने के आरोप में पुलिस ने दो नेताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नेताओं में एक युवा मिशन 2019 के संयोजक नोदी चीका और किसान नेता हरदीप बदसूई चीका है। दोनों युवा नेताओं ने अपने कुछ साथियों सहित स्थानीय उद्यम सिंह चौक पर प्रदर्शन किया। दोनों नेताओं ने डिप्टी सीएम को काले झंडे दिखाने और उनके खिलाफ नारे लगाने की योजना बनाई थी। जिस पर पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाइ करते हुए उन्हें गिरफ्तार करके हिरासत में ले लिया।

# कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के चाहवानों से मांगे आवेदन

### आज दिल्ली में होगी बैठक, बनेगी चुनावी रणनीति

### सैलजा बोलीं बरोदा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बरोदा उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस पार्टी इस उपचुनाव में भारी अंतर से जीत दर्ज करेगी। इस उपचुनाव के बाद प्रदेश में बड़ा उलटफेर होना तय है। कुमारी सैलजा ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बरोदा उपचुनाव में चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन भी आमंत्रित किए गए हैं। टिकट पाने के इच्छुक दावेदार 30 सितंबर से छह अक्टूबर के बीच अपने-अपने आवेदन हरियाणा कांग्रेस के दिल्ली स्थित कैंप ऑफिस में जमा करा सकते हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता इस सरकार से अब निजात पाना चाहती है। बरोदा की जनता ने बार-बार कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का साथ दिया है और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन के एक वर्ष के कार्यकाल में ही पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है और त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश में आए दिन नए-नए घोटाले निकलकर सामने आ रहे हैं। प्रदेश का किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर है। कर्मचारी वर्ग भी इस सरकार से हताश और निराश है। कानून व्यवस्था प्रदेश में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आज प्रदेश के हालात बहुत ही चिंताजनक हो गए हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए कृषि विरोधी काले कानूनों का प्रदेश की जनता द्वारा भारी विरोध किए जाने के बावजूद जजपा सत्ता के लालच में हरियाणा में भाजपा के साथ सत्ता में भागीदार बनी हुई है। प्रदेश की जनता भाजपा और जजपा का असली चेहरा पहचान चुकी है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली में बैठक बुला ली है। बैठक में बरौदा की चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी प्रभारी विवेक बंसल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला, पूर्व सीएलपी नेता किरण चौधरी और सांसद दीपेंद्र हुड्डा मौजूद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 264वें संकीर्तन में श्याम भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**कुरुक्षेत्र।** श्री खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा खातापुर मोहल्ला में 264वां संकीर्तन एवं भंडारा किया गया। आयोजक डा. दीपक शर्मा परिवार एवं सभी श्रद्धालुओं ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैथल के गायक सुभाष सांवरिया और शाहाबाद के गायक श्रवण राज ने श्याम के मधुर भजनों से समां बांधा। श्याम दरबार में लगातार श्याम जी के जयकारें लगते रहे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। गायकों द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोविड-19 को ध्यान में रखकर सोशल डिस्टेंस की पालना की गई। श्री श्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, रमेश साहनी, रविंद्र शर्मा, अमित वर्मा, शालीन अग्रवाल, दिनेश भट्ट, अंकित गोयल, संजय शर्मा, राजेश कुमार, अंकित गर्ग सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश में सामूहिक दुराचार पीड़िता को दिलाया जाए न्याय

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया अम्बेडकर महासभा की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद के भूलगढ़ी गांव में 14 सितंबर को कुछ दबंगों द्वारा किए गए दलित किशोरी से दुराचार की कड़ी निंदा की है। वे महासभा की ऑनलाइन मीटिंग में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आरोपियों द्वारा पीड़िता की गर्दन और रीढ की हड्डी तोड़ने के साथ-साथ उसकी जीभ भी काट दी गई, यह सब अमानवीय है। मगर सरकार व पुलिस प्रशासन चुप है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन ने इतने भयानक जघन्य अपराध पर जरा भी तीव्रता नहीं दिखाई और न ही अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई की। इससे देश के दलित वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि घटना के विरोध और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एक अक्टूबर को अंबेडकर चौक से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश बहादुर, पाला राम, मास्टर दिलबाग सिंह, राजेश बीड़ कालवा, हरिचंद, अंग्रेज सिंह, जोरा सिंह, बलबीर और गुरु रविदास मंदिर के प्रधान रणपत राम माथुर मौजूद रहे।

### बरौदा में मिलकर लड़ेंगे चुनाव, भाजपा का होगा उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बरौदा उपचुनाव का ऐलान किए जाने के साथ ही हरियाणा की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। चुनाव कार्यक्रम का ऐलान होने के साथ ही गृहमंत्री अनिल विज ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा बरौदा उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि बरौदा उपचुनाव को लेकर पहले ही फैसला हो चुका है। भाजपा यह चुनाव अपनी सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर लड़ेगी। बरौदा में भाजपा अपना प्रत्याशी उतारेगी। अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल समेत कई मंत्री पहले ही बरोदा का दौरा कर चुके हैं। बरौदा के लोग विकास के साथ चलना चाहते हैं। इसके लिए उनका मन बन चुका है। अनिल विज ने कहा कि जिस तरह मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान जींद के लोगों ने इतिहास रचा था। उसी तरह से बरौदा के लोग भी इस बार इतिहास रचेंगे। विज ने कहा कि कांग्रेस के नेता बरौदा को लेकर कई तरह के वहम का शिकार हैं। बरौदा के लोग बहुत जल्द उनका यह वहम निकाल देंगे।

### चुनाव आचार संहिता लागू, मुख्यमंत्री का बरौदा कार्यक्रम स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मंगलवार बाद दोपहर बरौदा कार्यक्रम स्थगित हो गया। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बरौदा का चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के चलते मंगलवार को बाद दोपहर चार बजे बरौदा हलके के लोगों से रूबरू होने का कार्यक्रम रखा था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करना था। यह सारा कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होना था। इसके लिए चंडीगढ़ व बरौदा में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव आचार संहिता लागू किए जाने के बाद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने बरौदा को कई विकास परियोजनाएं देने की तैयारी कर रखी थी।

### पुलिस ने दो डंफर चालकों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**रादौर।** खनन विभाग की टीम ने गांव जठलाना में अवैध खनन करने वाले दो डंपर चालकों के विरुद्ध नियमानुसार हजारों रुपये जुर्माना किया, लेकिन डंपर चालकों ने जुर्माना नहीं भरा। जिसके बाद जठलाना पुलिस ने खनन विभाग की शिकायत पर डंपर चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। खनन अधिकारी ओमदत शर्मा ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खनन विभाग की टीम ने 12 फरवरी को जठलाना में एक डंपर से अवैध खनन करते एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना किया, लेकिन आजतक ट्रैक्टर ट्राली चालक ने जुर्माना नहीं भरा। इसी प्रकार खनन विभाग की टीम ने छह मार्च को गांव जठलाना में एक डंपर चालक को अवैध खनन करते पकड़ा। जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना किया गया, लेकिन जुर्माना राशि अदा नहीं की गई। जिसके बाद दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# लॉकडाउन में घर गए मजदूर नहीं लौटे, मंडियों में संकट

### मजदूरों की कमी पूरी करेंगी बिजली लोडर मशीनें, 80 मंडियों लगाया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में गेहूं की सीजन की तरह इस बार धान के सीजन में भी मजदूरों की कमी बनी हुई है। प्रदेश की मंडियों में मजदूरों की कमी देखते हुए सरकार की ओर से 80 मंडियों में मोटर संचालित विद्युत लोडर, बैग स्टेकर, इलेक्ट्रॉनिक तोल तराजू और बैग सिलाई मशीनें लगा दी गई हैं।

मंडियों में धान की आवक शुरू हो चुकी है। धान की आवक व श्रमिकों की कमी देखते हुए इस बार विद्युत लोडर मशीन की शुरुआत की गई है। इससे धान की झराई से लेकर भराई तक का कार्य समुचित तरीके से होगा। यही नहीं उठान में भी विद्युत लोडर मशीन काफी कारगर साबित होगी, क्योंकि धान की आवक ज्यादा होने पर उठान कार्य एकाएक ठप हो जाना था, जिसके चलते मंडियों में अव्यवस्था का आलम बन जाता है। मगर इस बार सरकार की ओर से लिफ्टिंग से लेकर तुलाई, झराई व भराई के कार्य का उचित प्रबंध किया गया है। विद्युत लोडर मशीन धान की नमी को सुखाने में काफी कारगर है। सरकार की ओर से 17 फीसद नमी युक्त धान खरीद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जब मंडी में धान पहुंचती है तो उसमें 20 से 25 फीसद नमी होती है। मगर विद्युत लोडर मशीन से जब धान की झराई की जाती है तो करीब 10 फीट की ऊंचाई से धान नीचे गिरती है, जिससे एक से दो प्रतिशत की नमी की मात्रा में कमी आती है।

## जीवीएम की छात्रा नेहा ने विवि में पाथा चौथा स्थान

**सोनीपत।** जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी में बी. फार्मेसी की अंतिम वर्ष की छात्रा नेहा छिक्कारा ने 80.9 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने नेहा को बधाई दी है। इस मौके पर प्राचार्य डा. रितु कटारिया ने छात्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया।

प्राचार्य डा. रितु कटारिया ने जानकारी दी कि पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस ने बी. फार्मेसी के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी की छात्राओं ने इन परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कालेज की छात्रा नेहा छिक्कारा ने विश्वविद्यालय में चौथा स्थान अपने नाम किया है। जबकि कॉलेज स्तर पर नेहा टॉपर बनी है। कॉलेज की छात्रा कोमल छाबड़ा ने कॉलेज स्तर पर द्वितीय



स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज में तृतीय स्थान रूचि बंसल के नाम रहा है। जीवीएम संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान कालेज में छात्राओं का अभिनंदन किया, जिसमें विवि स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करने वाली छात्रा नेहा शामिल हुई। डा. कटारिया ने नेहा को पुरस्कार प्रदान कर सुशोभित किया। प्राचार्य ने कहा कि कोरोना काल के चलते अभिनंदन समारोह में नेहा ही शामिल हो सकी। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई दी।

## कस्टोडियन विभाग की जमीन बिक्री की जांच कराएं उपायुक्त

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखते हुए विशेष बाल गृह के पास कस्टोडियन विभाग की जमीन की बिक्री की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाजार कीमत को नजर अंदाज करते हुए इस जमीन को औने-पौने दाम पर बेचा गया है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है।

उपायुक्त को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने समाचार पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि कस्टोडियन विभाग की आईटीआई चौक के पास स्थित 3 बीघे जमीन को महज एक करोड 45 लाख 30 हजार रूपए में बेच दिया गया है, जबकि इस जमीन का बाजार भाव तकरीबन 20 करोड रूपए है। उन्होंने कहा कि कस्टोडियन विभाग में बीते 20 साल से एक ही पद पर बैठे

# सरल केंद्रों में टोकन जारी करने उपरांत प्रतीक्षा का समय न हो अधिक : डीसी

### इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ बिचौलियों का न होने दें केंद्र में प्रवेश

**सोनीपत।** सैकड़ों प्रकार की प्रशासकीय सेवाओं व योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर देने के लिए स्थापित अंत्योदय सरल केंद्रों का पूर्ण लाभ आम जनमानस को मिलना चाहिए। यह कहना है डीसी श्याम लाल पूनिया का। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरल केंद्रों में लोगों के लिए उपलब्ध सेवा-सुविधाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

लघु सचिवालय में मंगलवार को अंत्योदय सरल केंद्रों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए डीसी श्याम लाल पूनिया ने जिला में स्थापित सभी केंद्रों



की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय सरल केंद्रों में सोनीपत की स्थिति को और बेहतर बनाना है। इसके लिए हर स्तर पर बेहतरीन तालमेल के साथ मेहनत करें। उन्होंने विशेष रूप से लोगों को दिए जाने वाले प्रतीक्षा समय में सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह सुधार गन्नौर व गोहाना में विशेष रूप से जरूरी है। अन्य सरल केंद्रों में प्रतीक्षा का समय सही है। डीसी ने पुलिस विभाग, ट्रांसपोर्ट, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अक्षय ऊर्जा, स्वास्थ्य विभाग को भी और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सेवा में कोई भी आवेदन बिना उचित कारण के लंबित नहीं रहना चाहिए। ई-टिकटिंग की समीक्षा करते हुए भी उन्होंने और सुधार के निर्देश दिए।

## गोतस्करों ने पुलिस पर चलाई गोली फिर भी नहीं बचे

**रेवाड़ी।** पिकअप में गायों को भरकर ले जा रहे गोतस्करों ने बीती रात पुलिस और बजरंग दल के सदस्यों पर जमकर गोलियां बरसाई, लेकिन पुलिस ने एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर तीन गायों को भी मुक्त कराया। अंधेरे का लाभ उठाकर भागे गोतस्करों की गिरफ्तारी के पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बजरंग दल की सूचना पर मॉडल टाउन थाना प्रभारी सत्येंद्र ने तस्करों को गांव कोनसीवास के निकट घेर लिया। गोतस्करों ने पुलिस टीम पर भी गोलियां चला दी

## लोगों को हृदय रोग के बारे किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**विश्व** हृदय दिवस के मौके पर कैथल के सिग्नस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में डिजिटल सिस्टम के माध्यम से लोगों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक किया और उससे बचाव के बारे में भी जानकारियां दी।

हॉस्पिटल के यूनिट हेड डॉक्टर जसजीत सिंह ने बताया कि हृदय रोगियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। क्योंकि सर्दी का मौसम शुरू होने को है। ऐसे में हृदय रोगियों को कुछ विशेष एहतियात बरतनी पड़ती है। वहीं उन्होंने कहा



डॉ. जसजीत अपनी टीम के साथ।

कि लोगों को हृदय रोगों से बचना है तो ज्यादा तला न खाएं। इसके अलावा ऐसी वस्तुओं का सेवन न करें जिससे कोलेस्ट्रॉल अधिक हो जाये। उन्होंने कहा कि लोगों को नित्य सैर करनी चाहिए और व्यायाम भी करना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि आज विश्व हृदय दिवस है और पूरे विश्व में अब दिल के रोगियों की संख्या बढ़ रही है, जिसको लेकर पूरे विश्व में चिंता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों को अपनी बीमारियों के बारे में पता ही नहीं होता इसलिए लोगों को चाहिए कि वह समय-समय पर अपना चेकअप करवाते रहे। डॉक्टर जसजीत ने बताया कि कैथल में सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए विशेष प्रबंध है और अब तक हॉस्पिटल द्वारा 1000 से ज्यादा हृदय रोगियों का सफल उपचार करके उनका जीवन बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर कैंप लगाकर भी लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाती है।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

सात तालों में बंद हो जाओ तो भी मरना पड़ेगा,
उसकी एक- एक आह का भुगतान करना पड़ेगा,
जुबां काटी, कमर तोड़ी, मरने को छोड़ने वालों,
तुम्हारी रूह कांपेगी, अपनी परछाई से भी डरना पड़ेगा।

# बैंयापुर खुर्द में निखिल मदान ने सुनीं समस्याएं

**सोनीपत।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता गत दिवस बैयांपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां लोगों की जन समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्थानीय निवासियों ने निखिल मदान को गलियों के हालात दिखाए और बताया कि नगर निगम में शामिल होने के बावजूद वो नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।

बैयांपुर खुर्द की गलियां आज भी कच्ची है। सीवरेज के लिए प्रशासन ने गडढे खुदवाकर खुले छोड़ दिए है, जिनमें कई बार लोगों के गिरने के कारण हादसे हो चुके हैं। बैयांपुर खुर्द में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी के लिए वे लोग आज भी पानी के टैंकरों पर निर्भर है। इन सभी समस्याओं को सुनने के बाद निखिल मदान ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज मांग को निगम प्रशासन के आगे रखा जाएगा और जल्द ही समस्या का समाधान



कराया जाएगा। स्ट्रीट लाइट के लिए विधायक ने बैयांपुर खुर्द के लिए 174 लाइट स्वीकृत करवा दी है जो जल्द ही सभी गलियों में लगवा दी जाएंगी। मदान ने कहा कि वर्तमान सरकार की लापरवाही और भेदभाव के चलते नगर निगम के चुनाव पिछले 5 साल से लटके हुए है, स्थानीय जन प्रतिनिधि न चुने जाने के कारण आमजन के बिजली, पानी के छोटे-छोटे काम भी अधिकारियों द्वारा नहीं किए जा रहे। मदान ने कहा कि बरोदा उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है और अब जल्द ही नगर निगम चुनाव होने है उसके बाद उनकी सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

## बीजेपी कानून बनाने वाली पार्टी है न कि तोड़ने वाली : दलाल

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल बरोदा हलके के बिचपड़ी गांव में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लगभग 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने वाले थे, परंतु चुनाव आयोग के द्वारा बरोदा उपचुनाव की तिथि घोषित कर देने के बाद आचार संहिता लागू हो गई, जिसके चलते कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सभी परियोजनाएं स्थगित कर दी। मंच पर कृषि मंत्री जेपी दलाल, राई से विधायक व जिला अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पहलवान योगेश्वर दत्त, ओम प्रकाश शर्मा, रणधीर सिंह लठवाल व अन्य बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने मंच से संबोधित करते हुए कहा की आचार संहिता के चलते हम किसी भी परियोजना का शिलान्यास नहीं कर सकते हैं। भाजपा पार्टी कानून बनाने वाली पार्टी है ना कि तोडने वाली, इसलिए मैं यहां मंच पर खड़े होकर इसकी घोषणा करता हूं कि सभी परियोजनाएं स्थगित की जाती हैं।

# मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने 5वें 'ओन बिजनेस डे' की घोषणा की

### छोटे और स्वतंत्र व्यवसायों के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**भारत** के सबसे बड़े मॉडर्न होलसेलर और फूड स्पेशलिस्ट, मेट्रो कैश एंड कैरी, अपने पांचवें ओन बिजनेस डे (ओबीडी) पर छोटे और लघु व्यवसायों के लिए अनेक डिजिटल समाधान ला रहा है। ओन बिजनेस डे हर वर्ष अक्टूबर के दूसरे मंगलवार (13 अक्टूबर) को मनाया जाने वाला विशेष दिन है। सभी स्वतंत्र ओन बिजनेसेज के भाग लेने हेतु पंजीकरण पहले ही शुरू हो चुका है।

इस पहल के तहत, कंपनी द्वारा छोटे व्यवसायों और किराना दुकानों को उनके बिजनेस गूगल पर सूचीबद्ध करने के लिए सहायता दी जा रही है, ताकि वो अपने व्यवसाय की दृश्यता, राजस्व एवं फुटफॉल्स बढ़ा सकें। आगामी त्योहारी मौसम में स्वयं को तैयार रखने हेतु किराना दुकानों को विशेष ऑफर्स देने के अलावा, किराना दुकानों को मेट्रो के ई-कॉमर्स एप्प पर ऑर्डर देने के लिए भी लाभ प्रदान किया जा रहा है जिसमें चुनिंदा दिनों को निःशुल्क डिलिवरी की सुविधा भी शामिल है। इस वर्ष के समारोह में लोचदार किराना दुकानों और छोटे, मध्यम व्यवसायों के प्रयासों को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा, जो अपने व्यवसायों को चलाने और कोविड-19 महामारी के विपरीत प्रभावों से लड़ने के लिए जूझ रहे हैं। त्योहारी उमंग को बढ़ाने के लिए, मेट्रो द्वारा देश भर के किराना स्टोर्स और अन्य छोटे व मध्यम कारोबारियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। बिजनेस या तो आगामी त्योहारी मौसम की तैयारी के लिए, मेट्रो ने किराना दुकानों और छोटे, लघु व्यवसायों को विशेष ऑफर्स देने के लिए अपने सप्लायर पार्टनर्स के साथ सहयोग किया है और वो दुकानदार व व्यवसायी अपने लक्षित ग्राहकों को स्पेशल ऑफर्स देने का निर्णय ले सकते हैं। इस संपूर्ण पहल का उद्देश्य व्यवसाइयों के लिए विशेषकर त्योहारी मौसम के दौरान फुटफॉल्स, ग्राहक आधार और राजस्व बढ़ाना है।

ओन बिजनेस डे के बारे में बताते हुए, मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरविंद मेडिरट्टा ने कहा, हम छोटे व्यवसायों और किराना दुकानों को डिजिटल समाधानों के जरिए सशक्त बनाने की हमेशा से पैरवी करते रहे हैं और हमने उनके लिए तकनीक-समर्थित समावेशी विकास को बढ़ावा दिया है। कोविड-19 संकट के चलते उपभोक्ताओं के व्यवहार में काफी परिवर्तन आया है, और आज स्वयं के व्यवसायों के लिए तकनीक को अपनाना बेहद आवश्यक हो गया है। उन्हें स्वीकार करने और सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को जारी रखते हुए, हमने एक विशेष प्रोग्राम की रूपरेखा तैयार की है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 सितंबर, 2020



# बाबू पी गए हजारों करोड़ का पानी, नहीं दिया बिल


## जलबोर्ड का 6811 करोड़ बकाया- रेलवे, सीपीडब्ल्यूडी, दिल्ली पुलिस, डीडीए व तीनों एमसीडी को भेजा नोटिस


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी विभागों के बाबू पी गए हजारों करोड़ का पानी, नहीं चुकता किया बिल। दिल्ली जलबोर्ड ने रेलवे, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण और तीनों एमसीडी को नोटस जारी कर का 6,811 करोड़ रुपये बकाया 30 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा है।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्डा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्र सरकार के अधीन भारतीय रेलवे पर 3283 करोड़, सीपीडब्ल्यूडी पर 190 करोड़, डीडीए पर 128, दिल्ली पुलिस पर 614 करोड़ रुपये रुपए बकाया है।

वहीं पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर 49, उत्तरी निगम 2466 और दक्षिण निगम पर 81 करोड़ रुपए बकाया है।



बकाया भुगतान न होने की स्थिति में विभाग ने सेक्शन-55, सेक्शन-82, सेक्शन-87, सेक्शन-89 और सेक्शन-91 के तहत कार्यवाही कर सकता है। केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगमों को 5 सितंबर को अंतिम शोकॉज नोटिस दिया है। कोविड-19 महामारी के चलते केजरीवाल सरकार लड़ाई लड़ रही है।

इस संघर्ष को और आसान बनाने के लिए केंद्र व तीनों निगमों को 6811 करोड़ रुपए का भुगतान जल्द करना चाहिए। इन विभागों को कई बार बिल और चालान दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक उन्होंने बकाया नहीं दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि सारे वैध भुगतान हैं। विभागों ने कई सालों से यह सुविधाएं दिल्ली जल बोर्ड से ली है। इसमें कुछ बकाए वर्ष 2013, 2014 और वर्ष 2015 के हैं, जो अभी तक भुगतान नहीं किए गए हैं।

उन्हें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार के अधीन आने वाली चार एजेंसियां और तीनों एमसीडी इस अप्रत्याशित समय में अपनी जिम्मेदारी अवश्य निभाएंगे। वहीं राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के उपर भी बकाए हैं।

हमारा भी अपना वित्तीय दायित्व है, जिसे हमें उसे निभाना है। विभाग के कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हें पूरा कर रहे हैं, लेकिन वित्तीय दायित्व को देखते हुए अनुरोध करना चाहते है कि सभी एजेंसियां बकाया भुगतान नियत समय में करें।

### निजीकरण करना चाहते हैं सीएम : भाजपा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड को निजी कंपनियों के हाथों में देने के लिए आर्थिक संकट का बहाना बना रहे है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पहले तो अपनी नाकामियों के चलते विभाग की ऐसी हालत कर दी उसके बाद बोर्ड को निजी हाथों में देना चाहते है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा केजरीवाल सरकार के सत्ता में आने से पहले दिल्ली जल बोर्ड लगभग 176 करोड़ रुपए के मुनाफे में था और आप सरकार के आने के बाद लगभग 800 करोड़ रुपए के घाटे में आ गया है।

# वेतन मामले में दीवाली पर मिल सकती है अच्छी खबर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम को नौ हजार शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को

● टीचरों, कर्मचारियों को त्योहारी खुशी से वंचित न करे निगम : कोर्ट

कहा कि दीपावली नजदीक है और कोई भी कर्मचारी त्योहार की खुशी से वंचित नहीं रहना चाहिए। दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि सरकार ने तीन सितंबर को उत्तरी दिल्ली नगर निगम को 98.35 करोड़ रुपए जारी किए हैं और यह राशि शिक्षकों के सितंबर तथा अक्टूबर के वेतन को पूरा करेगी। पीठ ने कहा, यह न भूलें कि दीवाली का त्योहार नजदीक है। उत्सव की खुशी से वंचित नहीं करने देंगे।

### दिल्ली सरकार, डीयू और 4 कॉलेजों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने चार महीने से बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग करने वाली शिक्षकों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के चार कॉलेजों से जवाब तलब किया। ए सभी कॉलेज विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं और आप सरकार उनका पूर्ण वित्त पोषण करती है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर महाविद्यालय, भगिनि निवेदिता महाविद्यालय, अदिति महाविद्यालय और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज से शिक्षकों की याचिका पर जवाब देने को कहा है। अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय (दिविवि) से भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

# ससुर की हत्या करने वाला एसआई गिरफ्तार


● वारदात को अंजाम देने के बाद सर्विस रिवॉल्वर संग था फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली से हरियाणा तक ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने वाले एसआई संदीप दहिया को पुलिस ने रोहिणी से गिरफ्तार कर लिया है। लाहौरी गेट थाने में तैनात एसआई संदीप 3 दिन से सरकारी पिस्टल के साथ फरार था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा संदीप दहिया से पूछताछ की जा रही है और संबंधित मजिस्ट्रेट के





सामने पेश किया जाएगा। दहिया 21 दिसंबर, 2017 से लाहौरी गेट पुलिस थाने में तैनात था।

वह 2006 में एक कांस्टेबल के रूप में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था और एक परीक्षा पास करने के बाद 2010 में उप-निरीक्षक बन गया। दहिया ने गत रविवार को उत्तरी दिल्ली के अलीपुर में अपनी कार में झगड़े के दौरान अपनी महिला मित्र को कथित तौर पर गोली मार दी थी। इस घटना के बाद वह भाग गया और हे रोहतक में घर के बाहर अपने ससुर की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रहीं थी।

### सिसोदिया ने दी कोरोना को मात, रिपोर्ट निगेटिव

**नई दिल्ली।** कोरोना-डेंगू से पीड़ित उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है, जिसके बाद शाम मनीष सिसोदिया को मैक्स साकेत अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

हालांकि डॉक्टर ने उन्हें अभी 7 दिन तक घर पर ही रहने और आराम करने की सलाह दी है। सोमावर को ही जानकारी मिली थी कि मनीष सिसोदिया की तबीयत में सुधार आया था और वो पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे थे। ये भी कहा गया था कि अगर तबीयत ठीक रहती है तो अगले एक या दो दिन में वो अस्पताल से डिस्चार्ज भी हो सकते हैं। रिपोर्ट आने के बाद उन्हें मैक्स साकेत अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# जेवर एयरपोर्ट के लिए 7 अक्टूबर को होगा करार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● अरुणवीर सिंह करेंगे दस्तखत, दो बड़े आईएएस बनेंगे गवाह

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से जुड़ी अब तक की सबसे बड़ी खबर है। हवाई अड्डे की विकासकर्ता कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नियाल के बीच 7 अक्टूबर को अनुबंध होगा। कोरोना महामारी के चलते कई बार अनुबंध की तिथि बढ़ाई जा चुकी है।

यह अनुबंध लखनऊ या यमुना प्राधिकरण के दफ्तर में किया जाएगा। इस पर फैसला एक-दो दिन में हो जाएगा। इस अनुबंध पर नियाल के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह दस्तखत करेंगे। नोएडा अथॉरिटी की सीईओ ऋतु महेश्वरी और यूपी नागरिक



उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेंद्र सिंह बतौर गवाह दस्तखत करेंगे।

जेवर एयरपोर्ट के लिए नियाल ने बीते साल 29 नवंबर को विकासकर्ता कंपनी का चयन कर लिया था। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी को मिली है। कोरोना महामारी के चलते कंपनी के प्रतिनिधि कंसेशन एग्रीमेंट पर दस्तखत करने के लिए भारत नहीं आ पा रहे थे। अब अनुबंध की तारीख तय हो गई है। स्विस कंपनी ने भारत में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई है। कंसेशन एग्रीमेंट पर यही कंपनी दस्तखत करेगी। यह कंपनी 7 अक्टूबर को नियाल के बीच अनुबंध करेगी।

# ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े लूट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● लाखों के आभूषण और डीवीआर भी साथ ले गए बाइक सवार लुटेरे

दिल्ली से सटे इंदिरापुरम क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर को स्कूटी व मोटरसाइकल पर आए पांच बदमाशों ने सरेआम एक ज्वेलरी शोरूम लूट लिया।

दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद ज्वेलर्स में दहशत का माहौल है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में अविनाश वर्मा को दुर्गा ज्वेलर्स के नाम से शोरूम है। दोपहर उनका स्टाफ लंच पर गया हुआ था और वर्मा अकेले ही शोरूम पर थे। इसी दौरान स्कूटी व मोटर साइकिल पर सवार होकर पांच बदमाश वहां पहुंचे। पहले एक युवक ग्राहक बनकर शोरूम के अंदर घुसा और जेवरात देखने लगा। इसी दौरान हेलमेट पहने दो अन्य युवक घुस आए और वर्मा पर तमंचे तान दिए। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में रखे सभी जेवरात बैग में भरे और फरार हो गए। इस दौरान वो बदमाश दुकान के बाहर रहे। जिन्होंने मास्क लगा रखा था। वर्मा ने बताया कि बदमाश करीब आठ लाख के जेवरात लूट कर ले गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।



लूट के बाद जांच पड़ताल करतीं पुलिस।

**ग्राहक बन निकलवाए थे जेवर**

लुटेरे ग्राहक बनकर आए थे जिसके कारण शोरूम वालों को शक नहीं हुआ। और बिना झिझक जेवर देने लगे। गौरतलब है कि गाजियाबाद में लगातार लूट और डकैती की वारदातें बढ़ती जा रही हैं हाल ही में राजनगर एक्सटेंशन में ज्वेलर्स को निशाना बनाया गया था।

# हाथरस रेपकांड पर प्रदेश कांग्रेस का प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस ने महिला अध्यक्ष अमृता धवन के साथ पूर्व सांसद उदित राज और पी.एल. पुनिया ने योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि हाथरस में दलित लड़की के यौन शोषण की घटना को रोकने में योगी सरकार विफल रही। अमृता धवन ने कहा कि महिलाएं न तो दिल्ली में और न ही यूपी में सुरक्षित है।

जबकि केजरीवाल राजनीतिक मौके तलाशने के लिए दूसरे राज्यों में महिलाओं के प्रति सहानुभूति दिखाने का ढोंग कर रहे है। वहीं श्री अनिल कुमार ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि दलित लड़की के प्रति सहानुभूति जताना केवल हथकंडा है।

### ट्रैक्टर जलाने पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष हिरासत में

दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट के पास ट्रैक्टर जलाने की घटना के सिलसिले में पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बिरेंद्र ढिल्लों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह राष्ट्रपति भवन और संसद से कुछ सौ मीटर की दूरी पर एक ट्रैक्टर में आग लगा दी थी।


### जून के मुकाबले सितंबर में हुईं कम मौतें : सतेंद्र जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने मंगलवार को कहा कि शहर में जून के मुकाबले सितंबर में कोविड-19 के अधिक मामले सामने आए हैं, लेकिन मृतकों की संख्या एक तिहाई से भी कम रही है।

राजधानी में जिस किसी व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण देखे जा रहे हैं, उनकी आरटी-पीसीआर जांच की जा रही है। दिल्ली में जून की तुलना में सितंबर में संक्रमण के काफी अधिक मामले सामने आए हैं। हालांकि इस महीने जो मौतें हुईं, वे जून में हुई मौतों की एक तिहाई भी नहीं है। प्रतिदिन औसतन 10,000 से अधिक आरटी-पीसीआर जांच की जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शोध छात्रों को जेएनयू में आने दिया जाए : छात्रसंघ



**नई दिल्ली।** जेएनयू छात्र संघ ने मंगलवार को मांग की कि शोध विद्यार्थियों को सभी कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय लौटने की अनुमति दी जाए। छात्र संघ ने कहा कि कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के दौरान अपने घर लौटते समय एम. फिल और पीएचडी के कई छात्र अपने लैपटॉप और शोध सामग्री छोड़ गए थे और वे अपने प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर पा रहे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं की तारीखें बिना किसी तैयारी के तय कर दी गई, जो कि अन्य विश्वविद्यालयों की परीक्षा तिथियों से टकरा रही हैं। जेएनयू की प्रवेश परीक्षाएं पांच से आठ अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएंगी।

### निरीक्षक कार्यालय पर टीचरों का धरना

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक महासभा के तत्वाधान में वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गाजियाबाद पर मौन धारण करते हुए सांकेतिक धरना दिया। बाद में जिला विद्यालय निरीक्षक रवि दत्त को एक ज्ञापन दिया। जिसमें करोना काल में वित्तविहीन विद्यालयों के अध्यापकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार से मानदेय की मांग की गई और जब तक मानदेय ना दिया जाए तब तक 15 हजार प्रति माह के हिसाब से भुगतान मांगा। धरने का संचालन आदर्श जनता इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रेम चौधरी ने किया। अध्यक्षता राजवीर सिंह बैसला ने की।

### आईपीएल पर सट्टा लगाने वाला गैंग गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले अन्तर्राज्यीय स्तर के तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये सटोरियों के पास दो एप्पल मोबाइल, एक वीवो, एक लावा, एक एमआई फोन के अलावा एक स्वीफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है। एसपी सिटी अभिषेक वर्मा ने बताया कि पकड़े गये सटोरियों के नाम हर्ष कुमार, कुणाल व मोनू निवासी गण दिल्ली है। उन्हें अभय खंड दो से पकड़ा गया।

### विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में विवाहिता कि संदिग्ध मौत का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर दी है। उधर परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक नजमा उर्फ रियाज उर्फ आरिफा उम्र 28 वर्ष पुत्री मुस्तफा निवासी गांव दहेणा हापुड़ की शादी दो वर्ष पूर्व आरिफ पुत्र सलीम निवासी गांव सिरौली के साथ हुई थी। सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में नजमा उर्फ आरिफा की मौत हो गई।

### आज वायु गुणवत्ता बिगड़ने के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। अगले दो दिन तक वायु गुणवत्ता इसी श्रेणी में रहेगी। दिल्ली ने सुबह साढ़े 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 दर्ज किया गया।

वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच अच्छी, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर मानी जाती है। सफर ने कहा, हवा के प्रवाह की स्थिति को देखते हुए अगले दो दिनों तक राजधानी दिल्ली में एक्यूआई के मध्यम श्रेणी में रहने की संभावना है।

# फेसबुक लाइव पर निकलेगा भूखंड लकी ड्रॉ

● यमुना प्राधिकरण 9 अक्टूबर को करेगा टॉय सिटी योजना में आवंटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण की अपैरल, हैंडीक्राफ्ट और एमएसएमई और टॉय सिटी की योजना के भूखंडों का आवंटन 9 अक्टूबर को किया जाएगा।

प्राधिकरण इस बार आवंटन का फेसबुक पर लाइव प्रसारण भी करेगा। कोविड-19 के चलते इस बार ड्रा में कुल आवेदियों में से केवल 10 प्रतिशत को बुलाया जाएगा। बुलाने वाले आवेदियों का चयन लाटरी से किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण ने अपैरल, हैंडीक्राफ्ट और एमएसएमई पार्क के लिए योजना निकाली थी। इसके साथ टवाय सिटी की योजना भी आई थी। बार अधिकमास के कारण नवरात्रि इसमें से 4 हजार वर्ग मीटर के नीचे



के भूखंड के लिए ड्रा निकाला जाएगा। इसका ड्रा 9 अक्टूबर को निकाला जाएगा। निवेश सेल के प्रभारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि ड्रा से पहले सभी आवेदकों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

एक अक्टूबर से आवेदक अपना नाम देख सकते हैं। अगर किसी को आपत्ति है तो वह 5 अक्टूबर तक दे सकता है। 7 अक्टूबर तक सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया जाएगा। 9 अक्टूबर को ड्रा निकाला जाएगा। कोविड के चलते केवल 10 प्रतिशत आवेदक भी बुलाए जाएंगे।

# रामलीला मंचन : कलाकार तैयार, बस अनुमति का इंतजार

## पूर्व कांग्रेस सांसद जेपी अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लगाई गुहार



संजय राय। नई दिल्ली

कोरोना काल में शहर से लेकर देहात तक रामलीला का मंचन अधर में लटका है। रामलीला कमेटियों को प्रशासनिक अनुमति का इंतजार है ताकि उसी के अनुरूप आयोजन हो सके लेकिन अनुमति मिलने में देरी से नाराज पूर्व कांग्रेस सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जल्द रामलीला मंचन की मंजूरी देने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि देशभर में सदियों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है। वह चाहते हैं कि इस साल भी इसका आयोजन होना चाहिए। इसके साथ संस्कृति और लोगों की आस्था भी जुड़ी है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ है कि किसी भी कारणवश, रामलीला के मंचन को रोका जाए।

जय प्रकाश अग्रवाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अनलॉक- 4 में धीरे-धीरे सभी चीजों को खोल दिया गया है। बिहार में चुनावों की घोषणा हुई। संसद का मानसून सत्र चला, प्रदेशों में बाजार खुलने लगे। मेट्रो दौड़ने लगी। आम लोगों की सुविधा के लिए डीटीसी बसों का परिचालन रात्रि 12 बजे तक किया गया। इन सभी को संज्ञान में रखते हुए, जैसे जन जीवन को पटरी पर लाया जा रहा है। उसी तरीके से सशर्त रामलीला के मंचन को भी मंजूरी दी जानी चाहिए।

जेपी ने कहा कि देशभर की रामलीला कमेटियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध करते है कि रामलीला के मंचन को सुचारू रूप से सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए मंचन की स्वीकृति दें। वह भरोसा दिलाते हैं, केंद्र सरकार, कोरोना महामारी को देखते हुए, जो भी मापदंड तय करेंगी। उसे देशभर की कमेटियां स्वीकार करेंगी। मालूम हो कि श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के बाद शारदीय नवरात्रि शुरू हो जाते हैं।

इन्हीं दिनों होता है रामलीला महोत्सव का आयोजन। दुर्गा नवमी पर काली प्रदर्शन व दशमी को रावण दहन होता है। इस बार कोरोना महामारी के चलते मार्च से लॉकडाउन के कारण सरकार ने सभी धार्मिक आयोजनों पर रोक लगा दी थी, धार्मिक स्थल भी बंद रहे। बाद में बेशक ये खोल दिए गए, लेकिन अभी धार्मिक आयोजनों को लेकर सरकार के दिशा निर्देशों का इंतजार है। इस बार अधिकमास के कारण नवरात्रि 17 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के बॉटनिकल गार्डन के पास मंगलवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि सोमवार देर रात सेक्टर-22 में हुए सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई।

सेक्टर-39 क्षेत्र के बॉटनिकल गार्डन के पास मंगलवार सुबह को विनीता नामक महिला पैदल जा रही थी। तभी एक स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-22 के पास ट्रैक्टर चालक को एक अन्य ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के हरौला गांव में हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाएं और बरौला गांव में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

**HPL ELECTRIC & POWER LIMITED**
CIN: L74899DL1992PLC048945
Regd. Office: 1/20, Asaf Ali Road, New Delhi 110 002
Ph.: +91-11-23234411, Fax: +91-11-23232639
E-mail: hpl@hplindia.com, Website: www.hplindia.com

**NEWSPAPER SEALED TENDER**
**(WATER AFFECTED STOCK OF WIRES & CABLES, LIGHTING AND SWITCHGEARS)**

Newspaper Sealed Tender is invited from interested buyers for disposal, strictly on "As Is Where Is" basis with all defects, on 'Lump-Sum basis', for the Water affected Stock of Wires & Cables, Lighting and Switchgears belonging to M/s. HPL Electric & Power Ltd. Salvage of the above materials can be inspected at VPO: Bhigan, Dhatoori Road, Tehsil Ganaur Sonipat, Haryana between 10/10/20 to 12/10/20 (except Sunday), after taking prior appointment from Mr. Naveen Mittal Ph – 9996782266.
Tender document with terms and conditions can be obtained, in person, on payment of DD of Rs.2,000/- in favour of M/s. J.C. Gupta & Co. Insurance Surveyor & Loss Assessors" payable at PAR'. The Sealed tenders are to be opened on 12/10/20 at below mentioned address at 5 P.M.
For Tender forms, Contact Mr. Lovesh at Mob:- 95823 88072.
Address: - RP-22, 2nd Floor, Pitampura, New Delhi-110034 or download from website: www.SalvageSettlers.com. Last date for submission of Tender form is 12/10/20 before 12.00 PM.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# सक्षम के बाद अब तावडू को सीसीटी बनाने में जुटा विभाग

**तावडू।** सक्षम के बाद अब तावडू ब्लॉक को सीसीटी बनाने की तैयारी है। शिक्षा विभाग व प्रशासन इस संदर्भ में पुरजोर तरीके से जुट गया है। मंगलवार को डीईओ नूंह अनूप जाखड़ ने एसडीएम डॉ. नरेश कुमार व सीएमजीजीए धनश्री की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू में ब्लॉक के स्कूलों के मुखियाओं व सीआरसी की मीटिंग ली।

बैठक में तावडू ब्लॉक को सीसीटी(क्रिएटिव व क्रिटिकल थिंकिंग) बनाने को लेकर काफी देर तक मंथन हुआ। मीटिंग में उक्त अधिकारियों सहित डीपीसी रमेश दहिया व बीईओ रमेश मलिक ने स्कूल मुखियाओं को विस्तारपूर्वक अवगत कराया व इस संदर्भ में गहनता से अनुपालन के भी आदेश दिए। मीटिंग में सर्वप्रथम एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता है व इनके ऊपर राष्ट्र का काफी दायित्व है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में आने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों की आशाओं पर हम खरा उतरें बस इसी को दृष्टिगत रख हमें कार्य करना होगा। वहीं डीईओ अनूप जाखड़ ने कहा कि प्रदेश के 24 ब्लॉक सक्षम बन चुके हैं जिनमें तावडू ब्लॉक भी शामिल है। अब तावडू को इसी क्रम में आगे बढाते हुए सीसीटी बनाना है। उन्होंने कहा कि सीसीटी में कक्षा सातवीं, आठवीं व नौवीं के हिंदी, गणित व विज्ञान विषय शामिल किए गए हैं। वाट्सअप, वर्चुअल कम्युनिकेशन व दूरभाष माध्यम के अलावा मौहल्ला पाठशाला के माध्यम से हमें बच्चों तक जुड़ना है।

# नहीं हो रहा था गुजारा, मिसेज हरियाणा बनी सहारा

### रेहड़ी लगाने वाले परिवार का किया सहयोग

### मिक्सी दिलाई, रेहड़ी ठीक कराकर शुरू कराया काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-34 में गरीब परिवार को रोजगार के लिए मिक्सी भेंट करतीं मिसेज हरियाणा रितु कटारिया।

**लॉकडाउन** के बाद बिगड़ी आर्थिक स्थिति के कारण परिवार का पेट पालना मुश्किल हो गया था। रेहड़ी लगाकर काम करने की सोची, पर रास्ते का पत्थर बनी घर की आर्थिक स्थिति। इसी बीच उनका संपर्क हुआ मिसेज हरियाणा 2018 रितु कटारिया से, जिन्होंने उनकी आर्थिक सहायता करते हुए सामान भी दिलवाया और रेहड़ी भी ठीक करवाई। अब गरीब परिवार ने अपनी आजिविका कमानी शुरू कर दी है।

मिसेज हरियाणा रितु कटारिया ने बीते दिनों सेक्टर-34 में एक रेहड़ी पर दुकान लगाने वाले व्यक्ति को अपनी संस्था परिवर्तन-एक प्रयास की ओर से बिक्री के लिए कुछ सामान खरीदकर दिया, ताकि वह अपना रोजगार शुरू कर सके। क्योंकि उस व्यक्ति के पास इतने पैसे भी नहीं थे कि वह कुछ सामान खरीद सके। उनके साथ धर्मवीर हिंदुस्तानी और वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मवीर तनेजा का भी सहयोग रहा। दोनों ने उनके काम को सराहा। रितु कटारिया ने उनकी सहायता की और उनका काम शुरू करवा दिया। उसी व्यक्ति के माध्यम से अब एक अन्य परिवार ने भी रितु कटारिया से संपर्क करके अपना काम शुरू कराने की गुहार लगाई। मंगलवार को रितु कटारिया ने अपनी संस्था की ओर से मिक्सी खरीदकर दी।

साथ ही उनकी खराब रेहड़ी को भी ठीक कराया। सेक्टर-34 में उनका काम शुरू कराकर एक और नेक कार्य किया। रितु कटारिया का कहना है कि खुशियों का कोई पैमाना नहीं होता। लाखों-करोड़ों में भी खुशी नहीं मिलती, जितनी खुशी इन गरीबों को अपनी रेहड़ी पर काम शुरू करके मिली है। उनका यही प्रयास है कि अपनी संस्था के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रमों के साथ-साथ ऐसे गरीब लोगों की आजिविका की शुरुआत कराएं। भविष्य में भी वे इसी तरह से जरूरतमंदों की सहायता में तत्पर रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में बॉयोलोजी सोसायटी व एनसीसी गर्ल विंग द्वारा विश्व हरित उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली मनाया गया। इसके अंतर्गत 'बेस्ट आउट आफ प्लास्टिक वेस्ट व 'वर्टिकल और हैंगिग गार्डनिंग बाइ द यूज ऑफ प्लास्टिक वेस्ट' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के कोने-कोने से 70 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। ये प्रविष्टियां दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, लद्दाख, पंजाब, केरल आदि राज्यों के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त हुईं। प्रथम पुरस्कार अर्चना अत्री एनबीबीडीएस गंगटोक सिक्किम को मिला। द्वितीय पुरस्कार खुशबू एसडी कॉलेज राजपुर हिमाचल प्रदेश व गुलिस्ता राजकीय पीजी कॉलेज नोएडा उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किया। भार्गव विज एसडी कॉलेज, होशियारपुर पंजाब व मुस्कान विरमानी एसडी कॉलेज पलवल हरियाणा) ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। टीना टायनीसिमन सेंट मेरी कॉलेज थिरिसूर केरल, रिगजन चोसड़न लद्दाख, शालिनी जादोन कमला राजा गर्ल राजकीय पीजी कॉलेज ग्वालियर मध्य प्रदेश, पूजा गर्ग केएल मेहता दयानन्द कॉलेज फरीदाबाद हरियाणा व वर्षा राजकीय कॉलेज मोहना हरियाणा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा ने जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. वन्दना कालडा, वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. कांता रानी व एनसीसी गर्ल विंग की इंचार्ज डॉ. मनीषा अग्रवाल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बादशाहपुर में पोषण आहार का मेले का आयोजन



**सोहना।** बादशाहपुर में पोषण आहार का मेले का आयोजन करके बच्चों से लेकर महिलाओं को अपने घर का ही शुद्ध पका हुआ भोजन उपयोग करने को लेकर जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं को दो वर्ष तक पौष्टिक आहार का उपयोग करने की सलाह दी गई। मंगलवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा पोषण मेला का आयोजन किया। पोषण मेले में महिलाओं को अपने छह माह तक बच्चा को स्तनपान कराने से लेकर उसके बाद दिया जाने वाला आहार में पौष्टिकता होने पर जोर दिया। ताकि बच्चा के शरीर को अच्छा व शुद्ध भोजन मिल सके। मेले में अन्नप्राशन भोजन अपने ही घर में पकाकर खाने की सलाह दी गई। बाहर बाजार में मिलने वाले भोजन को नकार देने की बात कही। मेले में नुक्कड़ नाटक, गोदभराई स्तनपान, आदि प्रकार के आयोजनों के माध्यम से भी जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में सुन्दरी, आशा, सुनीता, रेखा और बबीता ने पूर्णरुप से मेले को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### शराबी पुत्र ने पिता की गोली मारकर हत्या की

**पलवल।** पलवल के गांव मानपुर में शराबी पुत्र ने गोली मारकर अपने ही पिता की हत्या कर दी। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के दूसरे पुत्र की शिकायत पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी देवेंद्र कुमार के अनुसार गांव मानपुर निवासी पवन कुमार ने शिकायत दी है कि उसके पिता करतार सिंह व भाई अमित कुमार शराब के आदि थे। दोनों का शराब के नशे में अक्सर झगड़ा होता रहता था। 28 सिंतबर की रात 12 बजे पिता करतार सिंह घर पर मौजूद थे। उसी दौरान अमित शराब के नशे में आया और पिता करतार सिंह के साथ झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान अमित ने पिता करतार सिंह की छाती में गोली मार दी। गोली लगने से करतार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी अमित कुमार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन के खिलाफ मामला दर्ज

**पलवल।** चाइल्ड वेलफेयर कमेटी चेयरपर्सन के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी की शिकायत पर दर्ज मामले की आरोपी को कैंप थाना पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। कैंप थाना प्रभारी यादराम के अनुसार एक किशोरी ने सिविल अस्पताल में 26 जून को बच्चे को जन्म दिया था। जच्चा-बच्चा को 29 जून को डिस्चार्ज करवाया। डिस्चार्ज के दौरान अस्पताल में जिला बाल सरंक्षण समिति का सदस्य किशोरी को खींचती दिखाई दी। किशोरी अस्पताल परिसर में समिति के सदस्यों के पैर पकड़ कर रहम की भीख मांगती देखी गई। इस बारे में सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर विभाग हरकत में आया। दुष्कर्म पीडित किशोरी और उसके बच्चे की पहचान उजागर करने पर सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन दर्शना भारद्वाज के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# 9.18 करोड़ की सीवर योजना अधर में अटकी, दो बार बढ़ाया समय

### पिछले दो वर्ष से चल रहा काम, लोग परेशान

नरेश कुमार। सोहना


सोहना के बालूदा मार्ग पर धूल फांक रहे है सीवर लाइन में डाले जाने वाले पाइप।

**सोहना** की 19 कॉलोनियों में बिछाई जाने वाली नौ करोड़ 18 लाख रुपये में 3840 मीटर सीवर लाइन का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। सीवर लाइन बिछाने का कार्य बीते दो साल में 50 फीसदी हुआ है। जबकि कार्य करने की तय सीमा 15 अक्टूबर 2019 को खत्म हो गई। सीवर लाइन चालू न होने से कॉलोनियों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2018 में सोहना शहर की वैध 19 कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने के लिए नौ करोड़ 18 लाख रुपये की बजट राशि जनस्वास्थ्य विभाग को सौंपी दी। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा छोड़ा गया टेंडर में राजेश जैन ठेकेदार को दिया गया। जुलाई 2018 में ठेका छोड़ने के साथ ठेकेदार को 15 अक्टूबर 2019 तक कार्य को पूरा करने की शर्त रखी गई थी लेकिन ठेकेदार ने सीवर लाइन बिछाने के कार्य में शुरुआत से लापरवाही बरती। जिसके चलते यह कार्य तय समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। जिसके लिए ठेकेदार ने जनस्वास्थ्य विभाग से कार्य पूरा करने के लिए 31 मार्च 2020 तक समय मांग लिया, लेकिन ठेकेदार इस तय समय सीमा में भी सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूरा नहीं कर सका। छह माह बीत जाने के बावजूद कॉलोनियों में सीवर बिछाने का कार्य पूरा नहीं हुआ है।

**कहां-कहां चल रहा कार्य** : शहर की 19 कॉलोनियों में सुशील नगर, राजौरिया कॉलोनी, हरीनगर, अंबेडकर कॉलोनी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नहर कॉलोनी, बांध कॉलोनी, मंगलनगर, देवी मंदिर मार्ग, सोहना नगर परिषद के गांव रायपुर और जखोपुर शामिल हैं।

**रास्ते में बना रहे सेफ्टी टेंक** : सीवर लाइन न डलने के कारण कॉलोनियों के लोग अपने घरों के बाहर रास्ते व तंग गलियों में सेफ्टी टेंक बना रहे हैं। राकेश का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को बार-बार मौखिक और लिखित में शिकायतें दी जा रही हैं।

**ठेकेदार पर लगाया जुर्माना** : जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश भूरा का कहना है कि ठेकेदार सीवर लाइन में जितनी लापरवाही बरत रहा है और तय समय सीमा में कार्य को पूरा नहीं कर रहा है। उस पर जुर्माना लगाया जा रहा है। हाल ही में विभाग की तरफसे ठेकेदार पर दो फीसदी नियमानुसार जुर्माना भरने का नोटिस जारी कर दिया है। इससे पहले भी ठेकेदार से जुर्माना लिया है।

# कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा कर गया 20 हजार को पार

### प्रशासन ने जिले में बनाए हैं 20 कंटेनमेंट जोन

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी का प्रकोप गुरुग्राम जिले में कम होता दिखाई नहीं दे रहा है। कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 20 हजार को पार कर गया है। हालांकि कोरोना से स्वस्थ होने वालों कीक संख्या दिन-प्रतिदिन जिले में बढ़ रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है।

प्रदेश सरकार का स्वास्थ्य विभाग भी इसको लेकर पूरी तरह से गंभीर होता दिखाई देने लगा है। जिला प्रशासन ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शहरी क्षेत्र व जिले के सोहना क्षेत्र में सोमवार को 20 कंटेनमेंट जोन बनाने के आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमितों की जांच करने में जुटा है। सेक्टर-31, वजीरपुर, सेक्टर 38, बादशाहपुर, एमजी रोड, गांव चौमा, गढ़ी हरसरू, बसई एंक्लेव, शांति नगर, मदनपुरी आदि क्षेत्रों में मंगलवार को कोरोना जांच शिविर लगाए गए, जिनमें संभावित कोरोना संक्रमितों की जांच भी की गई।

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि ढाई लाख की जांच में 20 हजार कोरोना संक्रमित मिले हैं। विभाग ने कोरोना जांच का दायरा बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग लोगों से आग्रह भी करता आ रहा है कि वे कोरोना की जांच अवश्य कराएं, ताकि बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोका जा सके। विभाग का मानना है कि लोगों में जागरुकता बढ़ाने से संक्रमितों के आंकड़े को कम किया जा सकता है। जिले में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए सघन टेस्टिंग व ट्रैसिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वस्थ लोगों तक कोरोना का संक्रमण न फैले।

जिले में मृत्यु दर घटकर 0.85 प्रतिशत हो गई है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि कोरोना संक्रमितों की समय रहते पहचान हो जाने से उनका समय पर इलाज हो जाता है। इसी कारण मृत्यु दर का आंकड़ा अब धीरे-धीरे नीचे आता जा रहा है। जिलेवासियों का इम्युनिटी सिस्टम भी मजबूत हुआ है। शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक कोरोना के टेस्ट कराए गए हैं। कोरोना से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कसी हुई है। अनलॉक-4 के 29वें दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां आवागमन सामान्य रहा, वहीं शहर के मुख्य बाजारों, मॉल्स आदि में भी लोगों की बढ़ती संख्या देखी गई है। आने वाले दिन त्योहारों के हैं।

# मार्केट कमेटी ने सब्जी आढ़तियों को नोटिस दिए

**सोहना।** मार्केट कमेटी ने सब्जी आढ़तियों को नोटिस देते हुए मंडी परिसर को खाली करने के आदेश जारी किए हैं। ताकि एक अक्टूबर से शुरू होने जा रही फसलों की खरीद के लिए परिसर खाली हो सके। मंडी में लगी रेहड़ियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया।

एक अक्टूबर से स्थानीय अनाज मंडी में बाजरा, कपास और धान की खरीद शुरू होने जा रही है। मार्केट कमेटी ने मंगलवार को सब्जी आढ़तियों को परिसर में लगे टिनशेड समेत अन्य स्थान खाली कराने के लिए नोटिस जारी किए हैं। मार्केट कमेटी ने मंडी परिसर में खड़े वाहनों को भी हटाने के लिए आढ़ति और दुकानदारों को मौखिक कहा है। जब तक फसलों की खरीद का कारोबार चलेगा। तब तक रेहड़ियों को अंदर नहीं आने दिया जाएगा।

**निर्धारित स्थान पर लगेगी सब्जी की आढ़त:** बुधवार से सब्जी आढ़ति अपनी आढ़तों के सामने ही सुबह किसानों का माल मंगवाएंगे। ताकि अनाज मंडी का परिसर पूर्णरूप से किसानों को खाली मिले। किसान अपनी फसलों की ढेरियां फड़ों के ऊपर या टिनशेड के नीचे लगा सकेंगे।

**किसानों को मिलेगी हर सुविधा** : मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार का कहना है कि अनाज मंडी में आने वाले किसानों को पूरी सुविधा मिलेगी। किसान आसानी से अपनी फसल का पंजीकरण करा सकेंगे। मंडी परिसर को आवारा पशुओं से मुक्त कर दिया है। किसानों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# दुरुस्त रहने को दिल से करें दिल की देखभाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में विश्व हृदय दिवस के मौके पर गुब्बारे छोड़कर स्वस्थ रहने का संदेश देते अतिथि।

**मंगलवार** को विश्व हृदय दिवस के मौके पर कैनविन फाउंडेशन की ओर से आर्टेमिस अस्पताल के साथ मिलकर दिल को स्वस्थ रखने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों व एक्सपर्ट ने दिल से सभी से यही आग्रह किया कि अपने दिल की उचित देखभाल करें। ऐसा करके हम दिल की बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं।

दिल के आकार का केट काटकर सभी को विश्व हृदय दिवस की बधाई देते हुए कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं बीजेपी के जिला सचिव नवीन गोयल ने कहा कि यह बात हम सब जानते हैं कि हमारा पर्यावरण कैसा है। खान-पान कैसा हो गया है। पाश्चात्य संस्कृति को अपनाकर हमने अपनी सेहत को खराब कर लिया है। अब जरूरी है कि हम अपना सादा देसी खान-पान अपनाएं और खुद की सेहत को दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन गुरुग्राम की सेहत सुधारने को वचनबद्ध है। इसके लिए संस्था लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है खुश रहना। कोरोना महामारी ने यह बता दिया है कि अधिक सुविधाएं होना खुशियों की निशानी नहीं है, बल्कि कम सुविधाओं में भी हम खुश, सुखी रह सकते हैं। नवीन गोयल ने गुरुग्राम के युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे हमारा सामाजिक पतन हो रहा है।

आर्टेमिस अस्पताल में हृदय रोग विभाग के निदेशक डा. महेंद्र संधू ने कहा कि आज नंबर वन किलर हार्ट डिजिज बन चुकी हैं। रोजाना वॉक करके बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रोल को हम सही रख सकते हैं। हमारी अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि हमारा हार्ट सही रहे। उन्होंने कहा कि हृदय रोग के केसों में बढ़ोतरी हो रही है।

# दो अक्टूबर को संत निरंकारी मिशन करेगा रक्तदान


**गुरुग्राम।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा शुक्रवार 2 अक्टूबर 2020 को गुरुग्राम में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर स्थानीय सेक्टर-31 के संत निरंकारी सत्संग भवन में प्रात: 10.00 बजे से दोपहर बाद 1.00 बजे तक चलेगा।

निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार निरंकारी अनुयायी एवं भक्तजन मानव कल्याण के लिए एवं जीवन दान के लिए रक्तदान करते रहे हैं ताकि मानव का रक्त व्यर्थ न हो और मानव की रंगों में ही बहे। कोरोना महामारी के चलते गुरुग्राम सिविल अस्पताल के पुन: आग्रह पर संत निरंकारी मंडल दिल्ली ने शुक्रवार 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर लगाने का आदेश दिया है।

# कोविड वाटिका तैयार करने में जुटे वृक्षप्रेमी पुरुषोत्तम खंडेलवाल

### पिछले 30 वर्षों में लाखों पौधे लगाकर वितरित कर चुके हैं खंडेलवाल

विनोद शर्मा। पलवल


वाटिका में औषधीय पौधे तैयार करने में जुटे पुरुषोत्तम खंडेलवाल

**मोती** कॉलोनी निवासी बुजुर्ग वृक्षप्रेमी पुरुषोत्तम खंडेलवाल पिछले 30 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को दे रहे हैं। अब तक एक लाख से अधिक पौधे उगाकर वितरित कर चुके पुरुषोत्तम खंडेलवाल अब कोविड वाटिका तैयार करने में जुटे हैं। जिससे इम्यूनिटी बढ़ाने वाले सभी पौधे एक जगह उपलब्ध हो सकेंगे। वाटिका में 15 तरह के पौधे शामिल होंगे। जिनमें तुलसी, हरीश्रृंगार, गिलोय, अश्वगंधा, नीम आंवला, हरड़, बेलपत्र, घृतकुमारी, हल्दी, मेथी, कालीमिर्च, दालचीनी, अर्जुन, अजवाइन शामिल है।

**कपड़े का कारोबार छोड़ लगाई नर्सरी:** पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कई वर्ष पूर्व कपड़े का कारोबार छोड़ मोती कॉलोनी में 500 गज के प्लॉट में श्रीहरि श्रृंगार वाटिका बनाई। तब से इसमें पौधे तैयार कर लोगों को मुफ्त बांट रहे हैं। इनकी वाटिका में 100 से अधिक प्रकार के पौधे लगे हुए हैं। वे अपने प्रेरणास्रोत देश के अनेक संतों को बताते हैं। खंडेलवाल को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वनमंत्री, उद्योगमंत्री सहित अनेक संस्थाएं पौधारोपण व जड़ी बूटी की खेती के लिए प्रशस्ति पत्र दे चुके हैं।

**पर्यावरण प्रवर की उपाधि मिली :** गत 15 फरवरी 2012 को उन्हें सांस्कृतिक व शैक्षिक साहित्य मंडल उदयपुर की ओर से उन्हें पर्यावरण प्रवर की उपाधि से सम्मानित किया गया था। अब तक पांच बार महाकुंभ के मेले में देश व विदेश के अनेक लोगों को भी औषधीय पौधों के बीज वितरित कर चुके हैं।

**बुजुर्गों को कराते हैं रोज व्यायाम :** खंडेलवाल रोज सुबह मोती कॉलोनी पार्क में बुजुर्गों को व्यायाम कराते हैं। साथ ही औषधीय पौधों के गुण भी बताते हैं। उनका कहना है कि बुजुर्गों में कोरोना महामारी से लड़ने की क्षमता कम नहीं है। यदि संयमित रहकर व्यायाम व आयुर्वेद को अपनाया जाए तो कोई रोग हमें छू नहीं सकता।

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन अब चार अक्टूबर तक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


देवेन्द्र चौहान।

**आईटीआई** में दाखिले की तिथि बढ़ाकर चार अक्टूबर कर दी गई है। यह निर्णय सरकार/विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के चलते एवं आईटीआई में दाखिले बढ़ती मांग को लेकर लिया गया है। कोरोना काल प्रमाणपत्र बनवाने की समस्या भी मख्य कारण है।

हिन्दुस्तान आईटीआई मीतरोल के चेयरमैन देवेन्द्र चौहान ने बताया कि आईटीआई संस्थानों में दाखिले की तिथि 28 सितंबर से बढ़ाकर चार अक्टूबर तक कर दी गई है। दाखिले की विवरण पत्रिका में वर्णित अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दाखिले को लेकर मेरिट में सीट एलॉटमेंट जारी होने के बारे में सूचना विभाग की वेबसाइट पर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी आईटीआई संस्थानों में 30 प्रतिशत सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित है। आवेदनों की संख्या तेजी बढ़ी है। देवेन्द्र चौहान ने बताया कि छात्रों का रुझान आईटीआई में दाखिले के लिए बढ़ा है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आईटीआई की लोकप्रियता बढ़ी है। यहां पर पहले से ज्यादा छात्रों को प्राइवेट उद्योगों में प्लेसमेंट करवाया गया है और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पास छात्रों को प्लेसमेंट दिलवाया जाएगा।

आईटीआई में दाखिले के लिए निदेशालय द्वारा अपना दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार आईटीआई प्रशासन के द्वारा भी अपनी दाखिला संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। किसी भी छात्र को दाखिला संबंधित कोई भी समस्या आती है तो वह संस्थान में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# मैकफे ने घर से काम करने के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने को टेक्नोलॉजी का विकास किया

### उत्पाद संग्रह की नई विशेषताओं में सोशल मीडिया प्रोटेक्शन, टेक स्कैम प्रोटेक्शन आदि जैसी सुरक्षाएं शामिल हैं

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**मैकफे** ने अपने लेटेस्ट कंज्यूमर सिक्योरिटी पोर्टफोलियो की घोषणा की, जिसमें बेहतर यूजर अनुभव एवं नई विशेषताओं के साथ बेहतर उत्पाद शामिल है। यह उपभोक्ताओं को इंटीग्रेटेड सोशल मीडिया एवं टेक स्कैम प्रोटेक्शन भी प्रदान करेगा। मौजूदा समय में उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पाद में इन नई विशेषताओं का समावेश किया गया है, ताकि यूज़र्स घर से व्यवसायिक व व्यक्तिगत काम करते हुए आने वाले मौजूदा खतरों से सुरक्षित रहें।

मैकफे इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वेंकट कृष्णापुर ने कहा, घर, ऑफिस एवं स्कूल डिजिटल हो जाने के साथ आज के उपभोक्ताओं को संपूर्ण स्तर पर डिवाईस एवं वेब प्रोटेक्शन की जरूरत है, ताकि उनके डिजिटल जीवन का हर पक्ष सुरक्षित बने। उन्होंने कहा, आज के तेजी से कनेक्टेड होते विश्व के अनुरूप निर्मित, मैकफे का विकसित उत्पाद संग्रह उपभोक्ताओं के कनेक्टेड जीवन का हर पक्ष सुरक्षित बनाने का एक व्यवहारिक माध्यम है।

**सुरक्षा व गोपनीयता की वृद्धि हुई** : मैकफे कोविड-19 थ्रेट रिपोर्ट : जुलाई2020 के मुताबिक मैकफे लैब्स को मैलिशियस ऐप्स, फिशिंग कैम्पेन, मालवेयर आदि से हर मिनट औसतन 375 नई थ्रेट मिलीं। इस थ्रेट्स से सुरक्षा देने और कोरोनावायरस से जुड़े स्कैम का समाधान करने के लिए मैकफे उत्पाद श्रृंखला में निम्नलिखित अपडेट एवं इन्हेंसमेंट किए गए हैं। टेक स्कैम प्रोटेक्शन: अब ऐसी वेबसाईट पर विजिट करने पर मैकफे वेबएडवाइजर चेतावनी देता है, जो आपके कंप्यूटर की रिमोट एक्सेस साइबर क्रिमिनल्स को दे सकती हैं। इससे भारत में दर्ज हुए धोखाधड़ी के 128 करोड़ ऑनलाईन नुकसानों का समाधान हो सकेगा। एडवांस्ड मैलवेयर डिटेक्शन: मैकफे ने अपनी मशीन लर्निंग की क्षमताएं बढ़ाकर विभिन्न डिवाइसेस पर विकसित होने वाली थ्रेट्स को पहचानने में लगने वाले समय में सुधार किया है। यह फाइल-लेस थ्रेट्स से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाया** : उपभोक्ता सुरक्षा से ज्यादा महत्व सुविधा को देते हैं और ऑनलाइन सुरक्षा को तब तक नजरंदाज कर जाते हैं, जब तक उनका कोई नुकसान न हो जाए।

# बीकेः खुद देखते नहीं, समाजसेवियों को दिखा रहे बाहर का रास्ता

## फल बांटने आए समाजसेवी को दिखाया बाहर का रास्ता

### पीएमओ बोली, उन्होंने नहीं दिए आदेश



**कविता।** फरीदाबाद

अपनी गलतियों पर पर्दा डालने के लिए बीके सिविल अस्पताल के कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं। कर्मचारियों की लापरवाही से अस्पताल में आने वाले अज्ञात मरीज दुर्दशा का शिकार होकर जान गंवा देते हैं। इन गलतियों को छिपाने के लिए कर्मचारियों ने अज्ञात मरीजों की सेवा के लिए आने वाले समाजसेवियों के आने पर अपनी मर्जी से प्रतिबंध लगा दिया। मंगलवार को सुरक्षा कर्मियों ने फल बांटने आए एक समाजसेवी को बाहर का रास्ता दिया। जबकि अस्पताल की पीएम यह आदेश देने की बात से इनकार कर रही है।

**यह है मामला**

बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में दो बुजुर्ग महिलाओं समेत चार अज्ञात मरीज भर्ती हैं। इन मरीजों की सेवा करने के अलावा फल खिलाने का काम समाजसेवी सतीश चौपड़ा कर रहे है। मंगलवार को भी सतीश चौपड़ा चारों अज्ञात मरीजों के लिए फल लेकर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक मरीज बिस्तर से गायब है। तीन मरीजों को उन्होंने फल काटकर दिए ही थे कि तभी वहां तैनात सुरक्षाकर्मी ने उन्हें बाहर जाने को कहा। पूछताछ करने पर सुरक्षाकर्मी ने कहा कि उन्हें अंदर न घुसने देने के आदेश उनके प्रभारी ने दिए हैं। सतीश चौपड़ा का कहना है कि कर्मचारी अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए समाजसेवियों के आने पर पाबंदी लगा रहे है। ताकि सभी अज्ञात मरीजों को यहां से भगा सके।

**पीएमओ ने नहीं दिए आदेश**

बीके अस्पताल की पीएमओं डॉ. सविता यादव ने कहा कि किसी समाजसेवी के अस्पताल आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। उन्होंने अधिक देर तक अस्पताल में न रूकने देने के आदेश दिए हैं। रही फल खिलाने या बांटने की बात तो इसके लिए भी किसी तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में उन्होंने सुपरवाइजर को दोबारा निर्देश जारी किए है कि समाजसेवियों को फल व सेवा करने से न रोका जाए।

**यह दिए आदेश**

अपातकालीन कक्ष में तैनात सुरक्षाकर्मी से पायनियर ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उनके सभी इंचार्जों ने समाजसेवियों के फल बांटने पर पाबंदी लगाई है और उन्हें अंदर भी पीएमओं की परमिशन के बिना नहीं आने दिया जाएगा। पीएमओं की परमिशन लेकर ही वह अंदर आ सकते है। इंचार्ज किरण और अजित से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# कोरोना से एक मौत, 168 पॉजिटिव से आंकड़ा 19662

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जांच शुल्क लगाए जाने के बाद जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। मंगलवार को 168 नए मरीज सामने आए। वहीं एक पॉजिटिव ने दम तोड़ दिया है। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 19662 पर पहुंच गया। वहीं पिछले 24 घंटे में 209 कोरोना रोगियों ने इस बीमारी की जंग को जीत लिया है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 92.5 प्रतिशत पहुंच गया।

**पॉजिटिव व मृतक**

सेक्टर-आठ निवासी 74 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत कोरोना के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने पर हो गई। वहीं जिले में 168 पॉजिटिव में भूड कालोनी, डबुआ, इस्माइलपुर, बादशाहपुर, एसजीएम नगर, ग्रीनफिल्ड, जवाहर कालोनी, पल्ला, जनता कालोनी, राज सिंह कालोनी, पर्वतीया कालोनी, सेहतपुर, शास्त्री कालोनी, दौलताबाद, सेक्टर-86, 49, 37, 88, 77, 19, 75, 21, 14, 10, 89, 91, 11, 3, 4, मोहना, सराय, बुखारपुर, खेड़ी कला, चावला कालोनी, आरपीएस सबाना, सूर्या नगर, गांधी कालोनी, खेड़ी कला, नेहरू कालोनी, मेवला महाराजपुर से 2-2 मरीज है। सेक्टर-81, 84, 15, 48, 82, अशोका इंक्लेव, एनएच-तीन, एसी नगर, से 3-3 मरीज है। सेक्टर-29, जवा, शिव दुर्गा बिहार, पाली, तिगांव, राजीव नगर, दयालबाग, मुजेसर, भगत कालोनी, भारत कालोनी, टिकावली, जीवन नगर, आदर्श नगर, इंदिरा नगर, बसेलवा कालोनी, एसजीएम नगर, सेक्टर-43, से 1-1 मरीज है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 198161 |
| रिपोर्ट नेगेटिव आई | 178179 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 320 |
| अब तक पॉजिटिव | 19662 |
| अब तक ठीक हुए | 18187 |
| अब तक मौत | 217 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 42 |
| आईसीयू में भर्ती | 13 |

## संक्षिप्त समाचार

### मंगलवार को दुकानें रही बंद



**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ बल्लभगढ़ मार्केट में कुछ एरियों की दुकाने बंद रही, वहीं कुछ इलाके की दुकाने रविवार को बंद होने के कारण खुली रही। वहीं दूसरी तरफ एनएच-पांच और एनएच-चार के दुकानदारों ने भी मंगलवार को बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस अड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मंगलवार को मासिक अवकाश के चलते अपनी सभी दुकानों को बंद रखा। मासिक अवकाश को शहर के व्यापारियों में मतभेद चला हुआ है। जिस वजह से मेन बाजार के दुकानदारों ने महीने के आखिरी रविवार को अवकाश रखा था। मोहना रोड, सीही गेट, चावला कॉलोनी, तिगांव रोड सहित अन्य एरिया में कुछ दुकान बंद रहीं। मगर बस अड्डा मार्केट खुली रही थी। अवकाश को लेकर शहर के दुकानदारों में कोई आम सहमति नहीं बन पा रही है। जिस वजह से शहर का कुछ एरिया रविवार को बंद रहा। वहीं बस अड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मंगलवार को अवकाश रखा है।

### नई युक्तियों से जिला बनेगा अपराध मुक्त : सीपी



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों तथा सहायक पुलिस आयुक्तों को बैठक के दौरान कहा कि फरीदाबाद को हर तरह के अपराध से मुक्त करने के लिए विभिन्न युक्तियां अपनाई जा सकती हैं। जैसे कि जेल से सजा पूर्ण होने उपरांत, पेरोल पर या जमानत पर आए बंदी अपराधियों से संपर्क बनाए रखने वाले व्यक्तियों तथा सक्रिय सभी अपराधियों की फोटो सहित पूर्ण विवरण के साथ एक सूची सभी नाकों, पीसीआर, राइडर व गस्त पार्टियों को उपलब्ध करवा दी जाए। इस सूची में से रोजाना पांच-सात लोगों से पुलिसकर्मी मिलें और उनके साथ वार्तालाप करें। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को अपराध मुक्त करना ही हमारा लक्ष्य है। कई बार व्यक्ति बड़े मामूली कारणों से अपने लक्ष्यों से भटक जाता है और अपराध की दुनिया में पहुंच जाता है। हर प्रकार की सजा का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति की सोच में सुधार करके उसे एक नई दिशा प्रदान करना है। इसके लिए उससे बातचीत करना, उनके दुख तकलीफ में उनकी छोटी-मोटी मदद कर देना या संभव हो तो उन्हें कोई काम दिलवा देना आदि कार्य करके भी उनकी सोच में परिवर्तन किया जा सकता है और उन्हें अपराध की दुनिया से बाहर निकाला जा सकता है। जिस प्रकार चावला कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा अग्रसेन पार्क में आयोजित एक बाल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को पेन वितरित करके उन्हें सन्देश दिया कि वे पढ़-लिखकर समाज में एक अच्छे इन्सान बने और कलम की ताकत को समझे। एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इसी प्रकार 'सर्तकता से सुरक्षा' और 'आओ पुलिस के मददगार' आदि अभियानों का अपराध जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का माध्यम बनाया जा सकता है। यदि समाज का एक व्यक्ति अपराध का रास्त पकड़ लेता है तो उसे सुधारने के लिए न जाने कितना सरकारी खर्च व समय बर्बाद होता है। संसार सोच से चलता है। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। कहते हैं। छोटी सोच और घुटने की मौच मनुष्य को आगे नहीं बढ़ने देती।

### हृदय रोगों के खतरे से बचाता है रक्तदानः मनचंदा




**फरीदाबाद।** एनएच-3 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में हृदय का ध्यान रखने बारे जागरूक किया गया। सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी एवम् प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि हृदय रोग के खतरे को हराने करने के लिए वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करें। 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार हृदय रोग विश्व में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। इसलिए, विभिन्न हृदय रोग और कारकों को समझने और जानने के लिए जरूरत है कि हम अपनी जीवन शैली को स्वस्थ रखें, ताकि हृदय उचित प्रकार से धड़कता रहे। इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे 2020 की थीम 'यूज हार्ट टू बीट कार्डियोवस्कुलर डिजीज' अर्थात हृदय का कार्य सभी अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए पूरे शरीर में रक्त पंप करना है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि तनाव हृदयघात के प्रमुख कारणों में से एक है। वर्तमान में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, जातिगत आदि भेदभाव के साथ ही गांव से शहर जाने वालों व गांव में रहने वालों, देश के बाहर जाने वालों और देश में रहने वालों, कोरोना पॉजिटिव तथा सामान्य लोगों के बीच भेद बढ़ा है। इससे समाज में तनाव का स्तर भी बढ़ रहा है। यह भारत तक ही सीमित नहीं, अन्य देशों की भी यही स्थिति है। इसे कम करने के लिए डब्ल्यूएचओ ने विश्व हृदय दिवस की थीम 'अपने दिल का उपयोग समाज, चाहने वालों और स्वयं के लिए करें' रखी है। तनाव कम करने का दायित्व समाज, सरकार और हम व आप सभी का है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, संयोजिका प्राध्यापिका जसनीत कौर और पूनम के मार्गदर्शन में विद्यालय की बालिकाओं ताबिनदा, निशा और खुशी ने पेंटिग और पोस्टर बना कर तनाव से मुक्त रहने, पोषक और संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा निश्चित अंतराल पर रक्तदान कर दिल का ख्याल रखने की सीख दी।

# वृद्ध महिला को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने परिवार से मिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

बीके अस्पताल के निकट 10 सिंतबर को रामवती नामक वृद्ध महिला उम्र 70 वर्ष मिली थी। जिसे ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज अपनी टीम के साथ आश्रम में आश्रय दिया था। मंगलवार को उसका दामाद दिलीप कुमार उसे ढूढ़ते ढूढ़ते आश्रम आया और वहां आकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दामाद दिलीप कुमार ने बताया की मेरी सास रामवती को उसके बेटे ने घर से निकाल दिया था। जिसके बाद वह नोएडा से मथुरा के लिए निकली थी, लेकिन रास्ता भटककर वह फरीदाबाद के बीके अस्पताल के पास पहुंच गई।

हमने उनकी बहुत तालाश की, लेकिन वो नहीं मिली अखिर में किसी रिश्तेदार ने उनकी फोटो अखबार और सोशल मीडिया पर देखी। जिससे हमें पता लगा कि वह ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में सही सलामत है। दिलीप कुमार ने आश्रम संचालक किशन लाल बजाज का कोटि कोटि धन्यवाद किया और कहा कि आप जैसे लोग वृद्धों के लिए भगवान के समान है।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया भ्रूण लिंग जांच केंद्र का भंडाफोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### गाजियाबाद के लोनी में चल रहा था भ्रूण लिंग जांच केंद्र

गाजियाबाद के लोनी इलाके में लिंग जांच करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जिला स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने मंगलवार को छापा मारा। इसमें अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ लोनी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। मौके पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी टीम के साथ हाथापाई के दौरान फरार हो गया। अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया है।

किसी व्यक्ति ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को सूचना दी थी कि फरीदाबाद से गर्भवतियों को गाजियाबाद के लोनी बोर्डर ले जाकर भ्रूण की लिंग जांच की जाती है। इसकी एवज 10 से 50 हजार रुपये वसूले जाते हैं। सीएमओ डॉ. रणदीप सिंह पुनिया ने पीएनडीटी के इंचार्ज व उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश आर्य के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव भगत, डॉ. मनोज बजाज, औषधि निरीक्षक डॉ. संदीप गहलोत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राखी शामिल रहे।

**इस तरह पकड़ा**

टीम एक महिला को फर्जी ग्राहक बनने के लिए तैयार किया गया। फिर फरीदाबाद में रहने वाले दलाल कपिल से संपर्क किया। दलाल ने भ्रूण जांच की एवज में महिला से साढे 12 हजार रुपये मांगे। स्वास्थ्य विभाग ने महिला को साढ़े 12 हजार रुपये दे दिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को महिला के साथ लोनी पहुंच गई। महिला को अकेले अल्ट्रासाउंड केंद्र में भेज दिया और खुद महिला के इशारे का इंतजार करने लगी। केंद्र संचालक डॉ. मोहम्मद औबेसी जब भ्रूण लिंग जांच कर रहा था तभी महिला का इशारा पाते ही टीम ने दबिश दी। इस दौरान केंद्र संचालक ने टीम पर हमला कर दिया। इस बीच टीम और आरोपियों के बीच हथापाई भी हुई। मौका पाकर केंद्र संचालक डॉ. मोहम्मद औबेसी फरार हो गया। जबकि भ्रूण की जांच करवाने के लिए ले जाने वाले दलाल कपिल को टीम ने धर दबोचा। आरोपी कपिल से महिला द्वारा दिए गए साढ़े आठ हजार रुपये बारामद कर लिए है। इस संबंध में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश आर्या ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, दूसरा फरार हो गया। दोनों के खिलाफ थाना लोनी में मामला दर्ज करवाया गया है।

# आज बंद रहेगा बाजार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एयरफोर्स**-60 फुट रोड़ स्थित हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान रामजुनेजा के कार्यालय पर डबुआ कालोनी, जवाहर कालोनी, 27 फुट रोड़, राकेश बुक डिपू मार्किट के व्यापारियों की आपात बैठक हुई। जिसमें माह की अंतिम दिवस पर बाजार बंद रखने के संदर्भ में चर्चा की गई। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से 30 सितम्बर को बाजार बंद करने पर सम्मति जताई। प्रधान रामजुनेजा ने कहा कि कोरोना काल में सरकार द्वारा व्यापारियों व आम जनता के हितों को देखते हुए शनिवार व रविवार के लॉक डाऊन को समाप्त कर दिया था। अब व्यापारियों ने एकमत से निर्णय लिया है कि माह के अंतिम दिन जवाहर कालोनी-60 फुट रोड़, पर्वतीय कालोनी, डबुआ कालोनी ए ब्लॉक मार्किट, राकेश बुक डिपू मार्किट, 27 फुट रोड़ मार्किट को बंद रखा जाएगा। इस बैठक में प्रधान रामजुनेजा के अलावा व्यापारी नेता रोहताश गर्ग, नेमचंद गर्ग, डा. बीकुमार, कन्हैयालाल गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता, लोकेश, धर्मेन्द्र कुमार सैनी, कमल भड़ाना सहित सभी बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# यातायात रोकने पर आरोपी नामजद

बल्लभगढ़। बीच सड़क पर ऑटो खड़ा करके यातायात रोकने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस अड्डे के सामने बीच रोड पर सोमवार रात को ऑटो खड़ा कर यातायात नियमों को तोड़ने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड पुलिस चौकी के एएसआई सज्जन कुमार ने दी अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे बस अड्डे के सामने हाइवे पर जाम लगा हुआ था।

# मरम्मत पर करोड़ों खर्च पर लीकेज रोकने कोई प्रयास नहीं : शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पिछले** 20 दिन से रैनी वैल की लाइन में चल रही लीकेज को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। नगर निगम के निकम्मे अफसरों की खिंचाई करते हुए एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा ने कहा की अफसरों को कमीशन खोरी से ही फुरसत नहीं है। सेक्टर 11 में ओरिएण्टल कंपनी के सामने हो रहे इस रिसाव स्थल पर पहुंचे विधायक नीरज शर्मा ने भ्रष्ट और निकम्मे एमसीएफ अधिकारियों को आड़े लेते हुए शहर के चुने हुए विधायकों और पार्षदों का आह्वान किया कि शहर में निकम्मे अधिकारियों पर नकेल कसे जाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण में कमीशन खाने से अगर निगम अधिकारियों को फुरसत मिले तो फिर शहर की भलाई के लिए सोचे। कोरोना बीमारी से ठीक हो कर लौटे विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद के लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि बीमारी के कारण पहले इस समस्या की जानकारी नहीं मिली परसों रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद लोगों के बीच लौटा हूं।

# छंटनी किए कर्मचारियों को वापस ले सरकार : संघ

### ठेकाप्रथा, अनुबंधित आधार पर लगे सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें सरकारः शास्त्री

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**हरियाणा** सरकार सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर पालिकाओ, नगर निगम, पंचायती राज संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, सहकारी समितियों व सोसाइटीज में काम करने वाले सभी ठेका प्रथा अनुबंधित कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें और छंटनी पर रोक लगाए तथा छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस ले सरकार। अन्यथा प्रदेश का कर्मचारी इसका मुखर विरोध करेगा। यह चेतावनी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीतियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ जिला उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर डीडीपीओ राजेश मोर को माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी कर्मचारी पहले सेक्टर-12 स्थित ओपन थिएटर में एकत्रित हुए और एक विशाल जनसभा का आयोजन किया इस सभा की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उपाध्यक्ष अतर सिंह केसवाल ने की तथा मंच का संचालन संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। इस विरोध सभा में विशेष रुप से अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीपाल भाटी, हरियाणा टूरिज्म विभाग के महासचिव युद्धवीर खत्री, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, बिजली यूनियन के राज्य नेता शब्बीर अहमद, टूरिज्म यूनियन के उपाध्यक्ष दिगंबर डागर, अध्यापक संघ के नेता भीम सिंह, सुभाष देशवाल, रविंद्र नगर, राजबेल देशवाल आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रैक्टर ने ली युवक की जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तेज** रफ्तार से दौड़ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। दोस्तों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामलादर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तिगांव थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर-70 आईएमटी में रहने वाले प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक दोस्त रवीश चौधरी तिगांव में रहता है।

सोमवार को वह अपने साले शिवम पांडे व दोस्त रवीश चौधरी के साथ अटाली गांव में केजीपी के पास बने ढाबे पर नाश्ता करने गए थे। प्रकाश व उसका साला शिवम पांडे एक स्कूटी पर थे, जबकि रवीश चौधरी अलग स्कूटी पर था। जब वह नाश्ता करने के बाद वापिस लौट रहे थे, तो कौराली गांव के पास आ रहे ट्रैक्टर ने रवीश की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

# सतर्कता से सुरक्षित रह सकती है जनता : सीपी

### हमने फरीदाबाद को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य बनाया है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त कार्यालय में आयोजित जिले के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने कहा कि हमने फरीदाबाद को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य बनाया है। ताकि फरीदाबाद की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। अपराध को मूल रूप से समाप्त करने के लिए सर्वप्रथम आवश्यक है कि किशोर बालक बालिकाओं के सद्चरित्र निर्माण पर ध्यान दिया जाए। क्योंकि इस आयु के बच्चों को अच्छाई या बुराई के किसी भी रास्ते पर आसानी से ले जाया जा सकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चे माता-पिता या अध्यापकों के पूर्ण रूप से निकट संपर्क में रहे और अपने मन के सभी प्रकार के भावों को सांझा करें। कभी भी बच्चों का डर के साथ बड़ा होने का माहौल नहीं बनाना चाहिए। वर्ना वे बड़े होकर भी डरते ही रहेंगे। किशोरों के साथ मित्रवत व्यवहार करके उन्हें सही मार्ग पर ले जाया जाए और समाज को एक उत्तम नागरिक दिया जाए। अगर माता-पिता या अध्यापक बच्चों के निकट नहीं रहेंगे तो वे किसी और के प्रभाव में चले जाएंगे और फिर कोई गारंटी नहीं कि वे सदमार्ग पर जाएं या कुमार्ग पर।

किशोरावस्था में सामाजिक बुराई का रास्ता आकर्षक लगता है और बच्चे आसानी से नशे, व्यसन या अपराध की दुनिया में चले जाते हैं। इस आयु के बच्चों को पैसे कमाने के शॉर्टकट का लालच देकर साइबर क्राइम में भी धकेला जा रहा है। अत: बच्चों के प्रति सतर्कता बरतनी जरूरी है।

ओपी सिंह ने कहा कि हमारे द्वारा भी 'टीनेज पुलिस' नाम से किशोरों के लिए एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत उनके मन की बात जानकर उन्हें उत्तम चरित्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया जाता है। अगर समाज में एक भी अपराध प्रवृति का व्यक्ति पैदा होता है, तो सोच कर देखिए कि उससे निपटने और उसको सुधारने के लिए समाज और सरकार का उपयोगी समय और संसाधन खर्च होती है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हम चाहते हैं कि बिना सरकार से कोई अतिरिक्त बजट लिए फरीदाबाद को सुरक्षित करना चाहते हैं जिसके लिए फरीदाबाद की जनता से अपील है कि पेशेवर बदमाशों की न तो जमातन करवाएं और न ही उन्हें अपना नेता बनाएं। लोगों को चाहिए कि चोरी पर रोक लगाने के लिए कैमरे लगवाएँ तथा अपने ऐरिया के लिए कोई गार्ड रखें। यह कम खर्च में सुरक्षा का उत्तम उपाय है। साइबर अपराध से बचने के लिए किसी के साथ अपना ओटीपी, पिन या अकाउंट डिटेल साझा न करें। आपसी झगड़े से बचने के लिए अच्छे पड़ौसी बने और किसी बात पर कोई मनमुटाव हो तो आपसी बातचीत के जरिए विवाद को सुलझाकर मुकदमे रूपी केंसर और कचहेरी की कचकच से बचें।

# भाजपा नेता व अधिकारियों ने जिले की बजाय खुद को किया स्मार्ट : कौशिक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज बलजीत कौशिक ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर सरकार ने करोड़ो रुपये का घोटाला किया है। भाजपा के नुमाईंदे व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरीदाबाद को स्मार्ट करने की जगह खुद को स्मार्ट किया है। उन्होंने कहा कि लोगो की मुख्य समस्या बिजली,पानी व सड़क ही होती है लेकिन छह सालों से जनता इन चीजों के लिए त्रस्त है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में सड़को हालत बद से बदतर होती जा रही है सड़के टूटी होने की वजह से आये दिन सड़क हादसे होते है। अभी कुछ दिनों पहले प्याली हाडवेयर रोड़ टूटी होने की वजह से एक युवा इंजिनियर की मौत हो गई थी।

जिसने अभी अपने करियर की शुरुआत ही की थी। इस प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोग मर रहे है। इन मौतों का जिम्मेवार किसे ठहराया जाये क्योकि प्रशासन आँखो पर पट्टी बांधे बैठे है।सरकार के नुमायंदे लापरवाह है और अधिकारी मस्त। कौशिक ने कहा की फरीदाबाद की सेक्टर 11-12 व 12-15 मुख्य सड़क जहां से रोजाना मंत्री, संतरी व अधिकारियो का निकलना होता है जिसकी हालत बद से बदतर है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 सितम्बर, 2020



# भाजपा का पुनर्गठन

## नए चेहरों को महत्व

**जेपी** नड्डा के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी का पुनर्गठन लंबित था जिसमें संभवत: सरकार द्वारा महामारी से निपटने के कारण देर लगी। आखिरकार नौ महीने बाद पार्टी ने कुछ प्रमुख परिवर्तन किए हैं। लगभग 60 प्रतिशत पदाधिकारी अब नए हैं। इसका अर्थ है कि मोदी-शाह जोड़ी अब पार्टी को अगली पीढ़ी के लिए तैयार कर रही है। नए पदाधिकारी अगले आम चुनाव की तैयारी करेंगे, जबकि कुछ मौजूदा वरिष्ठ नेता सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनको आश्वस्त होना होगा कि नए नेता योजना के अनुसार कठोर मेहनत करते हुए युवा जनसंख्या को अपनी ओर आकर्षित कर अगला लोकसभा चुनाव जीतने में सफल होंगे। इस परिवर्तन से भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी की तरह दिख रही है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र पर विश्वास किया जाता है। अनेक महत्वपूर्ण पद बंगाल व ओडिशा के नेताओं को दिए गए हैं जिससे स्पष्ट है कि पार्टी इन राज्यों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण कदम पार्टी से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के कुछ लोगों को हटाना है। राम माधव को राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटाने के बाद अब आरएसएस के बी.एल. प्रेम ही बचे हैं। राम माधव पार्टी की कश्मीर व पूर्वोत्तर नीतियों के लिए जिम्मेदार थे और उनके कैबिनेट में शामिल होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री स्वयं कार्यकर्ताओं से उभरे हैं, इसलिए आरएसएस को पार्टी के केन्द्रीय संचालन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और उसे दृश्यमान होने की आवश्यकता नहीं है। नए राष्ट्रीय महासचिवों का चयन अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास है। इनमें दलित नेता दुष्यंत कुमार गौतम, आंध्र प्रदेश से डी. पुरंदेश्वरी, कर्नाटक से विधायक सी.टी. रवि, पंजाब से तरुण चुग तथा असम से दिलीप सैकिया शामिल हैं।



ओडिशा से चार राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं जिससे स्पष्ट है कि भाजपा इस तटीय राज्य को कितना महत्वपूर्ण मानती है। बैजयंत पांडा उपाध्यक्ष हैं तथा पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा व पहली बार चुने गए दो सांसदों को राष्ट्रीय भूमिका मिली है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पिछले वर्ष ओडिशा में 'मिशन 120' पूरा नहीं कर सके थे। ऐसे में यह कदम पार्टी की स्थानीय इकाई को पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रेरणा की तरह है। भाजपा ने पूर्वोत्तर पर काफी जोर देते हुए नगालैंड के एम, चुबाओ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा नगालैंड के विधायक म्होनलुमो किकोन को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है।

लेकिन बंगाल से पालाबदल कर आए नेता मुकुल राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने से बहुत लोग आश्चर्यचकित हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के इस पूर्व नेता को एक समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विश्वासपात्र माना जाता था। उनकी पदोन्नति बंगाल के बारे में भाजपा की महत्वाकांक्षा प्रकट करती है। यह ऐसे समय हुआ है जब राय अपने संकुचित स्पेस के कारण परेशान दिख रहे थे। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पार्टी की स्थानीय इकाई उम्मीद के अनुसार भाजपा के पक्ष में माहौल नहीं बना सकी है और इसी कारण केन्द्रीय नेतृत्व आवश्यकता होने पर आयातित नेता का प्रयोग कर सकता है। राष्ट्रीय सचिव बनाए गए अनुपम हाजरा भी पूर्व टीएमसी नेता हैं। राय निश्चित रूप से टीएमसी की बूथ स्तरीय रणनीतियों से मुकाबला करने और उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरतने में भाजपा की सहायता कर सकते हैं। पार्टी ने लंबे समय से अपने विश्वासपात्र राहुल सिन्हा को राष्ट्रीय सचिव के पद से हटा कर हाजरा के लिए रास्ता साफकिया है। इससे स्पष्ट है कि वह ममता बनर्जी को कुर्सी से हटाने के लिए टीएमसी विद्रोहियों का प्रयोग करना चाहती है। लेकिन भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल के राज्य पार्टी अध्यक्ष दिलीप घोष के अपने चुनाव क्षेत्र में तीन उपचुनाव हार चुकी है। ऐसे में राय के समक्ष 2021 में टीएमसी को पराजित करने की चुनौती है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का पुनर्गठन स्पष्ट रूप से स्थानीय नेताओं को महत्व देने का प्रयास है।

# श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण सुधार

श्रम कानूनों में सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के सुधारों की तरह पेश किया जा रहा है। इससे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, पर इनसे कामगारों की स्थिति भी कमजोर नहीं होनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)





नरेन्द्र मोदी सरकार ने हाल में श्रम सुधारों पर तीन विधेयक पास किए हैं जो तीन श्रम संहिताओं के रूप में हैं। ये हैं-औद्योगिक संबंध कोड 2020, पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्यस्थितियां कोड 2020 तथा सामाजिक सुरक्षा कोड 2020। इसके साथ ही पिछले साल कोड आन वेजेज़, 2019 को संसद ने पास किया था। इन चार श्रम कानून सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के संशोधन माना जा रहा है जिनसे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, भारतीय उद्योग की प्रतियोगिता क्षमता बढ़ेगी तथा 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से इसे विनिर्माण केन्द्र बनाने में सफलता मिलेगी। इन विधायनों का दायरा विशाल है। इन चार क्षेत्रों का दूरगामी प्रभाव केन्द्र व राज्यों द्वारा बिजनेसों पर नियमन व कामगारों का कल्याण सुनिश्चित करने के मामलों में होगा। इनके माध्यम से वर्तमान 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को चार संहिताओं में बदला गया है तथा छंटनी, बंदी या बैठकी का विस्तार बिना सरकार की अनुमति के 100 के बजाय 300 कामगारों तक किया गया है। इससे राज्यों को विधायन का ज्यादा अधिकार मिलेगा तथा कामगारों को समान सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होगी। वर्तमान समय में श्रम संविधान की समवर्ती सूची में शामिल है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारें इस पर कानून बना सकती हैं। वर्तमान समय में 200 राज्य कानूनों के साथ 29 केन्द्रीय श्रम कानून लागू थे। इसका अर्थ था कि कंपनी को अनेक प्रकार के लाइसेंसों, पंजीकरणों, अनुमतियों व नवीकरणों की आवश्यकता होती थी तथा उसे विभिन्न कानूनों के अंतर्गत अनेक रिटर्न भरने पड़ते थे।

आश्चर्यजनक रूप से एक एमएसएमई को भी कम से कम 10 प्रकार के वेतन रजिस्टर, चार प्रकार के दुर्घटना रजिस्टर तथा चार प्रकार के मस्टर रोल रखने पड़ते थे। राज्यों के स्तर पर नियम और जटिल थे। प्रत्येक राज्य के नियमों के अनुसार अनेक प्रकार के दस्तावेज तैयार करने पड़ते थे। इसके परिणामस्वरूप अनेक प्रकार की अंतिम तिथियां, फार्म और फार्मेट, रिकार्ड रखने की आवश्यकतायें, जटिल प्रक्रियायें, आदि थीं। इससे विभिन्न राज्यों में काम करने वाली कंपनियों को भारी परेशानी होती थी। इस प्रकार 29 कानूनों को चार संहिताओं में शामिल करने पर इन जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी। इससे कंपनियों पर बोझ घटेगा।

वर्तमान कानूनों के अनुसार खानों, फैक्ट्रियों, प्लांटों आदि कम से कम 100 कर्मचारियों वाले औद्योगिक अवस्थापनाओं के सेवायोजकों को कामगारों की छंटनी या कर्मचारियों को हटाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों की पूर्व अनुमति जरूरी थी। अनेक नियमों व जटिलताओं के कारण कंपनियां अपना आकार बढ़ाने तथा ज्यादा लोगों को रोजगार देने में अनेक बाधाओं का सामना कर रही थीं। इससी बदलती परिस्थितियों के अनुसार श्रमिकों की तैनाती में भी कठिनाई होती थी। इससे खासकर अर्थव्यवस्था में गिरावट के कारण प्रतियोगी बने रहना कठिन हो जाता था। इसके कारण श्रमिकों को ठेके पर रखने की प्रवृत्ति विकसित हुई थी जो सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। इसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण पर पड़ता था। 63 मिलियन उद्यमों में से केवल एक मिलियन या 1.5 प्रतिशत ही औपचारिक क्षेत्र में हैं। इन नियंत्रणों के कारण अर्थव्यवस्था के तथाकथित अनौपचारिक क्षेत्र का विस्तार सकल घरेलू उत्पाद के 50 प्रतिशत और कार्यबल के 80-90 प्रतिशत तक है।

औद्योगिक संबंध कोड, 2020 के अंतर्गत फर्मों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि बिजनेस परिवेश को देखते हुए 300 से कम कामगारों वाली कंपनियां परिवर्तन कर सकेंगी। लेकिन सवाल है कि इससे अधिक कामगार संख्या वाले उद्यमों को अभी अनुमति की आवश्यकता क्यों बनाए रखी गई है? समकालीन परिदृश्य में प्रतियोगिता को देखते हुए यह सीमा समाजवादी युग की विरासत है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। इस संहिता में अखिल भारतीय आधार पर ठेका श्रमिकों को 'निश्चित अवधि का रोजगार' देने की व्यवस्था है। वर्तमान समय में कंपनियां ठेकेदारों के माध्यम से भर्ती करती हैं, पर यह व्यवस्था लागू होने के बाद वे सीधे निश्चित अवधि के लिए कामगारों की भर्ती कर सकेंगी। इन कामगारों के साथ नियमित कामगारों जैसा व्यवहार होगा जो दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगा।

संहिता में कामगारों से हड़ताल का अधिकार छीना नहीं गया है। लेकिन इसके लिए 14 दिन की नोटिस तथा इस बीच बातचीत के माध्यम से समस्या समाधान की व्यवस्था की गई है। अनेक यूनियनों से मुक्ति तथा 'बातचीत करने वाली यूनियन' की अवधारणा स्वागत योग्य है। वर्तमान कानून के अंतग्रत राज्यों को फैक्ट्रियों को श्रम कानूनों से बाहर रखने की शक्ति सीमित है। उदाहरणार्थ फैक्ट्री एक्ट, 1948 सार्वजनिक आपातस्थिति होने पर तीन महीने का समय अपवाद के लिए निर्धारित करता है। अब केन्द्र सरकार ने राज्यों को काफी लचीलापन प्रदान किया है। नया कानून राज्यों को नई फैक्ट्रियों को ज्यादा आर्थिक गतिविधियों व रोजगार अवसरों के लिए अपवाद के ज्यादा अवसर देता है। फैक्ट्रियों के लिए इसकी कोई समयसीमा भी नहीं निर्धारित की गई है जो वर्तमान में तीन महीने है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अंतर्गत राज्य एक घोषणा द्वारा ज्यादा फर्मों को छंटनी या बंद करने के मानक आसान कर सकते हैं और इसके लिए उनको केन्द्र की सहमति जरूरी नहीं होगी। अतीत में उनको इसके लिए राष्ट्रपति से अनुमति ले कर विधायिका से कानून पास करवाना पड़ता था। अब कोई राज्य यह काम कार्यकारी आदेश से कर सकता है। राज्य नई अवस्थापनाओं को औद्योगिक विवादों, छंटनी व ट्रेड यूनियन मामलों के 'किसी या सभी प्राविधानों' से मुक्त कर सकते हैं। यह 'बिना शर्त' एक निश्चित समय के लिए हो सकता है जिसे राज्य ठीक समझे। यह काम 'जनहित' में किया जा सकता है। हालांकि, तेजी से औद्यौगीकरण को बढ़ावा देना जरूरी है, पर इन प्रावधानों में राज्य नौकरशाहों को बहुत अधिक विवेकाधीन अधिकार दिए गए हैं। उनको न्यायिक रूप से अपवादों की अनुमति देने के समय कामगारों के हितों का ध्यान रखना होगा।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 कर्मचारी प्राविडेंट फंड संगठन-ईपीएफओ व कर्मचारी राज्य भारतीय निगम-ईएससीआई का दायरा बढ़ा कर सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र कर्मचारियों के लिए लगभग 400 मिलियन का सामाजिक सुरक्षा फंड बनाया गया है। लेकिन यह केवल 10 या अधिक इमारतों के निर्माण वाले स्थलों पर लागू होगा। प्राविडेंट फंड पाने के लिए केवल 20 या उससे अधिक कामगारों वाली संस्थायें ही सक्षम होंगी। इससे एमएसएमई के लाखों कामगार लाभों से वंचित हो जाएंगे। चिन्ताजनक रूप से संहिता सामाजिक सुरक्षा को अधिकार नहीं मानती है और इसमें देश के संविधान का कोई संदर्भ नहीं दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा संरक्षण को सारे देश के कामगारों पर लागू होना चाहिए।

हालांकि, इस संहिता में अनेक श्रेणियों को परिभाषित किया गया है, पर इनमें से अधिकांश अस्पष्ट हैं और उनमें यह देखते हुए संशोधन नहीं किया गया हे कि कामगारों का संबंध संगठित क्षेत्र से है अथवा असंगठित क्षेत्र से। उदाहरण के लिए, प्लेटफार्म व गिग कामगारों को असंगठित कामगारों के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है, जबकि लाखों लोग इन क्षेत्रों में काम करते हैं। इसी प्रकार संहिता में 'अवस्थापना' शब्द को बदल कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा संरक्षण के दायरे में लाया जाए।

संक्षेप में कहा जाए तो चार संहितायें लागू होना श्रम सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम है, पर कामगारों को संरक्षण देने के लिए ज्यादा गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। क्रियान्वयन के संबंध में काफी कुछ राज्यों की प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। उनको ही इसे क्रियान्वित करने के लिए ढांचा तथा नियम बनाने और उनका अनुसरण करना होगा। यदि वे इस दिशा में नहीं चलते हैं तथा नियमों को जटिल बनाए रखते हैं तो लक्षित लाभ अंतिम कामगार तक नहीं पहुंचेंगे। ऐसे में केन्द्र व राज्यों को एकजुट होकर काम करना होगा।

# शून्य आय पर भी आईटीआर दाखिल करें!

"इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, आयकर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।"

**लियोनेल चार्ल्स**
(लेखक इंडिया फाइलिंग के सीईओ हैं)



देश की अर्थव्यवस्था तथा लोगों की निजी आय पर पर कोरोनावायरस महामारी ने जो कहर बरपाया है उसे देखते हुए सरकार ने वित्तीय वर्ष वर्ष 2019-20 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। हालांकि, अधिकतर लोगों को यह पता नहीं है कि यदि उनकी आय वित्तवर्ष 2019-20 में करारोपण की सीमा से कम रहती है तो भी इस बार आयकर रिटर्न दाखिल करना उनकी जिम्मेदारी है। हालांकि ऐसे में हो सकता है कि लोग वेतन कटौती एवं पदच्युति के कारण उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए सरकार के इरादों पर सवाल उठाएं, लेकिन यह काम करापवंचकों को पकड़ने के प्रयासों के तहत किया गया है। महामारी फैलने के पूर्व ही धराशाई होती वैश्विक तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के कारण मुश्किल में होना कमर तोड़ने वाला अंतिम प्रहार साबित हुआ, सरकार ने पिछले वर्ष वित्तवर्ष 2020 के लिए कुछ मानक लागू किए हैं जिनके चलते आसकर रिटर्न दाखिल करना लोगों की जिम्मकदारी बन जाती है। रिटर्न दाखिल करने के नियमों को संवर्धित करने के पीछे विचार है उन अनैतिक करापवंचकों को पकड़ने का जहां व्यक्ति द्वारा किए गए खर्चों एवं घोषित आय के बीच अंतर दिखाई देता है।

यद्यपि अधिकतर लोगों का मानना है कि आयकर रिटर्न दाखिल करना उन व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक होता है जिनकी आय कर स्लैब से ऊपर होती है, इसका बहुस्तरीय महत्व होता है, चाहे आमदनी करारोपण योग्य सीमा से कम हो अथवा कर देयता हो या नहीं। महत्वपूर्ण रूप से, यदि आय करा लगाने योग्य सीमा से कम है अथवा शून्य है तो रिटर्न भी निल रिटर्न कहलाएगा। लेकिन यह बैंक खातों में एकत्रित धन अथवा निवेशों का प्रमाण होता है, भले ही व्यक्ति करारोपण की समीा से कम आय अर्जित करता हो, बीतते वर्षों में ये समग्र निधि निर्मित कर लेते हैं। यदि कुछ वर्षों बाद जांच पड़ताल हो, तो आय के स्रोत को साबित करने की यह बहुत ही थकाऊ और लंबी प्रक्रिया हो जाती है, आयकर रिटर्न के बगैर, जो आय का कानूनी तौर पर स्वीकृत प्रमाण होता है।

साथ ही, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(1) के सातवें प्रावधान के अंतर्गत, भले ही आमदनी छूट की सीमा से कम हो, तो व्यक्ति को आयकर रिटर्न दाखिल करना पड़ेगा यदि उन्होंने वर्ष के दौरान 1 लाख या उससे अधिक का बिजली बिल भुगतान किया है, एक या एक से अधिक खातों में 1 करोड़ या उससे अधिक पैसा जमा किया है और व्यक्ति ने किसी अन्य देश की यात्रा में 2 लाख रुपए से अधिक खर्च किया है। विदेश की यात्रा करने वाले अथवा यात्रा की योजना बनाने वाले किसी व्यक्ति को आय का विधि प्रमाण देना आवश्यक है। वेतनभोगी लोगों के लिए, नियोक्ता प्रमाण पत्र प्रमाण होता है। हालांकि, स्वरोजगार प्राप्त व्यक्तियों के लिए, आसकर रिटर्न से ही काम चल जाता है। ऐसे मामलों में जहां व्यक्ति को वित्त वर्ष के दौरान पूंजी का घाटा उठाना पड़ा हो, आयकर अधिनियम अन्य किसी भावी प्राप्तियों के विरुद्ध उसे निर्धारित करने के लिए लगातार आठ वर्षों तक आगे ले जाने की अनुमति प्रदान करता है। हालांकि, घाटों का रिकार्ड रखने के लिए, यदि आईटीआर घाटे का रिटर्न हो तो भी निर्धारित तिथि से पूर्व रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। इसके बगैर, वर्ष के घाटों को आगे नहीं ले जाया जा सकता। अत:, अगर दिखाने योग्य कोई भी आमदनी न हो, आयकर विभाग यह कहता है कि आप निर्धारित तिथि के पूर्व पूंजी घाटा अपने रिटर्न में दिखाएं।

यदि ऐसा हो कि किसी व्यक्ति ने देयता से बहुत अधिक कर भगतान कर दिया हो, अनुमत सभी छूटों एवं रियायतों को ध्यान में रखकर, तो व्यक्ति आयकर विभाग से रिफंड का अधिकारी हो जाता है। हालांकि, यह रिफंड प्राप्त करने के लिए, आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य होता है। वेतनभोगी लोगों का आमतौर पर यह मानना है कि आईटीआर दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनकी आय पर कर पहले ही लिया जा चुका है। हालांकि, यह संभव है कि काटा गया एवं जमा किया गया कर फार्म 16 के अनुसार जितना काटा जाना चाहिए उससे ज्यादा काट लिया गया हो। हो सकता है कि नियोक्ता ने वास्तविक कर बचत निवेशों, बीमा अथवा वास्तविक किराया को ध्यान में न रखा हो। ऐसी स्थिति में, आईटीआर दाखिल करने से रिफंड का दावा करने में मदद मिलती है। यद्यपि मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विकलांगता अथवा दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति मुकदमे के मामले में आईटीआर देना आवश्यक नहीं होता, लेकिन स्वरोजगार में रत लोगों के लिए व्यक्ति की आय को प्रमाणित करना तथा क्षतिपूर्ति राशि तय करना आवश्यक होता है।

जब कोई व्यक्ति कर्ज के लिए आवेदन कर रहा हो, चाहे मकान, कार अथवा निजी ऋण के लिए, अनिवार्य दस्तावेजों में एक जो कर्जदाता इकाई के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है उसमें पिछले दो वर्षों का आईटीआर आय प्रमाण के तौर पर शामिल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आईटीआर कर्ज देने वाले को व्यक्ति की आय, भुगतान आबद्धताएं एवं कर्ज चुकाने की क्षमता निर्धारित करने में मददगार होता है। साथ में जब एक व्यक्ति उच्च जीवन रक्षा कवर खरीदने का इरादा रखता है, ता ऐसे में बीमा कम्पनी द्वारा आय का प्रमाण मांगा जाना आम बात है। प्रारम्भिक रूप से यह उस कवर राशि के मूल्य का परीक्षण करने के लिए किया जाता है जिसकी व्यक्ति को अनुमति दी जा सकती है। आमदनी का स्रोत वेतन पर्ची, बैंक विवरण अथवा पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न हो सकते हैं। अत:, उन मामलों में जहां व्यक्ति व्यक्ति की वेतन पर्ची अथवा प्रतिमाह आय विभिन्न समूहों से निर्गत की जाती हो, आईटीआर आय का एकमात्र ठोस प्रमाण होता है। फिर ऐसे भी लोग होते हैं जिनकी आय बहुत अल्प होती है जो लाभांशों, बैंक ब्याज, पारिवारिक पेंशन अथवा करमुक्त आमदनियों यथा कृषि आय अथवा कर मुक्त बांडों पर ब्याज से होती है। ऐसे लोगों के लिए, यद्यपि आगे की आमदनियां करारोपण सीमा से कम होती हैं, आय प्रमाण के तौर पर आईटीआर दाखिल करना बहुआयामी रूप से काम करता है। इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, कर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।

## आप की बात

### संकट में तकनीक का सहारा

**अन्य** उद्योगों की तुलना में, सूचना तकनीक उद्योग संचार अवसंरचना, भौगोलिक वितरण एवं प्रसार, बिजनेस खंडात्मक विभाजन, वैश्विक डिलीवरी मॉडल एवं आभासी कार्य संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में बेहतर स्थिति में है, जो सुनिश्चित करता है कि देशव्यापी लाकडाउन के दौरान भी कम्पनियां अपने वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं मुहैया कराती हैं। अधिकतर आईटी संगठन बिजनेस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समाधान अपने ग्राहकों को मुहैया कराने में अपनी क्षमता का इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही, जब अधिसंख्य कर्मचारी क्षमता घर बैठकर काम करने वाला मॉडल अपना रही है, यह आम बिजनेस बन गया है और किसी प्रकार के उत्पादकता व्यवधान पैदा नहीं हो रहे हैं। आंकड़ा केंद्रों एवं अन्य मिशन संवेदनशील परियोजनाओं को छोड़कर जहां स्थल पर कर्मचारियों की न्यूनतम तैनाती आवश्यक होती है, अधिकतर सूचना प्रकार्य क्लाउड एकीकृत होते हैं, जिनमें रिमोट संचालन संभव होता है। सरकारी हस्तक्षेपों ने लाकडाउन के बीच ग्राहकों की बिजनेस संबंधी अनिवार्यताओं के अनुरूप काम करने के लिए सूचना तकनीक कम्पनियों को घर से काम करने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था दुरस्त करने में तत्परता दिखाने में मदद की है।

– **सुजीत वर्मा,** कानपुर

### कृषि पर विशेष ध्यान देना होगा

**भारत** की आत्मा गांवों तथा किसानो में बसती है। इसलिए भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है। यहां की 70 -80 प्रतिशत जनता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर करती है। इसलिए कृषि और गांवों को लॉक डाउन के दौरान बचाना हमारा कर्तव्य है। सरकार ने लॉकडाउन के दौरान कृषि कार्यो के लिए छूट दे दी थी। किसानों कई कार्यो को करने की अनुमति थी। तथा इस छूट के दौरान सरकार द्वारा दिशा निर्देश ज़ारी किए गए ताकि किसानों तथा मजदूरों को कोरोना से सुरक्षित रखा जा सके और कृषि गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन इस छूट के दौरान किसानो को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। फसल कटाई के लिए मजदूरों का न मिलना और कृषि उपकरणों का उपलब्ध न होना शामिल है। इसका उपाय ये हो सकता है कि गांव में कृषि सम्बंधित गतिविधियों को पूरा करवाने का काम उसी गांव के सरपंच को देना चाहिए ताकि वो जिला अधिकारी से बात कर कृषि उपकरण मंगवा सके और जो व्यक्ति वो उपकरण गांव में ले के आए, उसकी पहले जांच की जाए, फसलों की कटाई से लेकर अनाज को मंडी तक पहुंचाने का ज़िम्मा सरपंच के नेतृत्व में होना चाहिए।

– **नीरज वाष्णेय,** वाराणसी

### जीवन शैली बदलनी होगी

**वैश्विक** बीमारी कोरोनावायरस के संक्रमण और उस से हो रही मौतों नें लोगों के मनों मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाला है। मानदंडों की उपेक्षा, प्रकृति का निरंतर दोहन और अमानवीय भक्षण जैसी वजह सामने आ रही है और लोग इन्हें स्वीकार भी कर रहे हैं। चाहे मानदंड शारीरिक हो या सामाजिक इनकी घोर उपेक्षा हुई है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इसका मनमाना उपयोग किया है. प्रकृति का दोहन तो सदियों से ही होता आया है यही वजह है कि संतुलन के अभाव में हमें प्रकृति से अमृत की बजाय जहर मिला. असंतुलित प्रकृति का ही नतीजा है कि लोग उसके कहर से त्राहिमाम पुकार उठे हैं। लगातार गलतियां दोहराता मनुष्य इसके साथ ही आहार की शुद्धता और इसके फायदों की उपेक्षा कर आदिकालीन सभ्यता को अंगीकार कर बैठा जिसमें भोग लगाकर खाए जाने वाला प्रसाद (भोजन) ही अशुद्ध हो गया। आदमी की यही गलतियां दुनिया के लिए बड़े संकट की सबब बन गई। स्वाद और स्वार्थ के लिए सारी दुनिया की सेहत को ताक पर रखने की सजा निर्दोष लोगों को भी मिल रही है।

– **निहारिका सिंह**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**सर्वाधिक** भरोसेमंद वैक्सीन विकल्पों एवं रणनीतियों की पहचान करने में कोविड-19 कार्यबल व इम्यूनिटी कार्यबल हमारी मदद कर रहे हैं।"

– **जस्टिन ट्रूडो**
कनाडा के प्रधानमंत्री



**पंजाब** जो इन कानूनों से सर्वाधिक बुरी तरह प्रभावित हुआ है वह अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ाई को आगे ले जाएगा।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**कृषि** संबंधी कानून उन किसानों के लिए मौत का फरमान हैं जिनकी आवाज संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह दबा दी गई है।"

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# हाथरस की घटना को लेकर सियासत गरमायी

## सपा महिला सभा ने निकाला कैंडल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को प्रदेश के सभी जनपदों में हाथरस की घटना के विरोध में महिलाओं ने कैण्डल मार्च निकाला। महिलाओं के मार्च को कई जगह पुलिस ने रोकने की कोशिश भी की। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी की जिला एवं महानगर महिला सभा की ओर से हाथरस काण्ड और सरकार की दलित विरोधी नीति के खिलाफ कैण्डल मार्च निकाला गया। पार्टी के लखनऊ जिला कार्यालय कैसरबाग से महिलाओं का बड़ा जुलूस महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव तथा महानगर अध्यक्ष किरन पाण्डेय के नेतृत्व में ज्योंही शुरू हुआ पुलिस ने कार्यालय के गेट पर ही घेराबंदी शुरू कर दी।

लखनऊ में महिलाओं के कैण्डल मार्च में कामिनी पटेल, उर्मिला रावत, सुधा यादव, ममता रावत, कहकशां, कीर्ति सिंह, पूजा शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, कल्पना रस्तोगी, शीला यादव आदि मुख्य रूप से शामिल थीं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा के बेटी बचाओ, महिला सम्मान के नारे दिखावटी और जनता को बहकाने वाले हैं। पीड़िता युवती के साथ 14 सितम्बर 2020 को दबंगों ने गैंगरेप किया जिसकी रिपोर्ट लिखने में पुलिस को 8 दिन लग गए। पुलिस ने छेड़खानी में केस दर्ज किया।

### आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दिलाई जाएः मायावती

**लखनऊ।** हाथरस में गैंगरेप की शिकार हुई दलित युवती की मौत के बाद सूबे में सियासत भी शुरू हो गई है। पीड़िता की मौत पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने दुख जताते हुए मांग की है कि सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर अपराधियों को सजा दिलाए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी के हाथरस में गैंगरेप के बाद दलित पीड़िता की आज हुई मौत की खबर अति दुःखद। सरकार पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करे व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर अपराधियों को जल्द सजा सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह माँग है।

### यूपी में महिलाओं की सुरक्षा का नामो निशान नहींः प्रियंका

**लखनऊ।** हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार लड़की की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने आज ट्वीट किया कि हाथरस में हैवानियत झेलने वाली दलित बच्ची ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि दो हफ्ते तक वह अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझती रही। हाथरस, शाहजहांपुर और गोरखपुर में एक के बाद एक रेप की घटनाओं ने राज्य को हिला दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा का नामोनिशान नहीं है। प्रियंका ने लड़की के साथ दरिंदगी करने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा की जवाबदेही सरकार की बनती है।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, दी गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हाथरस** गैंगरेप पीड़िता की मौत के बात घटना के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जीपीओ पर प्रदर्शन किया। विधान भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें बाद में रिहा भी कर दिया गया। वहीं शाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर पीड़िता की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और न्याय दिलाने की मांग की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाथरस की दलित बेटी को न्याय देने की मांग की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ममता चौधरी, पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव, डा. शहजाद आलम, सिद्धि श्री आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे। वहीं लल्लू ने मंगलवार को वर्चुअल प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि स पूरे प्रकरण का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों को अविलम्ब सजा दिलाई जाए।

# निकायों में बड़ी संख्या में भर्ती की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के 455 पर भर्ती का प्रस्ताव अधीनस्थ चयन आयोग को भेजा गया

**योगी** सरकार निकायों में बड़ी संख्या में नयी भर्ती करने की तैयारी में है। स्थानीय निकाय निदेशालय ने रिक्त पदों की भर्ती का प्रस्ताव बनाकर अधीनस्थ चयन आयोग को भेजा दिया है। यह भर्तियां अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के पदों पर होंगी। ईओ के 204 और जेई के 209 पदों समेत कुल 455 पद भरे जाने हैं। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द विज्ञापन निकालकर छह माह में भर्ती पूरी करने की तैयारियों में जुट गया है। प्रदेश में मौजूदा समय में 490 नगर पंचायतें हैं। इनमें से 204 नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारी के पद खाली हैं। स्थानीय निकाय निदेशालय ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजे प्रस्ताव में कहा है कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, जिससे कि जरूरत के आधार पर निकायों में ईओ की तैनाती की जा सके। जानकारों का कहना है कि बड़ी संख्या में रिक्त पदों के चलते कुछ अधिकारियों को दो-दो नगर पंचायतों की जिम्मेदारी देकर काम चलाया जा रहा है। इससे निकायों में विकास का काम भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में इन पदों के लिए आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निकायों में रिक्त पदों उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा। भर्ती विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। इन पदों पर भर्ती वालों को केंद्रीयत सेवा का कर्मचारी माना जाएगा और इनका तबादला भविष्य में किसी भी निकाय में किया जाएगा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जनपदों में पहली अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। साथ ही इस बार सभी 75 जनपदों में दस्तक अभियान के साथ पूरे प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। मंगलवार को यह जानकारी निदेशक संचारी रोग विभाग डा राजेन्द्र कुमार ने दी है। डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अभियान हेतु अन्य विभागों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान, रोगियों की उपचार व्यवस्था, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोगियों की निगरानी एवं सर्विलांस जैसी गतिविधियां की जायेगीं। उन्होंने बताया है कि अभियान में ग्राम्य एवं नगर विकास विभाग द्वारा समन्वय रखते हुए नियंत्रण की गतिविधियों में सहयोग किया जायेगा। इसके अलावा व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। निदेशक संचारी रोग ने बताया कि इस अभियान से जुड़े दस्तक अभियान में आशा, एएनएम एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियाँ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर परिवार के समस्त सदस्यों को एईएसए जेई रोग विषाणु जनित रोगों तथा कोविड.19 एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव एवं उपचार की जानकारी देंगी।

## एनजीटी में परिवाद की पैरोकारी के लिए नोडल अधिकारी नामित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में विचाराधीन वाद अश्विनी कुमार दुबे बनाम यूनियन आफइण्डिया एवं अन्य के सम्बन्ध में पैरोकारी करने के लिए मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश वाराणसी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी विशेष सचिव सिंचाई मुश्ताक अहमद ने दी। यह वाद जनपद सोनभद्र के थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न होने वाली प्रदूषण से सम्बन्धित है। इस मुकदमें में सीपीसीबी द्वारा पेश कि गई रिपोर्ट में रिहन्द जलाशय के डिसिल्टिंग-पुनर्स्थापना, पानी की गुणवत्ता एवं जलाशय की क्षमता के अनुरक्षण के संबंध में बिन्दु उठाये गये हैं। इसमें सिंचाई विभाग का पक्ष प्रस्तुत किया जाना है। यह प्रकरण मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश वाराणसी से संबंधित है। इस मामले में नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर भविष्य में आयोजित की जाने वाली बैठकों में प्रतिभाग किया जायेगा।

## रालोद की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल के समक्ष लोकदल मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने अपने दर्जनों समर्थकों पार्टी का दामन थाम लिया। मंगलवार को यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने दी है। लोकदल छोड़कर रालोद में शामिल होने आये लोगों स्वागत करते हुये युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि आज देश एवं प्रदेश की सरकार किसान विरोधी होने के साथ साथ युवा विरोधी भी है। जिसने युवाओं को रोजगार के नाम पर छलने का काम किया है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में हम सभी को मिलकर किसानों और मजदूरों तथा युवाओं की लड़ाई लड़नी होगी। सम्मिलित होने वालों में आशीष कुमार, दिनेश कुमार, राजू एडवोकेट, श्याम बाबू एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल डिस्काम का निजीकरण रोकने को ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

### ● उपभोक्ता परिषद ने कहा कि व्यापक सुधार से हो सकता है बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया सरकार ने तेज कर दी है। इधर विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मुलाकात करके पूर्वांचल डिस्काम में व्यापक सुधार करके निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

परिषद ने सुझाव दिया है कि पूर्वाचल डिस्काम एक ऐसी कंपनी है जहां पर अच्छा राजस्व प्राप्त किया जा सकता है। शक्ति भवन में श्रीकांत शर्मा से मुलाकात के दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कारपोरेशन ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए अगले पांच सालों के जो कार्य योजना सौपी है अगर उसे सख्ती से लागू किया जाए तो बिना निजीकरण किए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को सुधारा जा सकता है। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए की विगत में उपभोक्ताओं को व्यापक सुधार का लाभ होगा के नाम पर टोरेंट पावर कंपनी व नोएडा पावर कंपनी को निजी हाथों में सौंपा गया आज वह फेल साबित है। ऐसे में पुनः इस प्रकार का आत्मघाती कदम उपभोक्ताओं को तबाह कर देगा इसलिए इस पर विराम लगाना बहुत जरूरी है। श्रीकांत शर्मा ने उपभोक्ता परिषद को आश्वासन दिया है कि सरकार उपभोक्ता हित में इस पर गम्भीरता से विचार करेगी। उपभोक्ता परिषद् अध्यक्ष ने कहा पावर कारपोरेशन द्वारा फरवरी 2020 में विद्युत नियामक आयोग में सभी बिजली कम्पनियों का पांच साल का बिजनेस प्लान दाखिल किया गया था। इसमें पांच सालों में वितरण हानियां 15 प्रतिशत तक लाने के लिए होने वाले प्लान पर अलग अलग सालों का कैपिटल कॉस्ट और प्रस्तावित व्यय भी बताया है। पावर कारपोरेशन ने नियामक आयोग में यह भी कि पूर्वाचल डिस्काम में व्यापक सुधार के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें अंडर ग्राउंड केबलिंग, स्मार्ट मीटरिंग, कृषि फीडर मीटरिंग, ईआरपी स्कीम प्रीपैड मीटरिंग बिजली चोरी पर अभियान प्रमुख हैं। इस काम में पावर कारपोरेशन ने पांच साल में 8 हजार 801 करोड़ रुपया का व्यय बताया है। इसमें 7 हजार 126 करोड़ केंद्रीय सेक्टर से अनुदान है। ऐसे में जब करोड़ों खर्च हो रहे हैं फिर पूर्वाचल डिस्काम को उद्योगपतियों को देने की तैयारी क्यों?

### निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने किया शक्ति भवन पर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निजीकरण** के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया। नाराज अभियंताओं ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की वीडियों कांफ्रेंसिंग का बहिष्कार किया। इस मौके पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने वाराणसी में शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाल रहे बिजली कर्मियों पर नामजद एफआईआर कराने की निन्दा की। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी सूर्य पाल गंगवार से बिजली कर्मियों खिलाफ एफआईआर को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि ऐसा न हुआ तो बिजलीकर्मी पूरे पूर्वांचल में कामकाज ठप करने को बाध्य होंगे।

उन्होंने कहा कि निजी कंपनी अधिक राजस्व वाले वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्राथमिकता पर बिजली देगी। जैसे ग्रेटर नोएडा और आगरा में हो रहा है। निजी कंपनी लागत से कम मूल्य पर किसी उपभोक्ता को बिजली नहीं देगी। अभी किसानों, गरीबी रेखा के नीचे और 500 यूनिट प्रति माह बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को पॉवर कारपोरेशन घाटा उठाकर बिजली देता है। जिसके चलते इन उपभोक्ताओं को लागत से कम मूल्य पर बिजली मिल रही है। निजीकरण के बाद स्वाभाविक तौर पर इन उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी होगी। प्रदर्शन में संघर्ष समिति के वीपी सिंह, सुहेल आबिद, सुनील प्रकाश पाल सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## रेल यूजर चार्ज बढ़ाने पर रालोद ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद ने केन्द्र सरकार और रेल मंत्रालय की कार्यशैली पर आश्चर्य व्यक्त करते हुये कहा है कि सम्पूर्ण देश वैश्विक महामारी कोविड.19 के फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर हुआ है। देश के 90 प्रतिशत लोगों की आय आधी भी नहीं रह गयी है और उसमें से भी लगभग एक तिहाई लोग 2 जून की रोटी जुटाने में परेशान है। इन परिस्थितियों में रेल मंत्रालय रेल भाड़े में यूजर चार्ज के नाम पर दस रुपये से लेकर 35 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से बढ़ोत्तरी करने जा रही है। जबकि देश के लगभग 95 प्रतिशत लोग रेल मार्ग से ही यात्रा करते हैं। डॉ अहमद ने कहा कि जनता की आर्थिक बोझ से टूटती हुयी कमर को इसे केन्द्र सरकार के धक्के के रूप में देखना ज्यादा उचित होगा। देश के प्रधानमंत्री भारी भरकम रेल मंत्रालय के अधिकांश हिस्से को कार्पोरेट घरानों के आधिपत्य में देने की तैयारी पहले ही कर चुके हैं और इस प्रकार यूजर चार्ज के नाम पर रेल भाड़े में बढ़ोत्तरी भविष्य में इन्हीं कार्पोरेट घरानों को अधिक लाभ पहुंचाने की एक साजिश मात्र है। सैकड़ों ट्रेनें और हजारों स्टेशन पूंजीपतियों को बेचे जा रहे है।

# बिहार में रालोसपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● यूपी-एमपी में उपचुनाव अपने बलबूते लड़ेगी पार्टी


**बिहार** में होने वाले विधानसभा आम चुनाव में बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने देश के कुछ राज्यों में लोकसभा व विधानसभा की खाली हुई सीटों पर उपचुनाव कराने का भी ऐलान किया है। जिनमें से हमारी पार्टी केवल दो राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में खाली हुई सभी विधानसभा की सीटों पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ यह उपचुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ेगी। बाकी राज्यों में होने वाले उपचुनावों में बीएसपी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। मायावती ने कहा कि अन्य प्रांतों में पार्टी के लोग, बिहार को छोड़कर, किसी भी सही आजाद उम्मीदवार को अपना वोट दे सकते हैं। लेकिन बिहार में पार्टी के लोग अपने गठबन्धन के उम्मीदवार को ही वोट देंगे। मायावती ने कहा कि यदि इस नए बने गठबन्धन को बिहार की जनता का भी पूरा आर्शीवाद प्राप्त हो जाता है तो फिर इस गठबन्धन की ओर से उपेन्द्र कुशवाहा ही मुख्यमंत्री बनेंगे, जो इस गठबन्धन का नेतृत्व भी कर रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि कोरोना प्रकोप को लेकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों व पाबन्दी आदि के कारण ही मैं स्वयं उपस्थित नहीं हो पाई हूँ, लेकिन मीडिया की मार्फत अपनी अपील के माध्यम सेए मैं आप लोगों के करीब हूँ। आप सभी से इस अवसर पर विशेष अपील भी है कि आप लोग अपना पूरा ख्याल रखते हुए तीन चरणों में हो रहे मतदान में जरूर बढ़ चढ़ कर भाग लें।

## जिला प्रशासन की लापरवाही से जेलों में बढ़ा कोरोना संक्रमण

**लखनऊ।** सूबे की जेलों में कोरोना संक्रमण बढ़ने के पीछे जिला प्रशासन की लापरवाही भी एक बड़ी वजह है। डीजी जेल आनंद कुमार का मानना है कि प्रदेश की अस्थाई जेलों में जिला प्रशासन द्वारा कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन ठीक तरह से न कराए जाने की वजह से स्थाई जेलों में भी कोरोना संक्रमण के मामले काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में डीजी जेल ने कहा है कि कुछ जिलों की जेलों में बंदियों का कोरोना टेस्ट बहुत कम हुआ है जबकि अधिक से अधिक टेस्टिंग से ही कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। इसी तरह कुछ जिलों में अस्थाई जेलों में बंद बंदियों को निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किए बिना स्थाई जेलों में भेज दिया गया। जिससे स्थाई जेलों में कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रोटोकॉल की अनदेखी से अस्थाई जेल जिस उद्देश्य से बनाई गई थी, उसे आघात पहुंचा है।

# भाजपा की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधीः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2022 में किसानों को कारपोरेट घरानों का गुलाम बनाने वाला कानून अहंकारी भाजपाई सत्ता के विरूद्ध जनआंदोलन का मुख्य कारण बन गया है। अब किसान हर गांव में भाजपा का खेत खोदकर उन्हें जड़ से उखाड़ कर बताएंगे कि कैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य के धोखे के बदले वह इनके विरूद्ध अधिकतम विरोध कर भाजपा का ही दानापानी बंद कर देगा। भाजपा ने बहुमत के बल पर विपक्ष की अनदेखी कर जो किसान विरोधी काला कानून पास किया है उसके विरूद्ध देशभर में हो रही प्रतिक्रिया को नज़र अंदाज करना उसे बहुत भारी पड़ेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों किसान हितों के विरोध की है। उसने किसानों की 2022 तक आय दुगनी करने, लागत से डयोढ़ा गुना ज्यादा फसल की कीमत देने तथा कर्जमाफी के वादे किए थे। इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। जब आलू, प्याज जैसी जरूरी सब्जियों की जमाखोरी होती थी तो सरकारों के हाथों में कार्रवाई की शक्ति थी। भाजपा सरकार ने यह व्यवस्था खत्म कर दी। अब जमाखोर चाहे जितनी कालाबाजारी कर सकते हैं, जनता को लूटने की उन्हें आजादी मिल गई है। यदि इस किसान विरोधी कानून से किसानों को राहत मिली होती तो अध्यादेश लागू होने के बाद भी मक्का की कीमत एक हजार रुपये प्रति कुंटल क्यों होती जबकि पिछले वर्ष यह 2200 रुपये प्रति कुंटल थी। भाजपा के झूठे प्रचार की अब हर दिन पोल खुल रही है। उन्होंने कहा कि मंडियों में काम करने वाले लाखों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। किसान मारा मारा घूम रहा है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियां और कुछ उद्योगपति घात लगाए बैठे हैं कि किसान की उपज औने पौने दाम देकर खरीद लें। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की सरकारें इसका ही इंतजार कर रही है। भाजपा सरकार को गन्ना किसानों के बकाये की चिंता नहीं है। चीनी मिल मालिकों की मनमानी पर रोक नहीं है। किसानों से भाजपा राज में जबरन जमीनें छीनी जा रही है। उन्हें उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। भाजपा सरकार को भू-अधिग्रहण पर सर्किल रेट बढ़ाकर 6 गुना दाम किसानों को देना चाहिए। परिवार की स्थिति व जरूरत के हिसाब से कृषक परिवार में किसी को नौकरी भी देनी चाहिए। सरकार कमजोर के हितों की पोषक होनी चाहिए न कि सत्ता मद में शोषणकारी बन जाना चाहिए।

## मोबाइल एप के जरिए होगा सभी मण्डलों में बेसलाईन सर्वेः किंजल


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मिशन** निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण किंजल सिंह ने कहा है कि एसबीजीएम ग्रामीण फेज.2 अन्तर्गत सभी मण्डलों में मोबाइल एप के जरिये सर्वे कराया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को बेसलाईन सर्वे के संबंध में पंचायतीराज निदेशालय में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रदेश के 18 मण्डलों के सभी उपनिदेशक एवं मण्डलीय कन्सलटेन्ट्स तथा पंचायतीराज निदेशालय के अधिकारियों एवं निदेशालय में विभिन्न योजनान्तर्गत तैनात समस्त कन्सलटेन्ट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में पेयजल एवं स्वच्छता विभागएजल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि इक्ष्वाकू शर्मा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज.2 अन्तर्गत बेसलाईन सर्वे हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित एप के माध्यम से बेसलाईन सर्वे करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्मुखीकरण कार्यशाला में मिशन निदेशक के निर्देशन में निदेशालय से प्रदेश के लखनऊ एवं गोण्डा जनपद से 2-2 ग्रामों में 4 राज्य स्तरीय टीम भेज कर बेसलाईन सर्वे का डेमो एक्सरसाइज किया गया। उक्त कार्यशाला में राज्य स्तरीय टीम द्वारा बेसलाईन सर्वे हेतु किए गए डेमो एक्सरसाइज व अन्य समस्याओं के निस्तारण के संबंध में जानकारी दी गई।

# धान खरीद पर पड़ सकता है हड़ताल का असर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● मंडी शुल्क को लेकर प्रदेश की 45 गल्ला मंडियां अभी भी है बंद



**मंडी** शुल्क माफ कराने की मांग को लेकर प्रदेश की कई मंडियों में अभी भी हड़ताल जारी है। इसका सीधा असर धान खरीद पर पड़ सकता है। प्रदेश योगी सरकार ने 1 अक्टूबर से पूरी तैयारी के साथ धान खरीद की तिथि निर्धारित की है। हड़ताल पर चल रहे मंडी व्यापारियों का कहना है कि कई प्रदेशों में मंडी शुल्क पूरी तरह से माफ है लेकिन उत्तर प्रदेश में मंडी शुल्क के नाम पर किसानों व व्यापारियों से कुल ढाई प्रतिशत शुल्क वसूला जा रहा है जो कि गलत है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की 45 गल्ला मंडियों में अभी चल रही हड़ताल चल रही है। इस संबंध में निदेशक मंडी का कहना है कि मंडी शुल्क के मामले में शासन स्तर पर विचार होना है उन्होंने कहा कि कई मंडियां खुल चुकी हैं और जो मंडियां बंद है उन्हें भी खोले जाने के लिए विचार विमर्श चल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीद का लक्ष्य 55 लाख मीट्रिक टन निर्धारित करते हुए बीते 15 सितम्बर तक इसके लिये पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त ने बैठक के विपणन वर्ष 2020-21 में किसानों से धान खरीद के लिये 15 सितम्बर तक सम्पूर्ण तैयारी कर लेने के निर्देश खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दिये थे। इसके साथ ही आगामी एक अक्टूबर से पूर्ण तैयारी के साथ किसानों से धान खरीदने का निर्देश दिये गये हैं लेकिन बीते कई दिनों से मंडी शुल्क माफ कराने को लेकर मंडियों में चल रही हड़ताल प्रदेश सरकार की इस व्यवस्था पर भारी पड़ती दिखाई पड़ रही है। प्रदेश में अभी भी करीब 45 मंडियां हड़ताल के चलते प्रभावित हैं। हड़ताल पर उतरे व्यापारियों व किसानों का कहना है कि हम लोगों के साथ शासन में बैठे अधिकारी किसी भी तरह का सहयोग नहीं कर रहे हैं। उल्टे हम लोगों पर दबाव बना रहे हैं कि हड़ताल समाप्त की जाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री तक हम लोगों की समस्याओं को नहीं पहुंचाया जा रहा है, यदि मुख्यमंत्री तक हम लोगों की समस्या पहुंच जाती है तो उम्मीद है कि उसका पूरा निदान शीघ्र हो जाएगा। जनपद महोबा से आए व्यापारी ने कहा कि कृषि व मंडी विभाग से जुड़े अधिकारी हमारी बात मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमारी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचा दी जाए तो हमारी समस्या का समाधान तत्काल निकल सकता है।


## दुर्गा पूजा पंडाल पर रोक आस्था पर हमलाः रामगोविन्द चौधरी

**लखनऊ।** नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार पंडालों में आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा पर रोक का आदेश वापस ले। यह आदेश कानून सम्मत नहीं है। उन्होंने कहा है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट पहुंचेगी। इसे लेकर अनिष्ट की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लाखों स्थानों पर आदि शक्ति मां दुर्गा के भक्त पंडाल लगाकर और मन्दिरों को सजाकर विधिवत पूजा करते हैं। इन पंडालों और मन्दिरों में करोड़ों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का पंडालों में पूजा पर रोक का आदेश इन भक्तों की आस्था पर हमला है। नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश सरकार ने भगवान राम की रामलीला के लिए सामाजिक दूरी और सौ की संख्या की शर्त के साथ भक्तों को इक्कठा होकर दर्शन और पूजा की छूट दिया है, उसी प्रकार से सरकार आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा के मामले में भी समाजिक दूरी और सौ की संख्या की शर्त के साथ सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल लगाकर और पहले से स्थापित मन्दिरों में साज सज्जा करके पूजा और दर्शन करने की छूट दे। नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश सरकार भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उदारता दिखाती है,उसी तरह की उदारता आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा के लिए सड़कों पर पंडाल लगाने, उसमें मूर्ति स्थापना कर पूजा दर्शन के मामले में भी दिखाए।

# बीते एक माह में 636 पुलिसकर्मियों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई को सम्मानित भी किया गया



**कोरोना** के संकट काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जहां उन्हें सम्मानित किया गया वहीं भ्रष्टाचार लापरवाही और दुर्व्यवहार करने वालों को सजा भी मिली। बीते अगस्त माह के दौरान भ्रष्टाचार की शिकायतों एवं पुलिस दुर्व्यवहार व विवेचना में जानबूझकर लापरवाही बरतने पर दोषी 636 पुलिसकर्मियों के खिलाफ 42 मुकदमे दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई।

पुलिस विभाग के लिए कोविड-19 संकमण आदि के दृष्टिगत एक बहुत ही चुनौती पूर्ण समय रहा। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में पुलिस कर्मियों द्वारा उच्चस्तर के कर्तव्य बोध का प्रदर्शन करते हुए लॉकडाउन का अनुपालन व उक्त अवधि में जरूरतमंद व्यक्तियों तथा प्रदेश के बाहर से आने वाले श्रमिकों की सहायता की गयी। साथ ही इस वर्ष में पड़ने वाले समस्त त्योहारों आदि को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराया गया। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि इन उत्कृष्ट कार्यो एवं व्यवहार की आम जनता के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा भी प्रशंसा की गयी। मुख्यमंत्री द्वारा भी पुलिस बल के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। जिससे पुलिस बल का मनोबल और बढ़ा है तथा कर्तव्य बोध से प्रेरित होकर और अधिक उत्साह के साथ कर्तव्यरत है। प्रवक्ता ने कहा कि डीजीपी हितेश चंद अवस्थी ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल का मनोबल बढ़ाये रखने के लिए उन पुलिस कर्मियों को जिनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए गए, उनको प्रशंसा चिन्ह व सराहनीय सेवा चिन्ह, उत्कृष्ट सेवा चिन्ह आदि से सम्मानित किया गया। 15 अगस्त 2020 को 402 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह, 200 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा चिन्ह, 43 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह डीजीपी द्वारा प्रदान किया गया। दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेन्स की नीति पर कार्य करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई में भी कोई कोताही नहीं बरती गई। 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच दोषी पाए गए 636 पुलिसकर्मियों के खिलाफ 42 मुकदमे पंजीकृत कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी। इनमें एक को पदच्युत, 527 को परिनिंदा प्रविष्टि, 9 की सत्यनिष्ठा रोकी गयी, 72 को अर्थदण्ड एवं 27 पुलिस कर्मियों का ओआर किया गया।

प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में ऐसे पुलिसकर्मी बहुत कम संख्या में हैं जिनके द्वारा किए गए गलत व अवैधानिक कार्यों के कारण पुलिस की छवि पर भी आघात पहुंचा है। ऐसे पुलिस कर्मियों के कार्यों एवं आचरण में सुधार लाने एवं बेहतर प्रदर्शन प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित करने के लिए विधि द्वारा स्थापित व्यवस्था के अन्तर्गत उन्हें दण्डित किया गया है। डीजीपी द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि समस्त पुलिस कर्मी द्वारा अपनी व्यवसायिक दक्षता एवं उत्कृष्ट सेवा भाव ए व्यवहार का प्रदर्शन भविष्य में भी करते रहें।

# राजनीतिक तनातनी में अटके पनीरसेल्वम

## ● कोविड-19 पर मुख्यमंत्री की बैठक में नहीं हुए शामिल

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के समन्वयक और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम ने मंगलवार को कुछ नेताओं के साथ बैठक की लेकिन वह मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी की अध्यक्षता में कोविड-19 पर हुई बैठक में शामिल नहीं हुए। राज्य में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात को लेकर दोनों नेताओं के बीव सोमवार को तलवारें खिंच गई थीं।

पार्टी के भीतर नए सिरे से तनातनी की अटकलों के बीच पनीरसेल्वम के ग्रीनवेज रोड स्थित आवास पर हुई बैठक में उप समन्वयक के.पी. मुनुसामी और राज्य सभा सदस्य आर. वेथिलिंगम सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। वेथिलिंगम ने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों से कहा कि इस बैठक का कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। अगले चुनाव में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के संबंध सवाल करने पर उन्होंने कहा, सात अक्टूबर को देखते हैं। इस बात को लेकर कोई संशय नहीं है कि अन्नाद्रमुक सत्ता में वापसी कर रही है। सोमवार को हुई अन्नाद्रमुक की कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी नेतृत्व को लेकर चर्चा हुई। मुनुसामी ने बैठक के बाद कहा था कि पार्टी के संयुक्त समन्वयक पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी सात अक्टूबर को बताएंगे कि पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। वेथिलिंगम ने मंगलवार को कहा कि पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी दोनों का ही समर्थन किया।

जे. जयललिता के मंत्रिमंडल में मंत्री रह चुके वेथिलिंगम ने कहा कि उनका लक्ष्य अन्नाद्रमुक को और मजबूत बनाकर पार्टी को अगली बार भी सत्ता में बनाए रखना है। मुनुसामी ने भी कहा कि पार्टी के सामान्य कामकाज से कुछ ज्यादा मतलब निकालने की आवशकता नहीं है। इससे पहले अब अन्नाद्रमुक में बंटवारा हुआ था तो वेथिलिंगम पलानीस्वामी के साथ जबकि मुनुसामी पनीरसेल्वम के साथ थे। दोनों धड़ों का 2017 में विलय हो गया और पलानीस्वामी मुख्यमंत्री तथा पनीरसेल्वम उपमुख्यमंत्री बने।

## जगन्नाथ मंदिर के 351 सेवादार कोविड-19 से संक्रमित पाए गए

**पुरी।** ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर के कम से कम 351 सेवादार और 53 कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रशासक अजय जेना ने मंगलवार को बताया कि 12 वीं शताब्दी के इस मंदिर में अब तक कुल 404 लोग संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इतने सारे सेवादारों की अनुपस्थिति के बाद भी भगवान जगन्नाथ की पूजा सामान्य रूप से जारी है। कोविड-19 महामारी के कारण जगन्नाथ मंदिर मार्च से ही श्रद्धालुओं के लिए बंद है। अधिकारी ने कहा कि अधिकांश सेवादार संक्रमण की पुष्टि होने के बाद घर पर ही पृथकवास में हैं और पूजा करने के लिए विद्वानों की कमी है। मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा के लिए कम से कम 13 पुजारियों की आवश्यकता होती है। इसलिए, अन्य सेवादारों के अलावा 39 पुजारियों की उपस्थिति आवश्यक है।



गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद ब्रह्मपुत्र नदी के बढ़े जलस्तर में बीर लच्छित बोरफुकन की मूर्ति के पास खेलते हुए बच्चे।

## पूर्वी लद्दाख में सुरक्षा परिदृश्य असहज, न युद्ध, न शांति की स्थितिः वायुसेना प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली

**वायुसेना प्रमुख** एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर लंबे समय से चल रहे गतिरोध के संदर्भ में कहा कि हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज है जहां न युद्ध न शांति की स्थिति है।

एक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान एयर चीफ मार्शल भदौरिया ने कहा कि वायुसेना ने स्थिति पर तेजी के साथ प्रतिक्रिया दी है और वह क्षेत्र में किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज, न युद्ध न शांति की स्थिति है। जैसा कि आप जानते हैं हमारे सुरक्षा बल किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि पूर्व में हासिल किए गए सी-17 ग्लोबमास्टर, चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टरों के साथ हाल में वायुसेना में शामिल राफेल लड़ाकू विमानों ने वायुसेना की सामरिक और रणनीतिक क्षमता में पर्याप्त बढ़ोतरी की है। भारतीय एरोस्पेस उद्योग से जुड़े एक सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा, भविष्य में होने वाले किसी भी संघर्ष में वायुशक्ति हमारी जीत में अहम कारक रहेगी। इसलिए यह जरूरी है कि वायुसेना अपने दुश्मनों के खिलाफ तकनीक बढ़त हासिल करे और उसे बरकरार रखे।

फ्रांस में निर्मित पांच बहुउद्देशीय राफेल लड़ाकू विमानों को 10 सितंबर को वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। विमानों का यह बेड़ा पिछले कुछ हफ्तों से पूर्वी लद्दाख में उड़ान भर रहा है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हलके लड़ाकू विमान तेजस की दो स्क्वाड्रन और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों में कुछ स्वदेशी हथियारों को बेहद कम समय में लगाया जाना देश के स्वदेशी सैन्य उपकरण बनाने की क्षमता को दर्शाता है।

## कमलनाथ ने कहा, जनता एक चुनी हुई सरकार को गिराने वालों को कड़ा जवाब देगी

**भोपाल।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा का प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि उपचुनाव में प्रदेश की जनता लोकतंत्र की हत्या कर एक चुनी हुई सरकार गिराने वालों को कड़ा जवाब देगी। कमलनाथ ने इस बारे में हिन्दी में ट्वीट किया, चुनाव आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव की घोषणा का स्वागत। कांग्रेस इन उपचुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है। हमने अभी तक 24 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए है, शेष नाम भी हम शीघ्र घोषित करेंगे। अपने अगले ट्वीट में कहा, कांग्रेस का परचम इन सीटों पर निश्चित लहराएगा और हम भाजपा को इन सीटों पर परास्त करेंगे। यह उप चुनाव जनादेश का अपमान , संवैधानिक मूल्यों व लोकतंत्र की हत्या करने वालों को कड़े जवाब के रूप में होगा।

## महबूबा की नजरबंदी के खिलाफ बेटी इल्तिजा की याचिका पर जम्मू कश्मीर प्रशासन से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंदी को चुनौती देने वाली उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की याचिका पर मंगलवार को कहा कि यह हमेशा के लिए चलती रह सकती और इसका कोई न कोई रास्ता खोजना चाहिए। न्यायालय ने इसके साथ ही इल्तिजा की याचिका पर जम्मू कश्मीर प्रशासन से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने जम्मू कश्मीर प्रशासन को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया और जानना चाहा कि इस विशिष्ट कानून के तहत किसी व्यक्ति को कितने समय तक नजरबंद रखा जा सकता है और क्या प्राधिकारियों की योजना पीडीपी की नेता को अभी और नजरबंद रखने की योजना है। पार्टी की बैठकों में शामिल होने की अनुमति के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि पीडीपी की मुखिया को यह अनुरोध संबंधित प्राधिकारियों से करना चाहिए। इस याचिका पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने इल्तिजा की ओर से अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन के इस कथन का संज्ञान लिया कि नजरबंद नेता की पुत्री और दूसरे रिश्तेदारों को उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जानी चाहिए। जेल में बंद लोगों को भी अपने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की इजाजत होती है।

पीठ ने कहा कि मुलाकात और बैठकों के लिए संबंधित प्राधिकारियों से अनुरोध करना चाहिए। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने कहा कि वह मुद्दों के बारे में जानना चाहती है। कानून के तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम कितने समय तक नजरबंद रखा जा सकता है और पीठ ने प्राधिकारियों से जानना चाहा कि उन्हें कब तक रखा जा सकता है।

पीठ ने इस याचिका को 15 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, कोई रास्ता निकाला जाए। नजरबंदी सदैव के लिए नहीं हो सकती है। इस दौरान प्रशासन इल्तिजा की संशोधित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करेगा। पीठ ने प्रशासन के पहले के जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसका अवलोकन करेगी और देखेगी कि इसमें क्या किया जाना चाहिए। महबूता को जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 370 के अनेक प्रावधान समाप्त करने और इस राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों में विभक्त करने के पिछले साल पांच अगस्त के सरकार के फैसले से पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। इल्तिजा मुफ्ती ने पिछले सप्ताह एक आवेदन दायर कर पहले से ही लंबित अपनी याचिका में संशोधन करने का अनुरोध न्यायालय से किया था। वह इसे बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका बनाना चाहती है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सेना ने की भारी गोलाबारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों में मंगलवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की एवं मोर्टार के गोले दागे। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आज तड़के करीब साढ़े चार बजे पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए नियंत्रण रेखा के करीब मनकोट सेक्टर में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार के गोले दागे। इस महीने पाकिस्तानी सेना 45 बार संघर्षविराम का उल्लंघन कर चुकी है। लगभग दो सप्ताह पहले राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए की गई भारी गोलीबारी एवं गोलाबारी में एक जवान शहीद हो गया था तथा एक अधिकारी समेत दो अन्य घायल हो गए थे। दो सितंबर को पाकिस्तान सेना द्वारा राजौरी के केरी सेक्टर में किए गए संघर्ष विराम के उल्लंघन में एक जेसीओ की मौत हो गई।

### कृषि कानून जमाखोरों की मदद करेंगेः ममता

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कृषि कानूनों को लेकर केंद्र पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि ए कानून देश के किसानों को बर्बाद कर देंगे और जमाखोरों की मदद करेंगे। बनर्जी ने यहां शाखा सचिवालय उत्तर कन्या में एक प्रशासनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्य के अधिकारियों से बात करेंगी और किसानों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगी। कृषि कानून देश के किसानों को बर्बाद कर देंगे। ए सिर्फ जमाखोरों की मदद करेंगे। ए कानून किसानों के हितों की पूर्ति नहीं करेंगे। हम जल्द ही अधिकारियों की एक बैठक आहूत करेंगे और देखेंगे कि किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए क्या किया जा सकता है ? बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दल नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए कृषि क्षेत्र के तीन कानूनों का विरोध कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि यह किसान विरोधी कदम है और ए कृषि क्षेत्र को बर्बाद कर देंगे। इस बात पर जोर दिया है कि नए कानून किसानों को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त करेंगे और इससे वे अपनी उपज एक लाभकारी मूल्य पर जहां चाहें वहां विक्रय कर पाएंगे।

### महाराष्ट्र में आदिवासियों ने सिर मुंडाकर विरोध-प्रदर्शन किया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के चार जिलों में आदिवासी ग्रामीणों ने मंगलवार को काफी समय से लंबित अपनी मांगों के पूरा नहीं होने के विरोध में सिर मुंडाकर प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन आयोजित करने वाले एनजीओ ने कहा कि प्रदर्शनकारी आदिवासियों ने आदिवासी विकास विभाग और आदिवासी विकास निगम पर उनके हितों को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया। साथ ही विरोध जताने के तहत इन विभागों को मृत घोषित करते हुए अंतएष्टि अनुष्ठान भी किए। एनजीओ ने कहा कि ठाणे, पालघर, रायगढ़ और नासिक जिलों में स्थित आदिवासी विकास निगम के कार्यालयों के बाहर और तालुकाओं में ए प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शन के दौरान आदिवासियों ने अपने सिर भी मुंडाए और राज्य प्रशासन पर उनके हितों के प्रति संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। उनके वन अधिकारी दिए जाने के साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा की आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाए और सभी आदिवासी परिवारों को राशन कार्ड जारी किए जाएं।

### कर्नाटक ड्रग मामले में एक और व्यक्ति पकड़ा गया

**मेंगलुरु।** डांसर-कोरियोग्राफर किशोर अमर शेट्टी की संलिप्तता वाले ड्रग मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अपराध शाखा पुलिस के कर्मियों ने मुम्बई से इस धंधे में शामिल एक बड़े मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार कल शान नवाज को गिरफ्तार किया गया जो मेंगलुरु के बुंदेर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक वह मोहम्मद शाकिर का दोस्त है जिसे इस मामले में पहले गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों का कहना है कि नवाज मुम्बई और गोवा से शेट्टी और उसके दोस्त तरूण राज के जरिए मादक पदार्थ की आपूर्ति करता था।



मुंबई में राजभवन में अभिनेत्री पायल घोष राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात करती हुईं। साथ में केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले।

## पायल घोष ने महाराष्ट्र के राज्यपाल से की मुलाकात, न्याय मांगा

**भाषा।** मुम्बई

**फिल्म निर्माता** अनुराग कश्यप पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली अभिनेत्री पायल घोष ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात कर कश्यप के खिलाफ कार्वाई की अपील की। राज भवन ने ट्वीट किया, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले के साथ अभिनेत्री पायल घोष ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से राजभवन में मुलाकात की और ज्ञापन दिया।

घोष ने सोमवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष आठवले के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया था और कश्यप की गिरफ्तारी की मांग की थी। अभिनेत्री ने कश्यप पर सात साल पहले उनके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है।

कोश्यारी के साथ आधे घंटे की मुलाकात के बाद आठवले ने पत्रकारों को बताया कि राज्यपाल ने कहा कि वह मामले को लेकर महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख से बात करेंगे। मंत्री ने कहा, मैंने राज्यपाल को बताया कि पायल घोष 10 साल से मुंबई में रह रही हैं। उन्होंने कुछ साल पहले अत्याचार का सामना किया था। उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

आठवले ने बताया, पायल घोष ने राज्याल को ज्ञापन दिया है जिसमें सुरक्षा और अनुराग कश्यप की गिरफ्तारी की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभिनेत्री को मुद्दा उठाए आठ दिन हो गए हैं, लेकिन कश्यप के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई है। आठवले ने सोमवार को मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) विश्वास नांगरे पाटिल से अभिनेत्री के साथ मुलाकात की थी और फिल्मकार के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी।

## आरक्षण नियमों को लेकर उदयनराजे का सुझाव क्रांतिकारीः शिवसेना

**मुंबई।** आरक्षण के योग्यता और आर्थिक मानदंडों पर आधारित होने के भाजपा नेता तथा सांसद उदयनराजे भोसले के सुझाव को मंगलवार को शिवसेना ने क्रांतिकारी व्यवस्था करार दिया है। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के वंशज भोसले ने कहा है कि वह जाति आधारित आरक्षण को खत्म करके आर्थिक और योग्यता के मानदंडों पर आधारित आरक्षण के हिमायती हैं। भोसले ने मराठा समुदाय के बीच व्याप्त गहरे असंतोष के विकराल रूप धारण करने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा था कि अगर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार राज्य में मराठा आरक्षण कानून लागू करने में नाकाम रहती है तो सभी समुदायों को मिला आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाना चाहिए। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया है, इन हालात में, सभी समुदायों का आरक्षण समाप्त करके योग्यता आधारित आरक्षण देने की छत्रपति उदयनराजे की अपील क्रांतिकारी है। मुख्यमंत्री तथा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का विचार है कि मराठा और ढांगर समुदायों को उनके हिस्से का आरक्षण मिलना चाहिए। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के कानून के कार्यान्वयन पर रोक लगा रखी है, जिसे लेकर महाराष्ट्र सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

## महाराष्ट्र सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगीः संजय राउत

### ● मध्यावधि चुनाव नहीं होंगे

**भाषा।** मुम्बई

**शिवसेना** के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की संभावना को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य के लोग अभी चुनाव नहीं चाहते हैं। एक दिन पहले ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने राज्य में मध्यावधि चुनाव की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कहा था, कोई भी मध्यावधि चुनाव नहीं चाहता। लेकिन कोई अस्थायित्व का हल भी नहीं बता सकता। सभी कोशिश करेंगे कि कुछ न हो लेकिन यदि यदि कोई गठबंधन काम नहीं करता है तो कोई विकल्प भी नहीं होगा।

राउत ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में तंज कसते हुए कहा कि चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करने वाले चुनाव आयोग ने शायद पाटिल को कुछ जिम्मेदारी दी हो और संभवतः उनके पास इस संबंध में अधिक जानकारी हो। उन्होंने कहा, लेकिन मैं चंद्रकांत पाटिल के बयान को सकारात्मक ढंग से लेता हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोग चुनाव नहीं चाहते हैं। मैं भी यही कह रहा हूं कि चुनाव नहीं होना चाहिए। इसलिए ठाकरे सरकार पांच साल चलेगी और चुनाव नहीं होंगे।

बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय के पिछले सप्ताह स्वैच्छिक सेवानिवृति के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाले जनता दल यूनाइटेड से जुड़ जाने के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना सांसद ने कहा कि व्यक्ति को नौकरी से इस्तीफा देने के बाद राजनीति में आने का हक है। उन्होंने कहा, बिहार के पुलिस महानिदेशक रहे पांडेय साहब से हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। उन्होंने पद पर रहते हुए मुम्बई पुलिस के खिलाफ जो बयान दिए थे, हम उसके खिलाफ थे। आप मुम्बई पुलिस का अपमान मत कीजिए।

सुशांत सिंह राजपूत की मौत की मुम्बई पुलिस द्वारा जांच किए जाने के दौरान जब पांडेय ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी तब शिवसेना नीत महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार के नेताओं ने उनकी आलोचना की थी। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा अब सीबीआई जांच कर रही है। पूरा देश यह देखने का इंतजार कर रहा है कि सीबीआई इस मामले में क्या करती है। मैं समझता हूं कि पांडेय को भी कुछ समय इंतजार करना चाहिए। उन्होंने मुम्बई पुलिस की जांच पर सवाल उठाने वाले चैनलों से अब सीबीआई से सवाल पूछने को कहा।

सीबीआई सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की एक महीने से अधिक समय से जांच कर रही है। राउत ने कहा, चैनल हमसे सवाल पूछ रहे थे। उन्हें अब सीबीआई, पांडेय और नीतीश कुमार से सवाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ए आरोप शिवसेना को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा थे। सीबीआई ने सोमवार को कहा था कि राजपूत की मौत के मामले में अभी वह किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पिछले सप्ताह भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद अटकलों का दौर शुरू होने पर राउत ने कहा कि वह शिवसेना के मुखपत्र सामना के लिए उनके साक्षात्कार के वास्ते कार्यक्रम तय करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री से फिर मिलेंगे।




रांची में भाजपा के नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी और एसआई सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर ओरॉन का स्वागत करते कार्यकर्ता

# नए कृषि कानूनों से किसान सशक्त होंगे

**भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रमुख राजकुमार चाहर ने कहा**

भाषा। चंडीगढ़

**भाजपा** के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने मंगलवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे राजनीतिक फायदे के लिए किसानों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि संबंधी कानूनों से किसानों को उन पाबंदियों से आजादी मिलेगी, जिसका वे दशकों से सामना कर रहे थे।

चाहर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ए कानून किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें पाबंदियों से मुक्त करने के लिए हैं...लेकिन कुछ राजनीतिक संगठन खासकर कांग्रेस राजनीतिक फायदे के लिए सुधारों का विरोध कर रही है और किसानों को भ्रमित कर रही है। इससे पहले उन्होंने कृषि कानूनों के समर्थन में भाजपा की शहर इकाई द्वारा आयोजित ट्रैक्टर रैली में हिस्सा लिया। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है कि पार्टी तीनों कानूनों का विरोध कर रही है, जबकि उसने अपने चुनावी घोषणापत्र में खुले बाजारों की बात कही थी।

उन्होंने कहा कि 2017 के चुनाव के पहले पंजाब में भी कांग्रेस पार्टी ने कुछ बदलाव लाने की बात की थी लेकिन अब वे किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जो झूठ फैलाया जा रहा है वह लंबे समय तक नहीं टिकेगा। उन्होंने कहा कि ये कानून ऐतिहासिक हैं और देश की तकदीर बदल जाएगी। किसानों के लिए चिंता करने की कोई बात नहीं है। मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। नई व्यवस्था में उन्हें अतिरिक्त विकल्प मिल जाएंगे जिससे उनकी आमदनी बढ़ाने में सहायता मिलेगी। एक सवाल का जवाब देते हुए चाहर ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में पूरी आस्था है और वे उनका विश्वास करते हैं। यह पूछे जाने पर कि किसान कानूनों का क्यों विरोध कर रहे हैं, उन्होंने कहा, कुछ लोग उन्हें भ्रमित कर रहे हैं...। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि कृषि विधेयकों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल को विश्वास में लिया गया था।

यह पूछे जाने पर कि शिरोमणि अकाली दल ने विरोध क्यों किया और गठबंधन से अलग होने का रास्ता क्यों अपनाया, उन्होंने कहा, कुछ राजनीतिक कारण हो सकते हैं, इसका जवाब अकाली ही दे सकते हैं। दिल्ली में पंजाब युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रैक्टर जलाने की घटना पर उन्होंने कहा कि यह किसानों का अपमान है।

## मिजोरम में 30 स्वचालित राइफल और आठ हजार कारतूस बरामद

**आइजोल।** मिजोरम के मामित जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप बड़ी संख्या में हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किया है और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बीएसफ के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार रात में पश्चिमी फैलेंग तहसील में दक्षिणी फुलदेंगसी गांव के पास दो वाहनों से बीएसएफ के जवानों ने 28 एके-47 राइफल, एक एके-74 एवं अमेरिका निर्मित कार्बाइन एवं 7,894 गोलियां जब्त की। उन्होंने बताया कि 39,020 रूपए नकद और अन्य सामान भी जब्त किए गए। अधिकारी के अनुसार हथियारों को ले जाने के सिलसिले में तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं जो आइजोल के रहने वाले हैं। मिजोरम के पुलिस उपमहानिरीक्षक (मुख्यालय) जॉन नेहलैया ने कहा, बीएसएफ और पुलिस की प्राथमिक पूछताछ से पता चला है कि तीनों आइजोल में किराए के मकान में रहते थे। उनमें से एक म्यामांर का है।



हैदराबाद में बटुकम्मा उत्सव से पहले साड़ियों की दुकान पर फूलों की व्यपस्था करती महिला

# वडोदरा में निर्माणाधीन इमारत के ढहने से तीन मजदूरों की हुई मौत

भाषा। अहमदाबाद



वडोदरा जिले के बवानापुरा इलाके में निर्माणाधीन इमारत ढहने के बाद राहत कार्य करते बचावकर्त्ता

**गुजरात** के वडोदरा शहर में सोमवार की रात तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि एक मजदूर को मलबे में से जिंदा निकाला गया। उन्होंने बताया कि वडोदरा के भवमनपुरा इलाके में देर रात करीब साढ़े 12 बजे एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। अधिकारी ने कहा, एक महिला सहित तीन मजदूरों की हादसे में मौत हो गई। वहीं दमकल विभाग ने एक मजदूर को मलबे से जिंदा निकाला।

## मुंबई, पठानकोट आतंकी हमलों के पीड़ितों को न्याय मिलना अभी बाकी है : भारत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा है कि एक विशेष देश की अनिच्छा और असहयोग के कारण मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले और 2016 में पठानकोट हमले के पीड़ितों को न्याय मिलना अभी बाकी है। आतंकवाद के पीड़ितों के मित्र समूह की मंत्रिस्तरीय डिजिटल बैठक में भारत ने आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ठोस वैश्विक कार्वाई के लिए मजबूत आधार बनाते हुए कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बीच आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

सोमवार को हुई बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) विजय ठाकुर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में कमियों को दूर करने का भी आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आतंकवाद के दोषियों को सजा मिल सके। सिंह ने कहा, मैं इस बात पर प्रकाश डालना चाहूंगी, उदाहरण के लिए, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और 2016 के पठानकोट आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलना बाकी है। यह केवल एक विशेष देश की अनिच्छा और असहयोगपूर्ण रवैए के कारण है।

सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवादी गतिविधियां न केवल पीड़ितों के अधिकारों का उल्लंघन करती है बल्कि वे पीड़ितों और समाज की सुख शांति को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि महामारी के बीच आतंकवाद अंतराराष्ट्रीय सुरक्षा और शांति के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार कोरोना वायरस महामारी के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले कुछ महीनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को भेजना बंद नहीं किया है। सिंह ने आतंकवादियों द्वारा अपने नापाक मंसूबों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ाने संबंधी खतरे के बारे में भी बात की।

## महाराष्ट्र के आदिवासी अब वनक्षेत्रों के आसपास बना सकते हैं अपना मकान

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 में संशोधन करते हुए मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की जिसके तहत अब जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी वन क्षेत्र के आसपास घर बना सकेंगे। राजभवन के एक बयान के अनुसार इससे वनों में निवास करने वालों का पलायन रुकेगा और गांव का आसपास की वन भूमि पर विस्तार करते हुए उन्हें आवसीय क्षेत्र उपलब्ध कराया जा सकेगा। राज्यपाल ने संविधान की पंचम अनुसूची के अनुच्छेद पांच के उपअनुच्छेद (1) के तहत प्राप्त शक्तियों के तहत यह अधिसूचना जारी की है। बयान में कहा गया है कि इससे वनों में रह रहे अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी परिवार वनक्षेत्रों के आसपास घर बना पाएंगे। उसके अनुसार इस फैसले से राज्य के अधिसूचित क्षेत्रों में वनों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति एवं अन्य को बड़ी राहत मिलेगी।

# देश की जमीं से जुड़ी है देश की नई शिक्षा नीतिः नड्डा

भाषा। जयपुर



**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि नई शिक्षा नीति देश की जमीं से जुड़ी हुई है और समाज के सभी वर्गों ने इसका स्वागत किया है। वह यहां के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबोधित कर रहे थे। केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2020 में जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई है, वह भारत के मूल धरती से जुड़ी हुई शिक्षा नीति है। उन्होंने कहा कि ढाई से तीन लाख विचार, सुझाव लेने के बाद और उनको सम्माहित करने के बाद यह नई शिक्षा नीति बनी है जिसको समाज के सभी वर्गों ने ठीक से माना भी है, सराहा भी है और इसका स्वागत भी किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 का आने वाली पीढ़ी लाभ उठाएगी। नई शिक्षा नीति में शिक्षा सबकी पहुंच में हो, सबको उपलब्ध हो तथा यह लचीली हो पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के उन लोगों के जीवन में खुशी लाने के लिए है, जिन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के दौरान अहम भूमिका निभाई है। नड्डा ने कहा कि शिक्षा रटने रटाने की चीज नहीं है। हम सब लोग परीक्षा से पहले सारी चीजें याद कर लेते हैं और विश्वविद्यालय के परीक्षा हॉल में जाकर उसको लिख डालते हैं और हम सोचते है कि हम बहुत अच्छे छात्र है...रटने रटाने का जमाना चला गया अब जमाना है एप्लीकेशन का, कांसेप्ट का है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा विश्वगुरु रहा है भारत ने दुनिया को शिक्षा दी है। नालंदा, तक्षशिला इसके उदाहरण है। विश्वविद्यालय का शब्द नालंदा के साथ तब से जुड़ा है।

# क्षेत्र पर अवैध कब्जे को छिपाने का प्रयास है गिलगित बाल्तिस्तान में चुनाव

**विदेश मंत्रालय**

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने मंगलवार को कहा कि अगले महीने तथाकथित गिलगित बाल्तिस्तान विधानसभा क्षेत्र में चुनावों की घोषणा को लेकर उसने पाकिस्तान से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा क्षेत्र पर अवैध कब्जे को छिपाने के लिए दिखावे की कार्वाई की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा क्षेत्र में चुनाव कराने जैसे कार्यों से केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हिस्से पर अवैध कब्जे को न तो छिपाया जा सकता है न ही पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में लोगों के घोर मानवाधिकार उल्लंघनों और शोषण की बात को ढंका जा सकता है। पाकिस्तान ने घोषणा की है कि गिलगित बाल्तिस्तान के लिए चुनाव 15 नवम्बर को होंगे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, भारत की सरकार ने पाकिस्तान की सरकार से कड़ा विरोध जताया है और कहा है कि संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का पूरा इलाका जिसमें तथाकथित गिलगित और बाल्तिस्तान भी शामिल है, वह 1947 के विलय की संधि के मुताबिक भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का उस क्षेत्र में कोई अधिकार नहीं है जिस पर उसने अवैध और जबरन कब्जा कर रखा है। इसने कहा, इस तरह के कार्यों से संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के हिस्से पर न तो अवैध कब्जे को छिपाया जा सकता है न ही सात दशकों से पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों के गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों, शोषण और स्वतंत्रता से वंचित किए जाने के मामले को ढंका जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये महज दिखावा वाले कार्य हैं ताकि अवैध कब्जे को छिपाया जा सके। हम पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वह अवैध कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को तुरंत खाली करे। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से यह भी कहा कि वह अपने अधीन सभी अवैध कब्जे वाले स्थानों तो तुरंत खाली करे।




मनाली में मंगलवार को दुनिया की सबसे लंबी (नौ किमी.) और समुद्र तल से लगभग दस हजार फीट की ऊंचाई वाली सुरंग जो कि मनाली और लेह के बीच की दूरी कम करने वाली सुरंग के गेट का दृश्य

# एचएएल ने 300वें एएलएच (ध्रुव) के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया

**बेंगलुरु।** हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने मंगलवार को 300वें एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच-ध्रुव) के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। एचएएल के सीएमडी आर माधवन ने इस अवसर पर कहा कि 30 अगस्त 1992 को प्रोटोटाइप के पहली उड़ान भरने के बाद एएलएच ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और यह अपने शानदार प्रदर्शन के चलते एक विश्वस्तरीय हेलीकॉप्टर साबित हुआ है। उनके हवाले से एचएएल ने एक बयान में कहा, एएलएच मार्क-1 से मार्क-4 तक का विकास असाधारण रहा है और यह हेलीकॉप्टरों के स्वदेशी डिजाइन तथा विकास में एक मजबूती है। एचएएल के हेलीकॉप्टर प्रभाग में आयोजित एक कार्यक्रम में वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय के अतिरिक्त निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र) वाई के. शर्मा ने हेलीकॉप्टर परिसर के मुख्य कार्याधिकारी जी वी एस भास्कर को 300वें हेलीकॉप्टर से संबंधित प्रमाणपत्र सौंपा।

# पेज एक का शेष

## हाथरस गैंगरेप...

तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। पीड़ित युवती की मौत की खबर फैलते ही दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के साथ-साथ विजय चौक और हाथरस में उग्र विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दलित समुदाय के सभी लोगों से सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करने और दोषियों को मृत्युदंड देने की मांग करने की अपील की है। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि सरकार को हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हम तब तक आराम से नहीं बैठेंगे जब तक दोषियों को फांसी नहीं दी जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीड़ित को अस्पताल में मारा गया है ताकि उसकी आवाज हमेशा के लिए बंद हो जाए और आरोपियों को बचाया जा सके। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महिला भाजपा नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश अब देश की क्राइम कैपिटल बन गया है। कांग्रेस ने विजय चौक पर पीड़ित के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पीएल पुनिया और उदित राज समेत कई पार्टी नेताओं को मंदिर मार्ग थाने में हिरासत में लिया गया। कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हाथरस, शाहजहांपुर और गोरखपुर में बलात्कार की घटनाओं ने राज्य को हिला दिया है। राज्य में महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। अपराधी बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाए और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि युवती की मौत पूरे समाज, देश के साथ-साथ सभी सरकारों के लिए शर्म की बात है। केजरीवाल ने कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी मांग की है कि हाथरस के दोषियों को फांस्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दी जाए। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता और राज्य के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि घटना बहुत दुखद है। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। चारों गिरतार आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार ने कहा कि एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। डीएम ने युवती द्वारा अपनी जीभ काटे जाने की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि जब आरोपियों ने उसका गला घोंटने की कोशिश की तो लड़की की जीभ कट गई। दूसरी ओर, आईजी अलीगढ़ पीयूष मोर्डिया ने कहा कि 14 सितंबर को पीड़ित के भाई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने गला घोंटकर उसकी बहन की हत्या करने की कोशिश की। तब पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उस समय पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने इसके अलावा कोई अन्य आरोप नहीं लगाया था, लेकिन 22 सितंबर को पीड़िता ने तीन और व्यक्तियों के नाम बताए और बलात्कार के आरोप भी लगाए। मेडिकल जांच में बलात्कार की पुष्टि नहीं हुई है। नमूनों को फारेंसिक लैब भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी।

## हरियाणा दूसरे...

गया कि हरियाणा सरकार ने पंजाब के किसानों की फसल खरीदने से मना कर दिया है। यहा बता दें कि मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर को बयान दिया था कि बाकी राज्यों में मक्के व बाजरे का एमएसपी तय नहीं है। हरियाणा में इन दोनों फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाएगा। इस तथ्य को मुख्यमंत्री ने सुधारते हुए कहा कि वे आज भी अपने बयान पर कायम हैं कि पहले किसानों के मक्के व बाजरे को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। प्रदेश में बाकायदा मेरी फसल-मेरा ब्योरा वेबपोर्टल बना हुआ है, जिस पर किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। सरकार उन्हीं किसानों की फसल मंडियों में एमएसपी पर खरीदती है, जिन्होंने इस पोर्टल पर अपनी जमीन और फसल की मात्रा का रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है। यह व्यवस्था कुछ सालों से की गई है।

## एम्स का...

अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट सौंपी। सीबीआई राजपूत की मौत के मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हत्या थी या आत्महत्या। सूत्रों के मुताबिक, एम्स पैनल ने राजपूत की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर कूपर अस्पताल के निष्कर्षों के बारे में संदेह जताया है, जिसमें मौत के समय जैसे बुनियादी विवरण का भी जिक्र नहीं किया गया है। इससे पहले, एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कूपर अस्पताल से पूछा था कि अभिनेता की मौत हत्या क्यों नहीं हो सकती और इस पर भरोसा करने का क्या आधार है। युवा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत 14 जून को मुंबई में अपने उपनगरीय बांद्रा फ्लैट में मृत पाए गए थे।

## काली कमाई...

और बद्रीनाथ में सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) और गंगा संग्रहालय का नई दिल्ली से डिजिटल माध्यम से लोकार्पण के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि विधेयकों को लेकर विपक्ष पर करारा हमला बोला और कहा, जिन सामानों और उपकरणों की किसान पूजा करते हैं, उन्हें आग लगाकर ये लोग किसानों को अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरसों तक ए लोग एमएसपी लागू करने की बात कहते रहे, लेकिन किया नहीं और जब उनकी सरकार ने ऐसा किया तो वे उस पर ही किसानों में भ्रम फैला रहे हैं।

## अयोध्या विवादित...

पक्ष की मौखिक बहस पूरी हुई थी। इसके साथ ही करीब तीन साल से रोज-ब-रोज चल रही इस मामले की अंतिम सुनवाई भी पूरी हो गई थी। दो सितंबर से अदालत ने अपना निर्णय लिखवाना शुरू कर दिया था। छह दिसंबर, 1992 को विवादित ढांचा ढंहाए जाने के मामले में कुल 49 एफआईआर दर्ज हुए थे। एक एफआईआर फैजाबाद के थाना रामजन्म भूमि में एसओ प्रियवंदा नाथ शुक्ला जबकि दूसरी एसआई गंगा प्रसाद तिवारी ने दर्ज कराई थी। शेष 47 एफआईआर अलग अलग तारीखों पर अलग अलग पत्रकारों व फोटोग्राफरों ने भी दर्ज कराए थे। पांच अक्टूबर, 1993 को सीबीआई ने जांच के बाद इस मामले में कुल 49 के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया था। करीब 28 साल की लम्बी कानूनी प्रक्रिया के दौरान 17 मुल्जिमों की मौत हो चुकी है।

## भाजपा को...

लोजपा के प्रत्याशी उतार देंगे। मुख्यमंत्री व जदयू नेता नीतीश कुमार से नाराज चल रहे चिराग भाजपा को चुनावी नुकसान न पहुंचाते हुए जनता दलयू के प्रत्याशियों के खिलाफ उनकी सीटों पर अपने उम्मीदवार लड़ाएंगे। बिहार में पहले चरण के मतदान के लिए प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले की प्रक्रिया दो दिन बाद शुरू होगी। लोजपा अध्यक्ष के आक्रामक तेवर के दरम्यान ही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समता पार्टी (रालोसपा)के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने विपक्षी महागठबंधन छोड़ दिया। राजग द्वारा अस्वीकार कर दिए जाने के बाद मंगलवार को उन्होंने यह कदम उठाया। साथ ही मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा)और जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के साथ मिलकर एक नया मोर्चा बनाने की घोषणा की। पटना मे संवाददाता सम्मेलन कोसंबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने कहा कि राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में अबकी बार शिक्षा वाली सरकार के वादे के साथ मोर्चा बनाया जाएगा। इसका लक्ष्य राज्य में विकास और रोजगार सृजन के एक नए युग की शुरूआत करना होगा। कुशवाहा ने करीब दो साल पहले लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद)से हाथ मिलाने के अपने फैसले का पुरजोर बचाव किया। रालोसपा प्रमुख ने हाल ही लालू के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि वह केंद्र में एक वैकल्पिक सरकार के गठन में मदद के लिए महागठबंधन में शामिल हुए थे न कि बिहार में राजद की सरकार बनाने को।

## भारत ने...

को भेजे गए एक पत्र में प्रस्तावित की गई एलएसी को मानता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों का हवाला दिया जिनमें 1993 में एलएसी पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने संबंधी समझौता, 1996 में विश्वास बहाली के कदमों से संबंधित समझौता और 2005 में सीमा मुद्दे के समाधान के लिए राजनीतिक मानकों तथा निर्धारक सिद्धांतों से संबंधित समझौता भी शामिल है। उन्होंने इन समझौतों का जिक्र यह बताने के लिए किया कि दोनों पक्षों ने एलएसी सरेंखण पर पारस्परिक सहमति पर पहुंचने की प्रतिबद्धता जताई थी। श्रीवास्तव ने कहा, 'इसलिए, अब चीनी पक्ष का यह कहना, कि केवल एक ही एलएसी है, इन समझौतों में चीन द्वारा की गईं सभी प्रतिबद्धताओं के पूरी तरह विपरीत है।' उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने एलएसी का हमेशा सम्मान और पालन किया है। संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया संबोधन का जिक्र करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि यह चीनी पक्ष है जिसने पश्चिमी सेक्टर के विभिन्न हिस्सों में एलएसी पर अतिक्रमण के अपने प्रयासों से यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि चीन ने पिछले कुछ महीनों में बार-बार दोहराया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति का समाधान दोनों देशों के बीच हुए समझौतों के अनुरूप किया जाना चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा, '10 सितंबर को विदेश मंत्री और उनके चीनी समकक्ष के बीच हुए समझौते में भी चीनी पक्ष ने सभी मौजूदा समझौतों का पालन करने की अपनी कटिबद्धता दोहराई है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि चीनी पक्ष ईमानदारी से सभी समझौतों और सहमति का पूरी तरह पालन करेगा तथा एलएसी की एकतरफा अपुष्ट व्याख्या करने से बचेगा।'

## बढ़े तनाव...

कारण 27 सैनिकों की मौत हो गई और 146 जख्मी हो गए। सेना ने सरकार से इस संबंध में तुरंत कदम उठाने को कहा है, जिसमें जवाबदेही तय करना तथा उच्च कोटि के गोला बारूद का उत्पादन भी शामिल है। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां कहा कि जिन युद्ध सामग्रियों पर सवाल उठाया गया है वे अधिकांश आयुध फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) द्वारा उत्पादित है। त्रुटिपूर्ण युद्ध सामग्रियों में 23एमएम एयर डिफेंस शेल, आर्टिलिरी शेल, 125-एमएम टैंक राउंड और इंफेंट्री असॉल्ट राइफलों में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न कैलिबर के कारतूस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जवाबदेही न होने तथा खराब गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण कई सालों से अक्सर हादसे होते रहे हैं जिसमें सैनिक जख्मी होते और जान गंवाते हैं। 2014 से 2019 के आंतरिक आंकड़ों के मुताबिक हर हफ्ते औसतन ऐसी एक दुर्घटना हुई। 2014 से 2019 के बीच ऐसी 403 घटनाएं हुईं जिसमें 27 सैनिकों की मौत हुई और 146 घायल हो गए। खराब गुणवत्ता के कारण भारी मात्रा में गोला बारूदों के उपयोग का तय समय पूरा होने से पहले ही उन्हें नष्ट कर दिया गया। अप्रैल 2014 से 2019 के बीच 658.58 करोड़ रुपये के ऐसे उत्पादों को नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा पुलगांव महाराष्ट्र में 2016 में सेंट्रल एम्युनिशन डिपो में दुर्घटनावश बारूदी सुरंग में विस्फोट के बाद 303.23 करोड़ रुपये की सुरंगों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसमें करीब 960 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जिसमें 100-155 एमएम की मीडियम आर्टिलरी गन खरीदी जा सकती थी। मीडियम आर्टिलिरी गन में होवित्जर भी शामिल है जिसे आसानी से लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश और ऐसे ही अन्य दुर्गम स्थानों पर ले जाया जा सकता है। इन हथियारों को हेलीकॉप्टरों के जरिये पर्वतों की चोटियों पर पहुंचाया जा सकता है। भारत ने 2018 में अमेरिका निर्मित एम-777 होवित्जर के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 144 होवित्जर खरीदे जाएंगे। इनमें से 25 अमेरिका में बनेंगे बाकि एक निजी भारतीय कंपनी बनाएगी। सेनाएं युद्ध सामग्रियों के निर्माण में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के पक्ष में। सूत्रों ने कहा कि लेकिन कंपनियां मदद चाहती है क्योंकि यदि उन्हें ऑर्डर नहीं मिला तो नुकसान झेलने के लिए उनके पास इतनी वित्तीय क्षमता नहीं है।

### ईपीएल में लीवरपूल की लगातार तीसरी जीत

**लंदन।** लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और सोमवार को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आर्सेनल को 3-1 से हराया। ईपीएल में लीवरपूल के लिए पदार्पण कर रहे डियोगो जोटा ने अपनी नई टीम की ओर से गोल दागा। आर्सेनल को एलेक्सांद्रे लकाजेते ने बढ़त दिलाई लेकिन इसके बाद उन्होंने दो मौके गंवाए।लीवरपूल की ओर से जोटा के अलावा सादियो माने और एंड्यू रोबर्टसन ने भी गोल दागे।

### किशन थक गया था : जयवर्धने

**दुबई।** आक्रमक बल्लेबाजी कर रहे इशान किशन को सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए नही भेजने के मुंबई इंडियन्स के फैसले ने कई लोगों को हैरान किया होगा लेकिन टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने इस रणनीति का बचाव करते हुए कहा है कि उन्हें अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा था कि वे काम पूरा करेंगे।मैच का नतीजा हालांकि सुपर ओवर से निकला जहां गत चैंपियन टीम ने पोलार्ड के साथ हार्दिक पंड्या को भेजने का फैसला किया।

### न्यूजीलैंड ने गर्मियों का कार्यक्रम जारी किया

**आक्लैंड।** न्यूजीलैंड कोरोना वायरस के कारण ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के साथ करेगा। देश के क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घरेलू सत्र का कार्यक्रम जारी किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने घोषणा की कि नवंबर में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान की मेजबानी के बाद फरवरी में आस्ट्रेलिया जबकि मार्च में बांग्लादेश की मेजबानी की जाएगी।

### खिलाड़ियों पर प्रयोग किए जाएंगे बैटरी संचालित मास्क

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक की तैयारियों में जुटे अपने खिलाड़ियों का कड़ा अभ्यास सुनिश्चित करने के लिए बैटरी से संचालित मास्क का परीक्षण के तौर पर उपयोग करेगा। यह मास्क आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों ने तैयार किया है और इसके बारे में दावा किया गया है कि इसको पहनने वाला अधिकतम आक्सीजन ग्रहण करता है।

### क्लार्क ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के पद से इस्तीफा दिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की सामुदायिक क्रिकेट की कार्यकारी महाप्रबंधक के अपने पद से इस्तीफा दे रही है। बेलिंडा की अगुआई में आस्ट्रेलिया ने दो विश्व कप खिताब जीते और इस खिलाड़ी ने अपने देश की ओर से 15 टेस्ट तथा 118 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह पिछले ढाई साल से यह भूमिका निभा रही थी और 30 नवंबर को अपने पद से हट जाएंगी। यह 50 साल की पूर्व खिलाड़ी हालांकि आईसीसी टी20 विश्व कप स्थानीय आयोजन समिति की निदेशक बनी रहेंगी।

# बेयरस्टॉ-विलियमसन के खेल से सनराइजर्स मजबूत

## दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ स्कोर 162 रन तक पहुंचाया

**भाषा।** अबुधाबी

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ ने टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक लगाया जिसकी मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चार विकेट पर 162 रन बनाए।

बेयरस्टॉ ने 48 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए। उन्होंने कप्तान डेविड वार्नर के साथ 57 गेंद में 77 रन जोड़े जबकि केन विलियमसन के साथ 38 गेंद में 52 रन की साझेदारी की। टूर्नामेंट में पहला मैच खेल रहे विलियमसन ने 26 गेंद में 41 रन बनाए जबकि वार्नर ने 33 गेंद में 45 रन बनाए।

आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे जम्मू कश्मीर के अब्दुल समाद ने सात गेंद में 12 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सनराइजर्स के लिए वार्नर और बेयरस्टॉ ने ईशांत शर्मा, कैगिसो रबाडा और एनरिच नोर्जे का गेंदों का संभलकर सामना किया। रबाडा ने 21 रन देकर दो विकेट लिए। पावरप्ले में सनराइजर्स के बल्लेबाज 38 रन ही बना सके जिसमें वार्नर ने दो चौके और एक छक्का लगाया। बेयरस्टॉ ने पहला चौका सातवें ओवर में लगाया जबकि लेग स्पिनर अमित मिश्रा को एक छक्का जड़ा। धीमे विकेट पर दोनों बल्लेबाजों ने विकेट के बीच बेहतरीन दौड़ का प्रदर्शन करते हुए रन बंटोरे। वार्नर ने ईशांत को दूसरा छक्का लगाया और मिश्रा की गेंद पर रिवर्स स्वीप से चौका जड़ा। मिश्रा ने उन्हें विकेट के पीछे लपकवाया। सनराइजर्स ने दस ओवर में 82 रन बनाए। मिश्रा ने मनीष पांडे (तीन) को भी सनराइजर्स का सैकड़ा बनने से पहले ही पवेलियन भेज दिया।

चोट से उबरकर इस सत्र का पहला मैच खेल रहे विलियमसन ने 16वें ओवर में दो चौके लगाए। इस बीच बेयरस्टॉ ने 18वें ओवर में नोर्जे की गेंद पर विकेट गंवाने से पहले 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में विलियमसन भी पवेलियन लौट गए।



### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी :** डेविड वार्नर का पंत बो मिश्रा 45, जॉनी बेयरस्टॉ का नोर्जे बो रबाडा 53,मनीष पांडे का रबाडा बो मिश्रा 03,केन विलियमसन का अक्षर बो रबाडा 41, अब्दुल समाद नाबाद 12, अभिषेक शर्मा नाबाद 01, **अतिरिक्त :** 04 रन, **कुल योग :** 20 ओवर में चार विकेट पर 162 रन, **विकेट पतन :** 1-77, 2-92, 3-144, 4-160 **गेंदबाजी:** इशांत 3-0- 26-0, रबाडा 4-0-21-2,नोर्जे 4- 0-40-0, स्टोइनिस 3-0-22 -0, मिश्रा 4-0-35-2, अक्षर 2- 0-14- 0

### इंग्लैंड की वेस्टइंडीज पर एक और जीत, क्लीन स्वीप के करीब

**भाषा।** डर्बी

विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स और कप्तान हीथर नाइट की शानदार बल्लेबाजी से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 44 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला में क्लीन स्वीप की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 166 रन बनाए और इसके बाद वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड ने इस तरह से शृंखला में 4-0 से बढ़त बना दी है। इंग्लैंड की बल्लेबाजी का आकर्षण एमी जोन्स का अर्धशतक रहा। उन्होंने 37 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाए और कप्तान हीथर नाइट (30 गेंदों पर 42) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट (27) और कैथरीन ब्रंट (नाबाद 25) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई। वेस्टइंडीज के लिए एलिया एलिन ने 25 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में नियमित अंतराल में विकेट गंवाए।

# राजस्थान रॉयल्स के सामने होगी केकेआर की कड़ी परीक्षा

**भाषा।** दुबई

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर बनाए रखना है तो उसे बेहतरीन फार्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। रॉयल्स को शुरू से छुपा रुस्तम माना जा रहा था और उसने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना यह लक्षण जगजाहिर कर दिया। पिछले मैच में उसने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 224 रन के रिकार्ड लक्ष्य को हासिल किया। रॉयल्स ने अपने दोनों मैच जीते हैं और उसने बड़ी आसानी से 200 रन की संख्या को पार किया है। उसकी इन सफलताओं में संजू सैमसन और राहुल तेवतिया का योगदान अहम रहा है जो अब तक स्टार खिलाड़ियों पर भारी पड़े हैं। हरियाणा के आलराउंडर तेवतिया ने किंग्स इलेवन के खिलाफ पिछले मैच में 31 गेंदों पर 53 रन बनाकर मैच का पासा पलट दिया था। उनकी इस पारी से रॉयल्स ने तीन गेंद शेष रहते हुए ही 224 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया था। तेवतिया ने एक समय 19 गेंदों पर आठ और फिर 23 गेंदों पर 17 रन बनाए थे लेकिन अचानक ही उनके अंदर का आक्रामक बल्लेबाज जाग उठा और उन्होंने तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल के एक ओवर में पांच छक्के लगाकर मैच का नक्शा बदल दिया। लेकिन रॉयल्स की पहली दो जीत के नायक केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन रहे। उन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 214.86 है। इससे उन्होंने भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान के लिए फिर से अपना दावा पेश कर दिया है। कप्तान स्टीव स्मिथ ने भरोसमंद की भूमिका निभाई है। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए हैं जबकि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर से टीम को धमाकेदार पारी का इंतजार है।

### महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर 10 अक्टूबर से शुरू होगा


**भाषा।** नई दिल्ली

महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर अंततः 10 अक्टूबर से लखनऊ के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शुरू होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी और साथ ही चेताया कि जो पहलवान शिविर में हिस्सा नहीं लेंगी उनके नाम पर राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से शुरू होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे टाल दिया गया। स्थिति उस समय और खराब हो गई जब ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके देश के चार पहलवानों में से दो विनेश फोगाट और दीपक पूनिया कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए जिससे कई पहलवान डर गए। स्थिति का आकलन करने और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की सलाह पर डब्ल्यूएफआई ने छह ओलंपिक भार वर्ग में शिविर शुरू करने का मन बना लिया है।

# नडाल फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

*भाषा / पेरिस*

गत चैंपियन रफेल नडाल ने इगोर गेरासिमोव को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के नडाल को 6-4, 6-4, 6-2 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। दूसरे वरीय नडाल रोलां गैरो पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने वाले 13वें और रोजर फेडरर के कुल 20 ग्रैंडस्लैम खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने के इरादे से उतरे हैं। नडाल को पहले दो सेट में ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन तीसरे सेट की शुरुआत में वह 15-40 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने एक ब्रेक प्वाइंट बचाया लेकिन फिर बाहर शॉट मारकर अपनी सर्विस गंवा दी। गेरासिमोव ने 2-2 के स्कोर पर कई मिनट का मेडिकल टाइमआउट लिया। कोर्ट पर गिरने के बाद उनके दाएं पैर का उपचार किया गया। उनके पैर पर काफी पट्टियां बांधी गई और इससे उनकी मूवमेंट पर भी असर पड़ा। नडाल ने अपनी सर्विस पर पहले ही मैच प्वाइंट पर मुकाबला जीत लिया



जब गेरासिमोव ने शॉट नेट पर मार दिया। दूसरे वरीय नडाल अगले दौर में अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे।

#### कर्बर लगातार दूसरे साल पहले दौर में हारी

पेरिस। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर को लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।जर्मनी की 18वीं वरीय खिलाड़ी को 19 साल की स्लोवेनिया की काजा युवान ने 6-3, 6-3 से हराया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कर्बर ने फ्रेंच ओपन के अलावा तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। रोलां गैरो पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 और 2018 में रहा जब वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा को भी हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंच ओपन 2009 की चैंपियन को रूस की हमवतन अनास्तासिया पावलुचेनकोवा ने तीन सेट में 6-1, 2-6, 6-1 से शिकस्त दी। फ्रेंच ओपन 2016 चैंपियन गरबाइन मुगुरुजा भी कर्बर और कुज्नेत्सोवा की सूची में शामिल होने से बच गई। उन्होंने तमारा जिदानसेक को 7-5, 4-6, 8-6 से हराया।

### आरसीबी की मुंबई पर सुपर ओवर में रोमांचक जीत

**दुबई।** एबी डिविलियर्स के कमाल और नवदीप सैनी की सुपर ओवर में की गई कसी हुई गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने सोमवार को यहां रोमांच से भरे बड़े स्कोर वाले मैच में मुंबई इंडियन्स पर जीत दर्ज करके इंडियन सुपर लीग (आईपीएल) में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that (1) Smt. Maya Devi W/o Shri Mahender and (2) Smt. Babita W/o Shri Sunder Pal are the owners of Built-up property Bearing No. 1/9042, Plot No. 1, area measuring 60 Sq. Yards i.e. 50.16 Sq. Meters, part of Khasra no. 607/401-Min, & 608/401 Min, Ward No. 87, Situated in the abadi of west Rohtash Nagar at the area of Village Uldhanpur Illaqa Shahdara Delhi-110032, by virtue of SALE DEED (Regd. No. 5028, Book No. 1, Vol. No. 1102, Page No. 66-76, Dated 22.11.2011, SRO-IVA, Delhi, in the chain Document Surviving member Certificate of Late Shri Jai Chand Arora is not available and Entire Upper Ground Floor, without roof rights of subject property is being sold to Smt. Rekha W/o Shri Rajesh Kumar and the same property to be Loan financed by M/s. Home First Finance Company India Ltd. Branch Gurugram.
If any person(s) have any objection(s) or claim in this property, then contact us within 7 days from date of this notice on Email: heedvalues@gmail.com or contact M/s. Home First Finance Company India Ltd. Branch Gurugram, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of the aforesaid property.

Akash Ojha (Advocate)
830, Patiala House Courts, New Delhi 110001
Contact No. 9811685559

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given by Mrs. Sunita Bansal & Mrs. Krishna Devi who are the owners of Entire First, Second & Third Floor with roof rights, Built on Property Bearing No.4767, admeasuring 55.37 Sq. Meter, Situated at Ward No. VI, Phatak Rasheed Khan, Jogiwara, Nai Sarak, Delhi-110006 and further will be mortgaging the same against the financial Assistance from Utkarsh Small Finance Bank Ltd. That the Sale Deed dated 20.05.2010 registered as doc no.4492 registered in sub registrar I New Delhi & Sale Deed dated 21.05.2011 registered as Doc. No.3935 in Sub Registrar 1 New Delhi in respect of said property has been lost/misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.

Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi-49, Contact #011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients Kusum & Talewar Singh R/o House no. B-l, Gali No. 9, Jagatpuri Ext., Delhi-110093 have debarred and disowned their son Balbant Singh & his Wife Neelam from their all movable-immovable properties due to their disobedient and misconduct with our family. In future my clients shall not be responsible by their any acts, deed or conduct.

Dilawar Singh (Advocate)
G-719, Karkardooma Court,
Delhi-110032
M. 9811451160

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client Mr. Pawan Jain S/o Sh. Ram Kumar Jain declared that he received the mentioned property through relinquishment deed executed by Mr. Ram Kumar Jain S/o Late Sh. Bhalu Ram Jain, Mr. Rajinder Kumar Jain S/o Sh. Ram Kumar Jain, Sh. Rajesh Kumar S/o Sh. Ram Kumar Jain, Mrs. Kavita Jain W/o Mr. Sunil Jain, Mrs. Shalu Jain W/o Late Mr. Rajiv Jain, Mr. Bhavik Jain S/o Late Sh. Rajiv Jain and Ms. Mudita Jain D/o Late Sh. Rajiv Jain and Mrs. Mudita Jain D/o Late Sh. Rajiv Jain. Property Address is A-49 & A-50, Kewal Park Extension, Azadpur, Delhi-110033. W.R.T. this property, Late Smt. Om Wati Jain was the absolute owner of the property. If somebody has any objections regarding this property or will please contact me within 10 days at Advocate Amarendra Kr. Dubey, 501A, 5th Floor, Usha Kiran Building, Commercial Complex, Azadpur, Delhi-110033 Mob.: 9599801188.

SD/- Amarendra Kr. Dubey (Advocate)
Enr. No. D-200/2013
501A, 5th Floor, Usha Kiran Building,
Commercial Complex, Azadpur, Delhi-110033

**Election Notice**

Major Bihari Lal Memorial College Of Education
N.H-48, Bilaspur Chowk, Distt- Gurugram (Hr)
The election of Governing Body of the college for the post of:
1. Office Bearers-04 (President, Vice-President, General Secretary, Treasurer)
2. Governing Body Members-11
3. Teaching Staff Representative-02
4. Non-Teaching Staff Representative-01
is scheduled as under:
1. Display of list of life members on college notice board : 30th Sept. 2020
2. Date of filling nomination form: 5th & 6th Oct. 2020
3. Scrutiny the nomination form: 7th to 11th Oct. 2020
4. Withdrawal of nomination: 12th to 16th Oct. 2020
5. Date of Election: 08th Nov. 2020
(Returning Officer)

**PUBLIC NOTICE**

My clients 1. Shri Sandeep kumar S/o Shriram Dass. (PAN NO. AHQPK1328J) 2. Shri Ved Prakash S/o Shri Laxmi Chand. (PAN NO. AGXPP0059K) 3. Shri Ashok kumar S/o Shri Avinashi Lal, (PAN NO. AFIPA7381R), do hereby declared that Plot No. 652-B, Gali No. 7, Khasra No. 84, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi-19, measuring 50 sq. Yards, that they had purchased this property from Mr. Vivek Bharat Gulati S/o Shri Shiv Kumar Gulati, vide Sale Deed Dated 02/05/2018. Whereas Shri Shiv Kumar Gulati died on 23/08/2014 and his wife Smt. Shushila Gulati also died on 20/10/2017, who was GPA holder of Entire property. Both has died and there is no other legal heirs and successor of deceased except that following legal heirs and by operation of law according to Hindu Succession Act 1956. Following Legal Heirs with their relationship with deceased.
1. Indu Batra - Daughter.
2. Vivek Bharat Gulati - Son.
That the above said statement is true and correct as per knowledge of my clients.
If any person claiming any right, interest or having any objection, may contact with the above named person at address above, with 14 days from the date of publication of this notice.

D. P. Verma (Advocate)
Off. 304, PNB Building, West Vinod Nagar, Delhi-110092

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परदीप कुमार गनोत्रा/ सीमा गनोत्रा/ LBDEL00000840712 | एए- 250, आवासीय योजना, शालीमार बाग, दिल्ली/ 28 सितंबर, 2020 | अक्टूबर 31, 2019 ₹. 5,33,056/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | साई इंडस्ट्रीज/ LBDEL00002010380 | संपत्ति नंबर 400, पहली मंजिल बिना छत के अधिकार, ब्लॉक ए 4, पश्चिम विहार, नई दिल्ली/ 28 सितंबर, 2020 | अक्टूबर 31, 2019 ₹. 30,76,340/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | साकेत सत्यम और सुशील कुमार श्रीवास्तव/ LBDEL0000237603 | फ्लैट नंबर 32, एलआईजी ब्लॉक बी- 18, पॉकेट 5, सेक्टर- 35, दूसरी मंजिल, रोहिणी, दिल्ली/ 28 नवंबर, 2020 | जनवरी 31, 2020 ₹. 13,62,125/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: सितम्बर 30, 2020
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# सेंसेक्स, निफ्टी में दो दिन की तेजी के बाद मामूली गिरावट

**भाषा।** मुंबई

घरेलू और वैश्विक शेयर बाजारों से किसी ठोस संकेत के अभाव में प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दो दिनों की तेजी के बाद मंगलवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में 254 अंक से अधिक बढ़ने के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह 8.41 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 37,973.22 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 5.15 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 11,222.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत की गिरावट ओएनजीसी में देखने को मिली। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, एनटीपीसी और आईटीसी भी गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, टाटा स्टील, टाइटन




और एचडीएफसी में लाभ रहा। इस दौरान सेंसेक्स के 20 शेयर घाटे के साथ बंद हुए। दूरसंचार, उपयोगिता, एफएमसीजी, बैंकेक्स, रियल्टी और पावर जैसे सूचकांकों में 2.13 प्रतिशत तक गिरावट हुई। दूसरी ओर उपभोक्ता वस्तुओं, धातु, ऊर्जा, बुनियादी धातुओं, आईटी और ऑटो सूचकांक 1.97 प्रतिशत तक बढ़े। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.16 प्रतिशत की गिरावट हुई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि कारोबार के अंत में प्रमुख सूचकांक अस्थिर हो गए और बाजार सपाट बंद हुए। वैश्विक बाजार भी असुरक्षित और थोड़े नकारात्मक थे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण और कुछ खास स्थानों पर लॉकडाउन की आशंका के चलते भारतीय शेयर बाजारों में भी अनिश्चितता रही। बाजार को आर्थिक गतिविधियों में तेजी के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन पैकेज का इंतजार है, जिसके चलते बाजार में तेजी आ सकती है। कारोबारियों के मुताबिक घरेलू और वैश्विक बाजारों से स्पष्ट संकेतों की कमी के चलते सपाट कारोबार हुआ। समीक्षा बैठक स्थगित होने के बाद घरेलू निवेशक सतर्क हो गए। इसके अलावा दुनिया भर के बाजारों में कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बिडेन के बीच होने वाली पहली राष्ट्रपति पद की बहस का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान शंघाई, टोक्यो और सियोल में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### सोना 663 रुपए, चांदी में 1,321 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** डालर के मुकाबले रुपए मे गिरावट और अंतरराष्ट्रीय कीमतो मे तेजी के अनुरूप स्थानीय सर्राफा बाजार मे मंगलवार को सोना 663 रुपए की तेजी के साथ 51,367 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी दिन सोने का बंद भाव 50,704 रुपए प्रति दस ग्राम रहा था।

### डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले एशियाई मुद्राओं के कमजोर पड़ने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 73.86 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातक कंपनियो की मासांत की डॉलर मांग के कारण भी रुपए पर दबाव रहा।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Bishnu Swarnkar, S/o. Kanhaiya Swarnkar, R/o. 147, Goswami Marg, Khichripur Village, Patparganj, Delhi-110091 have changed my name from Bishnu Swarnkar to Mohammad Ali on 28.09.2020 for all purposes.
PD(8756)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Bishnu Swarnkar, S/o. Kanhaiya Swarnkar, R/o. 147, Goswami Marg, Khichripur Village, Patparganj, Delhi-110091 have changed my religion from Hinduism to Islam w.e.f. 28.09.2020.
PD(8757)A

### अंबानी की संपत्ति में 73 प्रतिशत का इजाफा, अडाणी देश के चौथे सबसे अमीर



**भाषा।** मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी की निजी संपत्ति में 73 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उनकी निजी संपत्ति 6.58 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इसकी बदौलत वह लगातार नौंवे साल देश के सबसे धनाढ्य व्यक्ति बने हुए हैं। वहीं गुजरात स्थित अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की संपत्ति में 48 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है और यह 1.40 लाख करोड़ रुपए हो गई है। देश के धनाढ्यों की मंगलवार को जारी हुरुन की सूची में वह दो स्थान की छलांग लगाकर देश के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। हुरुन ने आईआईएफएल वेल्थ के साथ मिलकर यह सूची तैयार की है। इसके मुताबिक 63 वर्षीय अंबानी वैश्विक स्तर पर पांच सबसे अमीर लोगों में भी शामिल हैं। हुरुन की यह सूची ऐसे समय में आई है जब कोरोना वायरस संकट ने दुनियाभर में लोगों की आजीविका पर कहर बरपाया है। भारत समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। वहीं ग्राफ पर अर्थव्यवस्था में दिखते अंग्रेजी के के अक्षर जैसे सुधार ने समाज में असमानता और बढ़ने को चिंता पैदा की है। इस सूची में 828 ऐसे भारतीयों को शामिल किया गया है जिनकी निजी संपत्ति 31 अगस्त को 1,000 करोड़ रुपए से अधिक थी।

### आर्थिक स्थिति में सुधार की गति को लेकर चिंता गहराई

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार वृद्धि और देश में लगाए गए कड़े लॉकडाउन का प्रभाव जारी रहने से अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ जिससे आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता गहरा गई है। डन एण्ड ब्राडस्ट्रीट अर्थव्यवस्था के अनुमान पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक स्थिति में सुधार की गति धीमी बनी हुई है। डअर्थशास्त्री अरुण सिंह ने कहा, संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब लगता है कि सुधार की गति धीमी रहेगी। ऐसे में यदि वृद्धि की अंग्रेजी के वी शब्द के आकार की तरह नीचे आने के बाद तेजी से ऊपर भी जाती है ।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरेन्द्र सिंह रावत एवं अनूपा रावत/ एलबीडीईएल00001515215 | कार्यालय सं. 201, द्वितीय तल, निपुण प्लाजा, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद/26 सितम्बर, 2020 | 30-11-2019 रू. 4,67,519/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अनिल अरोड़ा एवं गीता/ एलबीडीईएल00001676825 | फ्लैट नंबर 5, भू तल, पाकेट-जीएच-1, डीडीए, एमआईजी फ्लैट, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063/24 सितम्बर, 2020 | 31-01-2020 रू. 9,89,434/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मनदीप कुमार एवं नीतू कुमार/ एलबीडीईएल00002304100 | सम्पत्ति सं. 400, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक ए-4, पश्चिम विहार, दिल्ली/24 सितम्बर, 2020 | 22-02-2020 रू. 6,54,050/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | अंशु रेशी/अंकिता/ एलबीडीईएल00004837284 | प्लॉट नंबर एल-42, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, एल ब्लॉक, सेक्टर-12, प्रताप विहार, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/24 सितम्बर, 2020 | 31-12-2019 रू. 40,13,940/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | धीरज कुमार सिंह एवं इवा सिंह/ एलबीजीयूआर00002058864 | प्लॉट नंबर 08, स्ट्रीट 4, द्वितीय तल, प्रीमियम फ्लोर्स, सेक्टर-82, ब्लॉक एफ-4, वाटिका, गुड़गांव, हरियाणा/26 सितम्बर, 2020 | 30-11-2019 रू. 28,59,221/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सोनू कुमार एवं शिव कुमार/ एलबीएनओडी00002252451 | जी/यूएच-801, 8वां तल, टावर-जी, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद/26 सितम्बर, 2020 | 31-10-2019 रू. 14,75,317/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | सुशील शर्मा/रमणेश शर्मा/ एलबीडीईएल00004081659 एलबीडीईएल00004081660 एलबीडीईएल00004081662 | डीडीए जनता फ्लैट एच नंबर 157, भू तल, बसंत गांव, दिल्ली/24 सितम्बर, 2020 | 22-02-2020 रू. 28,49,561/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | टी धीर/हेमा / एलबीडीईएल00003111981 | फ्रीहोल्ड फ्लैट नंबर एल-1/222-बी, प्रथम तल, टेरेस का अधिकार नहीं, डीडीए फ्लैट्स, कैटेगिरी एलआईजी, काल्काजी, नई दिल्ली/24 सितम्बर, 2020 | 30-11-2019 रू. 40,93,051/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | सतीश चंद/वेद कुमारी/ एलबीडीईएल00004581237 एलबीजीयूआर0001742293/ एलबीजीयूआर00001758042 | 22, भू तल, ब्लॉक बी-3, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली/25 सितम्बर, 2020 | 22-02-2020 रू. 19,04,011/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | मंजू ग्रोवर एवं हरीश ग्रोवर/ एलबीडीईएल00004918248 | सम्पत्ति सं. 14, तृतीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक-बी, पाकेट-3, सेक्टर-17, रोहिणी, दिल्ली/25 सितम्बर, 2020 | 22-02-2020 रू. 22,20,865/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | आरती पाठक एवं राम प्रकाश/ एलबीडीईएल00002364330 | फ्लैट नंबर 31, द्वितीय तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट, पाकेट-2, सेक्टर-34, ब्लॉक सी-9, रोहिणी, दिल्ली/25 सितम्बर, 2020 | 31-10-2019 रू. 12,04,136/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | नीरज चौहान एवं अरूण चौहान/ एलबीएनओडी00001430948 | प्लॉट नंबर ए-489, ब्लॉक-ए, सेक्टर-47, नोएडा/26 सितम्बर, 2020 | 31-01-2020 रू. 19,07,066/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 30-09-2020
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

न्यूयार्क टाइम्स के खुलासे के बाद कई विशेषज्ञों की राय

# ‘कम टैक्स चुकाने के लिए ट्रंप ने आजमाए पैंतरे’

● **विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका ऐसे तरीके धनाड्य में आम हैं**



एपी। वाशिंगटन

**टैक्स** देने से बचने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो तौर-तरीके और गुर आजमाए वे आश्चर्यजनक रूप से प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारियों और अभिजात्य अमेरिकी धनाढ्यों में आम हैं। इसके बावजूद ट्रंप ने इन तौर-तरीकों को उनकी अंतिम सीमा तक इस्तेमाल किया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रविवार को रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों का यही कहना है। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2016 और 2017 में ट्रंप ने सिर्फ 750-750 अमेरिकी डॉलर का कर चुकाया। इतना ही नहीं खबर में कहा गया कि ट्रंप ने 18 साल में से 11 साल एक अधेला भी कर के तौर पर नहीं चुकाया। हालांकि ट्रंप की ओर से ऐसी खबरों का खंडन किया जा चुका है। इंस्टीट्यूट ऑन टैक्सेशन ऐंड इकोनोमिक पालिसी में संघीय कर नीति के निदेशक स्टीव वेमहॉफ ने कहा, ट्रंप ने जो चीजें कीं वो विशुद्ध रूप से अमीर व्यापारी लोग करते हैं और खास तौर पर अमीर रियल एस्टेट डेवलपर्स। वेमहॉफ ने कहा, इसके बावजूद ट्रंप दावा करते हैं कि कर संहिता में उपलब्ध विशेष गुंजाइशें और कमियां कभी-कभी उन्हें बस एक बिल्कुल नए स्तर तक ले जाती हैं। अमेरिकी कर कानून काफी समय से बड़े रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रति नरम रहा है। वह उन्हें ऐसे मौके देता है कि वे अपनी करदेयता को काफी कम कर सकते हैं। ट्रंप के रिपब्लिकन सहयोगियों द्वारा 2018 मे संसद में 1.5 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का कर सुधार किया गया। इससे रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रति कर कानून और नरम हो गया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने 2000 से 2017 तक ट्रंप के कर भुगतान की जांच की थी इसलिए उसकी खबर में 2018 के कानून के प्रभावों को दर्ज नहीं किया गया। टैक्स एनालिस्ट के मुख्य अर्थशास्त्री मार्टिन सूलीवन कहते हैं, रियल एस्टेट कारोबारियों के लिए पांच साल पहले के मुकाबले अब करदेयता से बचना ज्यादा आसान हो गया है।

अमेरिका में 2018 के कानून से पहले भी अन्य कारोबार के मुकाबले रियल एस्टेट का कारोबार करने वाले ज्यादा तेजी और सुगमता से नुकसान का दावा कर सकते थे और कहीं ज्यादा आसानी से आंतरिक राजस्व सेवा के पास अपने लाभ दर्ज कराने से बच सकते थे। भले ही वे कर्ज चुकाने में पीछे रह जाते हैं और अगर उनके देनदार उनके कर्ज माफ कर देते हैं तो भी उन्हें अन्य निवेशकों के मुकाबले कम कर दंड चुकाना होता है। ट्रंप ने 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में अपने अटलांटिक सिटी कैसीनो के नहीं चलने पर कर चुकाने में नाकाम रहने पर कर व्यवस्था की इन कमियों का पूरा फायदा उठाया था। विशेषज्ञ कहते हैं कि वह भी तब जब यह स्पष्ट नहीं है कि उनके सभी क्रियाकलाप विधिमान्य थे या नहीं। वेमहॉफ ने कहा, ट्रंप ने काफी चीजें की हैं जो हो सकता है उस सीमा से ज्यादा हों जिनकी इजाजत कानून देता है।

## संयुक्त अरब अमीरात 2024 में चांद पर मानव रहित अंतरिक्ष यान भेजेगा

एपी। दुबई

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) 2024 में चांद पर एक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजेगा। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंगलवार को ट्विटर पर, चांद पर अंतरिक्ष यान भेजने की घोषणा की। इस साल के शुरू में यूएई ने मंगल मिशन की शुरुआत की थी जिसके बाद अल मकतूम की यह घोषणा आई है।अल मकतूम ने कहा कि यान का नाम उनके दिवंगत पिता राशिद के नाम पर होगा। अगर 2024 में, यूएई को कामयाबी हासिल होती है तो वह अमेरिका, सोवियत संघ और चीन के बाद चौथा देश होगा। भारत ने भी कोशिश की थी, लेकिन वह नाकाम रहा था। इसी तरह इजराइल और जापान भी असफल हुए थे।



इराक के बगदाद शहर में एयरपोर्ट पर हुए रॉकेट हमले मारे गए पांच लोगों के अंतिम संस्कार में भाग लेते लोग

## शांति समझौते से ज्यादा, तालिबान और पाक की अंतरराष्ट्रीय बलों की वापसी में रुचि

संवाददाता। वाशिंगटन

● **पाक के पूर्व राजनियक की चेतावनी शांतिवार्ता विफलता की ओर अग्रसर**

**पाकिस्तान** के एक पूर्व राजनयिक ने कहा कि शांति समझौते से ज्यादा पाकिस्तान और तालिबान की रुचि अफगानिस्तान से अंतरराष्ट्रीय बलों की वापसी में है और साथ ही चेतावनी दी कि दोहा में चल रही मौजूदा शांति वार्ता विफलता की तरफ बढ़ रही है।

अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने सोमवार को कहा, मैं बातचीत के नतीजों को लेकर बहुत आशान्वित नहीं हूं। अमेरिका ने सारी प्रमुख रियायतें सामने रख दी हैं। तालिबान जानता है कि अमेरिका अफगानिस्तान से निकलना चाहता है। वो इसे देख सकते हैं इसलिए विदेशी बलों की वापसी और उसके बाद यथास्थिति को लेकर बातचीत कर रहे है, जब वे अफगानिस्तान पर उसके इस्लामी अमीर के तौर पर शासन करेंगे। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं रक्षा समिति के समक्ष डिजिटल रूप से बयान देते हुए हक्कानी ने कहा कि यह अफगानिस्तान के बाकी लोगों को मंजूर नहीं होगा।

तालिबान के साथ अमेरिका की बातचीत की तुलना वियतनाम युद्ध के बाद पेरिस शांति वार्ता से करते हुए उन्होंने कहा कि हेनरी किसिंगर ने कहा था कि वह अमेरिकी सैनिकों की वापसी और दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार को गिराए जाने के बीच ठीक-ठाक अंतराल चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की सरकार दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार से ज्यादा मजबूत साबित हो सकती है और वह भारत समेत अन्य देशों की मदद से बहुपक्षीय अफगानिस्तान के लिए लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बलों की वापसी अमेरिका की उस प्रवृत्ति का परिचायक है कि ज्यादा लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में उसकी रुचि खत्म होने लगती है।

हक्कानी ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप परिणाम की परवाह किए बिना बलों की वापसी चाहते हैं। अगर यह होता है तो पाकिस्तान के समर्थन से काबुल में तालिबान के आने की संभावना ज्यादा है। क्योंकि यह लगता नहीं कि अफगानिस्तान के लोगों को तालिबान की सत्ता में वापसी मंजूर होगी, ऐसे में एक बार फिर वहां गृहयुद्ध हो सकता है।

## न्यायाधीश नियुक्त करने के ट्रंप के प्रयास न हों निराश: हैरिस

एपी। रेलीघ (अमेरिका)

**अमेरिका** में उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने सोमवार को मतदाताओं से चुनाव से पहले सर्वोच्च अदालत की सीट भरने के रिपब्लिकन सरकार के प्रयासों से निराश नहीं होने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपाब्लिकन पार्टी का मकसद लोगों को यह महसूस कराना है कि उनके वोट मायने नहीं रखते हैं।

हैरिस ने कहा, हम हार नहीं मानेंगे और हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, हम उस बीमारी को नहीं फैलने देंगे जिसको राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद और कांग्रेस में फैलाने की कोशिश की है, जिसने हमारी राजनीति को अपंग बना दिया है और अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। ट्रम्प अब यह बीमारी यूनाइटेड स्टेट्स सुप्रीम कोर्ट में भी फैला रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उत्तरी कैरोलिना में की है। गौरतलब है कि इसी महीने न्यायमूर्ति रूथ बेडर गिन्सबर्ग की मृत्यु के बाद सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश की एक सीट खाली हो गई। डेमोक्रेट की ओर से चुनावी मैदान में उतरी हैरिस सीनेट की न्यायिक समिति की सदस्य भी हैं जिसके तौर पर वह न्यायाधीश के पद के लिए नामित उम्मीदवारों की जांच में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएगी।

उम्मीद की जा रही है कि चुनाव की तारीख से लगभग तीन सप्ताह पहले 12 अक्टूबर को समिति ट्रम्प द्वारा नामित एमी कोनी बैरेट के लिए प्रक्रिया शुरू करेगी। राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन और उनकी सहयोगी हैरिस का कहना है कि सीट तब तक नहीं भरी जानी चाहिए जब तक अमेरिकी अपना अगला राष्ट्रपति नहीं चुन लेते।

## डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में अमेरिका में सिख सुरक्षित हैं : ढिल्लो

भाषा। वाशिंगटन

● **बाइडेन पर लगाया मनोबल गिराने का आरोप**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के अधीन सिखों के सुरक्षित होने का दावा करते हुए एक प्रमुख सिख-अमेरिकी समूह के नेताओं ने आरोप लगाया कि बाइडेन अभियान समुदाय का मनोबल गिराने और उसे हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है।

जो बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। सिख-अमेरिकी वकील और ट्रम्प के वकीलों में से एक (को-चेयर) हरमीत ढिल्लों ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और स्वाधीनता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल के कारण इतने सारे सिख युवा आज अमेरिकी सेना में अपनी पगड़ी और दाढ़ी के साथ सेवा दे रहे हैं। ट्रम्प अभियान से जुड़े सिखों में से एक (को-चेयर) जसदीप सिंह ने बताया कि समुदाय के सदस्य पहले कभी इतने सुरक्षित नहीं थे, जितने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन के अधीन हैं। उन्होंने कहा, हम योद्धा समुदाय हैं, हमें कोई परेशान नहीं कर सकता। ऐसा कहकर (कि सिख समुदाय अमेरिका में सुरक्षित नहीं है) बाइडेन अभियान दल हमारा मनोबल तोड़ने और हमें हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है। बाइडेन अभियान ने अमेरिका में सिख समुदाय के समक्ष पेश हो रही ज़ेनोफोबिया (दूसरे देश के लोगों को नापसंद करना) सहित अनेक चुनौतियों का समाधान करने का संकल्प किया है।

सिंह ने दावा किया कि बाइडेन-हैरिस प्रशासन सिख विरोधी होगा।अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसमें राष्ट्रपति पद के लिए ट्रम्प तथा बाइडेन और उप राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस और माइक पेंस के बीच मुकाबला है।

सिंह ने कहा कि हैरिस कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल में अपने कार्यकाल के दौरान सिख व्यक्ति त्रिलोचन सिंह ओबराय की नौकरी के खिलाफ थीं, जिन्होंने अपनी दाढ़ी हटाने से मना कर दिया था।उन्होंने कहा, हैरिस ने उन्हें दाढ़ी हटाने को कहा था और उनसे धर्म तथा आजीविका के बीच एक का चयन करने को कहा था। भारतीय मूल की होने के बावजूद, वह सिख विरोधी हैं। सिंह ने कहा, हम जो बाइडेन या कमला हैरिस का समर्थन नहीं कर सकते। वे सिखों के लिए सही नहीं हैं।




मनीला में मलकानंग प्रेसिडेंशियल फोटोग्राफर्स डिवीजन की ओर से जारी फोटो में फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते महल में हुए संक्रामक रोगों पर अधिकारियों से बात करते हुए

## सिंगापुर में कोरोना के 27 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में मंगलवार को कोविड -19 के 27 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 57,742 पहुंच गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को 26 लोगों को इस बीमारी से स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। देश में इस बीमारी से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 57,393 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में इस समय 36 मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 259 मरीज सामुदायिक केन्द्रों में पृथक-वास में है।सिंगापुर में कोविड-19 पाबंदियों में कुछ छूट दी गई है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, प्रायोगिक आधार पर कुछ प्रार्थना स्थलों पर 250 लोगों के साथ सेवाएं फिर से शुरू हो सकती है।

## ट्रंप को रिसिन भेजने वाली महिला की जमानत याचिका खारिज

संवाददाता। बफ़ेलो (अमेरिका)

**व्हाइट** हाउस में डाक से जहर रिसिन भेज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए खतरा उत्पन्न करने के मामले में आरोपी एक महिला को यहां की अदालत ने सोमवार को जमानत देने से इनकार कर दिया।

बफ़ेलो के न्यायाधीश ने वाशिंगटन, डी.सी. में एक अभियोग के आधार पर इसे एक बहुत गंभीर मामला बताया। मॉन्ट्रियल उपनगर की पास्कल फेरियर (53) को पिछले सप्ताह फोर्ट एरी, ओंटारियो और बफ़ेलो के बीच एक सीमा पार कर अमेरिका में दाखिल होते समय गिरफ्तार किया गया। उसके वकील ने सोमवार को उनके दोषी नहीं होने की दलील दी।अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश एच. केनेथ श्रोएडर जूनियर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की हत्या के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या के प्रयास करने के कई मामले सामने आए हैं। फेरियर, राष्ट्रपति और अन्य लोगों के लिए एक खतरा है।

उन्होंने एक पत्र भी पढ़ा जो अभियोजकों के मुताबिक फेरियर ने जहर भेजने के साथ ट्रंप को लिखा था जिसमें उसने कथित तौर पर धमकी दी थी कि वह उनके राष्ट्रपति पद के लिए चलाए जा रहे अभियान को रोकने के लिए और खतरनाक जहर या फिर अपनी बंदूक का इस्तेमाल करेगी।

महिला के पास कनाडा और फ्रांस की नागरिकता है। उन्होंने उस पर मामला चलाने के लिए उसे वाशिंगटन भेजने का आदेश भी दिया। जहरीले पदार्थ से भरा एक लिफाफा और एक धमकी भरा पत्र व्हाइट हाउस भेजा गया था लेकिन उसे 18 सितम्बर को पत्रों की छंटाई करने वाली सेवा ने ही रोक लिया था। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था।

## हत्या की साजिश में तीस साल की सजा

**बोस्टन (अमेरिका)।** ब्लॉगर पामेला गेलर की सिर काटकर हत्या करने की साजिश रचने के दोषी एक व्यक्ति को दूसरी बार सोमवार को 30 साल कारावास की सजा सुनाई गई। यह शख्स इस्लामिक स्टेट समूह की ओर से यह साजिश रच रहा था। डेविड दाउद राइट को इससे पहले 2017 में 28 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन पिछले साल एक अपीलीय अदालत द्वारा उसके दोषीसिद्धी के एक फैसले को पलट देने के बाद बोस्टन के एक दूसरी संघीय अदालत के न्यायाधीश ने उसे फिर से सजा सुनाई। राइट को आतंकवादी कृत्यों की साजिश रचने और अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है। बोस्टन के उत्तर में स्थित एवरेट के रहने वाला राइट पहले ही टेक्सास के गारलैंड में 2015 में पैगंबर मुहम्मद पर कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले गेलर की हत्या करने की साजिश रचने के सिलसिले में पहले ही लगभग पांच साल कैद की सजा काट चुका है।

## वर्जीनिया से लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के उम्मीदवारों की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी उद्योगपति

● **अहलूवालिया रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार**

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय** मूल के अमेरिकी उद्योगपति पुनीत अहलूवालिया वर्जीनिया से लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में शामिल हो गए हैं। आशा, विकास और अवसर के संदेश के साथ वह अपना चुनाव अभियान चला रहे हैं।

पुनीत आहलूवालिया (55) ने पिछले सप्ताह इस पद के लिए दावेदारी पेश करते हुए कहा था, वर्जीनिया अभी मुश्किल में है और समय निकलता जा रहा है क्योंकि डेमोक्रेट पार्टी वहीं पुराने वादे ही कर रही है। उन्होंने कहा, मेरा अभियान वर्जीनिया में हर व्यक्ति, हर परिवार और हर समुदाय के लिए आशा, विकास और अवसर का संदेश लेकर आएगा।

दिल्ली में जन्मे आहलूवालिया 1990 में अमेरिका चले गए थे। उनकी पत्नी नाडिया मूल रूप से अफगानिस्तान की हैं। उन्होंने कहा, एक प्रवासी होने की वजह से, मेरा और मेरी पत्नी का जन्म अमेरिका में नहीं हुआ था। हमने अच्छे कारणों के चलते अमेरिकी बनने का फैसला किया। मैं कोई राजनेता नहीं हूं। मैं एक गौरवान्वित अमेरिकी हूं।

आहलूवालिया ने कहा, मैं अमेरिका और वर्जीनिया करीब 30 साल पहले आया था। मेरी पहली नौकरी खुदरा दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान देना था और फिर मैंने व्यवसाय शुरू किया और दूसरों के लिए नौकरी तथा अवसरों का सृजन किया। आज मैं ग्राहक अभिग्रहण, विपणन और रणनीतिक मामलों पर अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों के लिए एक सलाहकार के रूप में काम करता हूं।

अहलूवालिया उत्तरी वर्जीनिया रिपब्लिकन बिजनेस फोरम के लिए काम करते हैं और रिपब्लिकन पार्टी की स्थानीय इकाई के सक्रिय सदस्य हैं।

## कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 10 लाख

**बाल्टीमोर (अमेरिका)।** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना वायरस महामारी से मरने वालों की संख्या मंगलवार को 10 लाख हो गई। महामारी से रोजाना औसतन 5000 लोगों की मौत हो रही है। उसके अनुसार इससे सबसे अधिक करीब 2,05,000 लोगों की मौत अमेरिका में हुई है। अमेरिका के बाद ब्राजील में करीब 1,42,000 और तीसरे नंबर पर भारत में 95 हजार से अधिक लोगों की मौत वायरस से अभी तक हो चुकी है। इनके बाद इस सूची में मेक्सिको चौथे स्थान पर है, जहां 76,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है।विश्वविद्यालय के अनुसार वायरस से अभी तक 10 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। इसने एड्स से हर साल होने वाली मौत के आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले साल करीब 6,90,000 था। वायरस का पहला मामला चीन के वुहान शहर में 2019 के अंत में सामने आया था, जहां इससे पहली मौत जनवरी में हुई थी। मिशिगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. होवार्ड मर्केल ने कहा, यह सिर्फ एक संख्या नहीं है। यह लोग हैं। यह वे लोग हैं, जिन्हें हम प्यार करते थे। यह हमारे भाई, हमारी बहनें हैं। ए वे लोग हैं, जिन्हें हम जानते थे। उन्होंने कहा, अगर आप मानवीय पहलू का सामना नहीं करते तो आपके लिए अमूर्त बनना बहुत आसान है।




न्यूयार्क शहर के एक स्कूल का दृश्य, जहां पर एक परिवार अपने बच्चे को स्कूल भेजने आया है

# ट्रेंड बाजार

## तल्ख रिपोर्टिंग की फरहान अख्तर ने आलोचना की




**अभिनेता** और गायक फरहान अख्तर ने यहां समाचार रिपोर्टिंग के तीखे होने की आलोचना की। उन्होंने अपने एक ट्वीट में कहा, 'लता जी के जन्मदिन और शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक और अच्छा समाचार है। मैं आशा करता हूं कि प्रश्नगत शीर्ष ब्रांड्स तीखी पत्रकारिता और समाचार रिपोर्टिंग के बारे में अपनी चिंता के अनुसार ही कार्य करेंगे।'

उनका ये ट्वीट उस रिपोर्ट पर उनकी प्रतिक्रिया था जिसमें कहा गया था, 'देश के शीर्ष ब्रांड्स समाचार चैनलों से विषाक्त होने से बचने का आग्रह करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि वे विज्ञापन देने के बारे में भी पुनर्विचार कर सकते हैं।'


### ड्रग्स विवाद पर सोना महापात्रा का तंज

## पुरुष केवल दूध बिस्कुट से ही काम नहीं चलाते



**गायिका** सोना महापात्रा का कहना है कि 'इस ड्रग संबंधी वाद-विवाद का तभी कोई अर्थ होगा जब वे वास्तविक ड्रग कार्टेल और आपूर्तिकर्ताओं तक पहुंचने में समर्थ हो जाएं। ये देखकर भी आश्चर्य होता है कि यहां भी महिला स्टार्स ही चर्चा में हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म इंडस्ट्री में पुरुष केवल दूध और बिस्कुट से ही काम चलाते हैं। लेकिन मैं साफकर दूं कि मैं किसी भी स्टार के लिए आंसू नहीं बहाने वाली।'

## टाइगर ने प्रशंसकों को दिखाई अपनी सिग्नेचर लाइंग किक



बॉलिवुड स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपने प्रशंसकों को इंस्टाग्राम पर अपने एक वीडियो से आश्चर्य में डाल दिया। इस वीडियो में हाल ही में चोट लगने के बाद वो पहली बार अपनी सिग्नेचर लाइंग किक लगाते दिखाई दे रहे थे। अपने एक पोस्ट में उन्होंने कहा, 'चोट लगने के बाद पुन: ऐसा करना अच्छा लग रहा है। आशा है आपका सप्ताह अच्छा गया होगा और आपने अविश्वसनीय बातों को विश्वसनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी होगी।'

हाल ही में टाइगर, जिन्हें उनकी शारीरिक फिटनेस के लिए जाना जाता है, ने अपने सुगठित शरीर को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को दिखाया था।'

## पालोमा फेथ पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर



हाल ही में हॉलिवुड सिंगर पालोमा फेथ जो दूसरी बार गर्भवती हैं, चिंता और अवसाद जैसे विषय पोस्टपार्टम डिप्रेशन को लेकर मुखर हुई हैं। ये अनुभव उन्हें अपने पहले बच्चे के जन्म के समय लगभग तीन साल पहले हुआ था। उन्होंने लिखा, 'मेरे पहले बच्चे के समय मुझे ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा था। ऐसे में अब मैं चाहती हूं कि इस बार मेरे आस पास ऐसे लोग रहें जिन्हें इस विषय के बारे में जानकारी हो। मुझे तो पता ही नहीं चला कि मैं उस समय इतनी बीमार थी लेकिन जब तक मैंने जाना मैं इससे बाहर आ चुकी थी। ये कठिन होता है क्योंकि आपको लगने लगता है कि क्या आप अब कभी दुबारा प्रसन्न हो भी पाएंगे या नहीं।'

# 'मैं वेब सीरीज़, थियेटर और फिल्में, सब कर सकती हूं'

**शीन दास एसईटी चैनल पर आने वाले शो इंडिया वाली मां, मं चिनम्मा का चरित्र कर रही हैं। पायनियर संवाददाता मुज़्बा हाशमी के साथ एक बातचीत में उन्होंने अपनी भूमिका, अभिनय क्षेत्र में आने और किस प्रकार वो हर फिल्म को देखने के बाद अभिनेता और निर्देशक को सोशल मीडिया पर वो फॉलो करती हैं, आदि विषयों पर अपनी राय व्यक्त की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...**



**■ आपके शो इंडिया वाली मां, में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें चिनम्मा बनी हूं जो मंगलोर की एक लड़की होती है। वो रोशन की गर्लफ्रेंड है। वे अमेरिका चले गए थे और अब भारत वापस आने के बारे में सोच रहे हैं। वो रोहन को चाहती है और उसके बिजनेस में योगदान देना चाहती है। उसके ऊपर बचपन से ही कई जिम्मेदारियां रही हैं। बचपन में ही उसकी मां गुजर गईं और उसे निश्छल प्यार अनुभव करने को नहीं मिला। उसे तब आश्चर्य होता है जब कोई निस्वार्थ प्यार करता है और त्याग भी रकता हो। यद्यपि उसके पिता उसे प्यार करते हैं लेकिन वो उससे परिवार की परंपराओं के अनुसार चलने का आग्रह करते हैं। लेकिन वो अब अपने जीवन में अपने निर्णय के अनुसार चलना चाहती है। वो निस्वार्थ प्यार को अनुभव करना चाहती है।

**■ आपने ये चरित्र क्यों करना स्वीकार किया?**

मैं अक्षय के साआथ पहले भी काम कर चुकी हूं। तो जब मैंने उससे इस प्रोजेक्ट के बारे में सुना कि उसने इसे साइन किया है तो मुझे भी ये रोचक लगा। इसकी कहानी ऐसी है कि किसी को भी ये अच्छी लगेगी। आजकल हम सभी अपने माता-पिता और उनके द्वारा हमारे लालन-पालन में किये गए प्रयासों के प्रति कृतघ्न हो चुके हैं। ऐसे परिदृश्य में ये शो एक अलग संदेश देता है और मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व होता है। ये शो एक प्रकार से भारतीय मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**■ अभिनय के क्षेत्र में आने के बारे में आपने कब सोचा?**

मैं सदा से इस क्षेत्र में आना चाहती थी। लेकिन प्रारंभ में मैंने इसे गंभीरता के साथ नहीं लिया। मेरे परिवार से कोई भी इस क्षेत्र में नहीं था अत: मुझे किसी प्रकार को कोई अनुमान नहीं था कि इस क्षेत्र में आने के लिए क्या करना होता है। एक संयोग के कारण ही मैं इसमें आ गई। मैं दिल्ली में एक बैंक में काम करती थी और एक प्रोजेक्ट में छोटा सा रोल करने को मिला। फिर लोग मुझे कुछ और प्रोजेक्ट के लिए अनुशंसा करने लगे फिर मैने ऑडिशन देना प्रारंभ कर दिया। मेरे लिए ये एक श्रंखला जैसी बनती गई।

**■ आपका परिवार आपका कितना समर्थन करता है?**

मेरा परिवार सदा से मेरा समर्थन करता रहा है। उन्होंने कभी हमपर दबाव नहीं बनाया कि हमें क्या करना और क्या नहीं करना है। उन्होंने मुझे और मेरी बहन को अपनी इच्छा के अनुसार कॅरियर चुनने की स्वतंत्रता दी। यदि मेरे परिवार से इस क्षेत्र में कोई होता तो मुझे कुछ सलाह अवश्य मिली होती । लेकिन ऐसा था नहीं। मुझे अपने प्रयासों से ही चलना था। लेकिन परिवार ने मुझे किसी भी काम को करने से रोका नहीं।

**■ क्या इस क्षेत्र में आने से पहले किसी प्रकार की आशंका थी?**

जी हां, थीं। लेकिन आपको धीरे धीरे अनुभव होता जाता है कि हर कला के क्षेत्र में निश्चितता कम होती है। तो या तो आप किसी स्थायी जॉब को करें या फिर वो करने के लिए जोखिम ले जो आप करना चाहती हैं ये आपको ही तय करना होता है।

**■ आपको किस प्रकार की भूमिकाएं आकर्षित करती हैं?**

ऐसी कई भूमिकाएं हैं जो मुझे अच्छी लगती हैं। टीवी में अब बदलाव आ रहा है और कई अच्छे शो प्रारंभ हुए हैं उनमें अच्छे रोल मिल रहे हैं। तो मैं ऐसे शोज़ का हिस्सा बनना पसंद करूंगी जो अलग प्रकार के हों।

**■ क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म में जाने की भी इच्छा है?**

जी हां, आज कई प्लेटफॉर्म हैं और अभिनय करने वालों के लिए कई विकल्प हैं। मैं हर क्षेत्र को देखना चाहती हूं। मैंने आजतक अधिक काम नहीं किया है तो ये मेरे लिए प्रारंभ करने जैसा होगा। मैं वेब सीरीज़, थियेटर और फिल्में भी कर सकती हूं।

**■ क्या आप किसी विशेष अभिनेता या निर्देशक के साथ काम करने की इच्छा रखती हैं?**

जी हां, लेकिन किसी एक का नाम लेना कठिन होगा। जब भी मैं कोई फिल्म देखती हूं तो उस अभिनेता या निर्देशक को इंस्टाग्राम पर फॉलो करती हूं और उनके काम को देखती रहती हूं।

**■ स्वयं को टीवी पर देखकर क्या आज भी आप उतनी ही उत्साहित होती हैं?**

जी हां, ये मेरे साथ हर बार होता है जब मैं कुछ नया करती हूं। जब भी में सेट पर होती हूं तो नर्वस हो जाती हूं और उत्साहित भी। लेकिन कुछ सीन करने के बाद मैं सामान्य भी हो जाती हूं।



## गूगल ने डूडल बनाकर जोहरा सहगल को किया याद

भाषा। मुंबई

**गूगल** ने दिवंगत अदाकारा एवं नृत्यांगना जोहरा सहगल को मंगलवार को विशेष डूडल बनाकर श्रद्धांजलि दी। जोहरा सहगल की फिल्म नीचा नगर 1946 में आज ही दिन कान्स फिल्म समारोह में रिलीज हुई थी। गूगल के अनुसार यह पहली भारतीय फिल्म थी जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिली थी।डूडल में वह मणिरत्नम द्वारा निर्देशित फिल्म दिल से के गीत जिया जले की नृत्य मुद्रा में दिखाई देती हैं। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 27 अप्रैल, 1912 को एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में जन्मीं सहगल उत्तराखंड के चकराता में पली-बढ़ीं और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए लाहौर भेजा गया। सहगल ने नृत्यांगना के रूप में अपने करियर की शुरुआत 1935 में उदयशंकर के साथ की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ अंग्रेजी

**उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 27 अप्रैल, 1912 को एक पारंपरिक मुस्लिम परिवार में जन्मीं सहगल उत्तराखंड के चकराता में पली-बढ़ीं और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए लाहौर भेजा गया।**

भाषा की फिल्मों के अलावा टेलीविजन धारावाहिक और नाटकों में भी काम किया। उन्होंने इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) और पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर के साथ 14 साल तक काम किया। वह 1962 में एक नाट्य छात्रवृत्ति पर लंदन चली गईं और ब्रिटेन में "डॉक्टर हू तथा "द ज्वेल इन द क्राउनै जैसे टेलीविजन कार्यक्रमों में काम करने के बाद अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। सहगल 1990 के मध्य में भारत लौट आईं और रंगमंच तथा बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय जारी रखा। उन्होंने चीनी कम , दिल से , वीर जारा और हम दिल दे चुके सनम जैसी फीचर फिल्मों में काम किया। उनकी अंतिम बड़ी फिल्म 2007 में आई संजय लीला भंसाली की फिल्म सावरिया थी। सहगल को कला और सिनेमा में उनके योगदान के लिए पद्म श्री (1998), कालिदास सम्मान (2001) और पद्म विभूषण (2010) से सम्मानित किया गया। वर्ष 2014 में 102 साल की उम्र में दिल्ली में उनका निधन हो गया।

## सनी कौशल ने 'तारों के शहर' वीडियो से किया पदार्पण



वर्ष 2019 में भूषण कुमार ने विकी कौशल के साथ एक चार्टबस्टर गाना 'पछताओगे' बनाया था और आज तक इसे यूट्यूब पर 450 मिलियन व्यूज़ मिल चुके हैं। एक ही साल बाद टी-सीरीज़ ने सनी कौशल को एक और संगीत वीडियो के लिए साइन किया है। इसका शीर्षक है 'तारों के शहर' और ये सिंगल गीत है। इसमें उनके साथ नेहा कक्कड़ हैं। जब आप कलाकारों की बात करें तो नेहा कक्कड़ ने कई सुपर हिट गीत गाए हैं और यूट्यूब, स्ट्रीमिंग साइट तथा सोशल मीडिया पर वो आज भी ट्रेंड करती हैं। लेकिन इस वीडियो 'तारों के शहर' में लोगों को नेहा का एक दूसरा पक्ष देखने को मिलने वाला है। दूसरी ओर सनी को भी रफएंड टफस्टाइल में पहली बार देखा जाएगा। इसमें उनके लंबे बाल और स्टाइल भी अलग है। लोगों को उनकी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री भाएगी ऐसा निर्माताओं को भरोसा है। नेहा कक्कड़ और जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया ये रोमांटिक गीत जानी ने लिखा और संगीतबद्ध किया है।

सनी ने अपने ट्वीट में लिखा, 'जब भूषण सर ने मुझे गाने के लिए बुलाया तो मैं टी-सीरीज़ से जुड़ने पर अत्यंत प्रसन्न था। लेकिन इसे सुनने के बाद तो मैंने इसके लिए तुरंत सहमति दे दी। नेहा और जुबिन ने ये गाना इतना सुंदर गाया है कि आप इसमें खोए बिना नहीं रह सकते। मैं जानी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं और उनके गाने से जुड़कर आप समझ नहीं सकते कि मैं कितना आनंदित अनुभव कर रहा हूं।' गायिका नेहा भी जानी से दुबारा जुड़कर प्रस्तुति दे रही हैं उन्होंने कहा, 'जानी की ये रचना अत्यंत सुंदर बन पड़ी है। ऐसा गीत लोग काफी समय के बाद सुन रहे होंगे। इस गाने के बारे में भूषण सर की दृष्टि अप्रतिम है। मैं सनी के साथ इसमें आने से अत्यंत प्रसन्न हूं। मैं और जुबिन इसे शानदार बनाने में कोई कसर नहीं रखेंगे। अरविंद्र खेड़ा सर, जो हमारे निर्देशक हैं ने इस वीडियो को अद्भुत बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है।'

## अफताब शिवदसानी कोरोना संक्रमण से उबरे

**मुम्बई।** अभिनेता अफताब शिवदसानी ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 संक्रमण से उबर गए हैं। वह 11 सितंबर को इस वायरस से संक्रमित पाए गए थे। उन्होंने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को मेरा अभिवादन, मैं आप सभी से यह सूचना साझा करते हुए खुश एवं राहत महसूस कर रहा हूं कि मैंने फिर कोविड जांच कराई और ईश्वर की कृपया से रिपोर्ट निगेटिव आई। मैं आप सभी को समर्थन एवं शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। शिवदसानी (42) ने कहा, कृपया जान लीजिए कि इस बीमारी का इलाज संभव है और 20 फीसद से भी कम मरीज गंभीर होते हैं और उन्हें अस्पतालों में भर्ती करने की जरूरत होती है। ज्यादातर लोग घर में ही दवा से ठीक हो जाते हैं, इसलिए दुर्भाग्य से आप यदि इसकी गिरफ्त में आ जाते है तो भी घबराइए मत। उन्होंने लिखा, मैं एक बार फिर विनम्र अनुरोध करता हूं और महामारी के खत्म होने तक एक दूसरे से दूरी बनाकर रखने, मास्क लगाने और सैनेटाईजर के इस्तेमाल का महत्व दोहराता हूं। सुरक्षित रहिए एवं अपने प्रियजन को सुरक्षित रखिए।



## आदित्य चोपड़ा ने फिल्म उद्योग का आभार जताया



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के 50 साल पूरे होने के अवसर पर फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा ने भारतीय सिने उद्योग की स्वागत करने की परंपरा को इस फिल्म प्रोडक्शन कपंनी की सफलता का श्रेय दिया। यश राज फिल्म्स स्टूडियो की स्थापना उनके पिता यश चोपड़ा ने 1970 में की थी। यशराज फिल्म्स के इन पांच दशक के सफर को रेखांकित करने के लिए आदित्य चोपड़ा ने एक विशेष नोट लिखा और कहा कि स्टूडियो के आज भी प्रासंगिक होने की वजह इस सफर में साथ रहे अभिनेता, निर्देशक, कोरियोग्राफर सहित हर सदस्य और दर्शक हैं। यशराज फिल्म्स की पहली फिल्म 1973 में आई राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर और राखी अभिनीत दाग: द पोयम ऑफ लव थी। यह एक निर्माता के रूप में यश चोपड़ा की पहली फिल्म थी। यश राज फिल्म्स ने अपने 25 वें वर्ष में 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे रिलीज की थी। फिल्मकार ने वाईआरएफ को अपनी महान विरासत का हिस्सा बनने का मौका देने के लिए फिल्म जगत को धन्यवाद दिया। यश राज फिल्म्स अनुष्का शर्मा, रणवीर सिंह, परिणीति चोपड़ा और अर्जुन कपूर जैसी नई प्रतिभाएं लेकर आया। वहीं, मनीष शर्मा, शरत कटारिया, विजय कृष्ण आचार्य और कानू बहल के जैसे निर्देशकों को भी पहला मौका दिया। स्टूडियो के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर फिल्म निर्माता ने बैनर का नया लोगो भी जारी किया।

## उत्तराखंड में फिल्मी हस्तियों का रुझान बढ़ा: भाग्यश्री

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री एवं उनके पति हिमालय दासानी ने भेंट की तथा प्रदेश में फिल्म सिटी के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई। भाग्यश्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्मी हस्तियों का रुझान बढ़ा है और राज्य में युवाओं को अगर फिल्म के क्षेत्र में



विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाएं तो वे इस क्षेत्र में अच्छा करियर बना सकते हैं। फिल्मकार दंपति ने जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग के मद्देनजर प्रदेश में उन्हें बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इस क्षेत्र में भी उत्तराखंड में काफी सम्भावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म सिटी बनाने के लिए भूमि तलाशी जा रही है।

उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के लिए भूमि अधिक चाहिए और वह स्थान हवाईअड्डे से भी कम दूरी पर होना चाहिए। रावत ने कहा कि यदि उत्तराखंड के युवाओं को यहां फिल्म के क्षेत्र में प्रशिक्षण मिलता है तो वे इस क्षेत्र में अच्छा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म सिटी बनने से लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

## कुमार सानू के पुत्र जान बिग बॉस में दिखेंगे



**मुंबई।** टीवी रियलिटी शो बिग बॉस में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे बॉलीवुड के गायक कुमार सानू के बेटे जान ने कहा है कि जब उन्होंने अपने पिता को पहली बार इस बारे में जानकारी दी तो वह हैरान रह गए थे। कलर्स चैनल पर आने वाले बिग बॉस के 14 वें सीजन में हिस्सा लेने वाले जान पहले ऐसे प्रतिभागी हैं, जिनके इसमें भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है। इस कार्यक्रम के प्रस्तोता सलमान खान हैं। जान ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब मैंने अपने पिता को अपने निर्णय के बारे में बताया तो वह हैरान थे। वह काफी देर तक चुप रहे। हम एक-दूसरे से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं सही मायने में इस शो के लिए तैयार हूं। जान ने कहा, बाद में वह खुश हो गए और मेरे निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने इसके लिए मुझे कुछ गुर भी सिखाए। उन्होंने कहा कि बिग बॉस में शामिल होने के प्रस्ताव को स्वीकार करने में उन्हें कोई झिझक नहीं हुई क्योंकि उभरती प्रतिभा के लिए यह बहुत बड़ा मंच है। जान ने कहा कि वह इस शो के प्रशंसक रहे हैं और पहले सीजन से ही इसे देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शो हम जैसे नए प्रतिभावान लोगों एवं प्रतिभागियों को जिस तरह का मंच मुहैया कराता है, उसका कोई जोड़ नहीं है। यह एक बहुत बड़ा अवसर है।